सूर्योदय 6:30 सूर्यास्त 5:38

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.6 न्यू | 23.3 अधि |
| धर्मशाला | 14.5 न्यू | 26.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79402.29 |
| निफ्टी | 24180.80 |
| सोना | 79,580 |
| चांदी | 99,623 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



किनवेन झेंग ने टोक्यो में खिताब जीता

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 28 अक्तूबर 2024 | 12 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 312, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




# आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून भी : मोदी

## कहा- देश में रचनात्मक ऊर्जा की लहर, एनिमेशन की दुनिया में छाया है 'मेड इन इंडिया'

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रविवार को मन की बात के 115 वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया। उन्होंने सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं, लेकिन उनका विजन एक ही था, 'देश की एकता'।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून भी है। एक जमाने में भारत मोबाइल फोन आयात करता था और आज वह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माता बन गया है। कभी दुनिया में सबसे ज्यादा रक्षा उपकरण खरीदने वाला भारत आज, 85 देशों को निर्यात कर रहा है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत आज, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना है। आत्मनिर्भरता का ये अभियान अब सिर्फ सरकारी अभियान नहीं है, अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन अभियान बन रहा है। हम हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है। एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति की राह पर है, जबकि गेमिंग स्पेस का भी यहां विस्तार हो रहा है और वह दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर हो रहा भारत, हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। देशवासियों से भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू जैसे एनिमेशन चरित्रों की लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देश के बच्चों को भी खूब आकर्षित करते हैं और इन्हें चाहने वाले भी दुनियाभर में हैं।

### 'मन की बात' का 115वां एपिसोड



### 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों पर जताई चिंता रुको, सोचो और एक्शन लो' का दिया मंत्र

**पीएम** मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए देशवासियों से 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र दिया। इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। डिजिटल अरेस्ट' के बारे में बताने से पहले इससे जुड़ा एक वीडियो दिखाया, जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि 'डिजिटल अरेस्ट' की घटनाएं कैसे होती हैं। उन्होंने बताया कि फ्रॉड करने वाले पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स या आरबीआई के अधिकारी बनकर लोगों को डराते हैं। इस खतरनाक खेल समझना और समझाना बहुत जरूरी है। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर धमकी नहीं देती, वीडियो कॉल पर पूछताछ नहीं करती, न पैसे मांगती है। अगर ऐसा है तो समझिए कुछ गड़बढ़ है। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें।

# मंडी के लचकंडी में कार खाई में गिरी, पांच युवकों की मौत

## शनिवार देर रात हुआ हादसा, शादी समारोह से लौट रहे थे वापस

कविता, पधर

**मंडी** जिले की चौहारघाटी के लचकंडी में एक मारुति कार शनिवार देर रात 700 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में चालक सहित पांच युवकों की मौत हो गई। कार में सवार सभी युवक बरोट में शादी समारोह में गए थे और देर रात को वापस घर लौटते समय उनकी कार हादसे का शिकार हो गई।

मृतकों की पहचान गुलाब सिंह (33) पुत्र सुंदर सिंह, सागर (15) पुत्र राज कुमार गांव धमच्याण, गंगा सिंह (27) पुत्र श्याम सिंह गांव बजौट, कर्म सिंह (33) पुत्र इंद्र सिंह गांव धमच्याण, राजेश कुमार (23) पुत्र बुद्धि सिंह गांव मठी बजगाण, मंडी जिले के रूप में हुई है। ग्रामीणों को इस हादसे का पता रविवार सुबह चला, जब एक भेड़पालक ने सड़क से करीब 700 मीटर नीचे खेतों में गिरी हुई कार को देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों को दी। पंचायत प्रतिनिधियों ने हादसे की सूचना टिक्कन पुलिस चौकी व 108 एंबुलेंस को दी। पुलिस की टीम ने शवों को स्थानीय लोगों की मदद से सड़क तक पहुंचाया। पुलिस व एंबुलेंस सेवा ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में भेजा है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और कहा कि मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता दी जाएगी। उधर, नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ललित जम्वाल ने भी दुख प्रकट किया है। (अनंत ज्ञान)



चौहारघाटी के लचकंडी में घटनास्थल पर एकत्रित हुए ग्रामीण और क्षतिग्रस्त वाहन।

### सीएम ने युवकों की मौत पर जताया शोक

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिले के बरोट के समीप लचकंडी में सड़क दुर्घटना में पांच युवकों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सुक्खू ने मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में 25-25 हजार रुपए प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़, 9 लोग घायल



**मुंबई।** मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह गोरखपुर जाने वाली एक ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की के दौरान मची भगदड़ में नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। सूत्रों के अनुसार, दिवाली और छठ के आगामी उत्सवों के मद्देनजर अपने घरों की ओर जाने की योजना बना रहे लोग बड़ी संख्या में बांद्रा टर्मिनल पहुंचे। जब अनारक्षित ट्रेन को एक प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा था तो कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े।

### पहले मिलिट्री एयरक्राफ्ट प्लांट का उद्घाटन आज

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी व स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज सोमवार को वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के टाटा एयरक्राफ्ट कांप्लेक्स का उद्घाटन करेंगे। टीएएसएल की ओर से इस फैक्टरी में 40 सी-295 एयरक्राफ्ट का उत्पादन किया जाएगा। यह भारत में मिलिट्री एयरक्राफ्ट के लिए पहली निजी असेंबली लाइन होगी।

### सांसद इंजीनियर राशिद की जमानत पर फैसला आज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट बारामूला सीट से सांसद इंजीनियर राशिद की नियमित जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुना सकता है। राशिद आतंकी फंडिंग मामले में जेल में बंद है। 10 सितंबर को इंजीनियर राशिद को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए जमानत मिली थी। इसके बाद उनके पिता की तबीयत खराब होने पर अंतरिम जमानत 28 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई थी।

### पाक ने चीन से मांगा 10 अरब युआन का और कर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने चीन से अतिरिक्त 10 अरब युआन (1.4 अरब डॉलर) का कर्ज मांगा है। पाकिस्तान पहले ही मौजूदा 30 अरब युआन (4.3 अरब डॉलर) की चीनी व्यापार सुविधा का उपयोग कर चुका है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में चीन के वित्त उप मंत्री लियाओ मिन से मुलाकात कर मुद्रा अदला-बदली करार के तहत सीमा को बढ़ाकर 40 अरब युआन करने का अनुरोध किया।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बागवानों से सीधे सेब खरीदने पर हुआ 90 हजार का जुर्माना -पेज 2
- मुख्यमंत्री सुक्खू ने रोते-रोते काटे दो साल: जयराम ठाकुर -पेज 3
- परागपुर के फूड इंस्पेक्टर पर ऑन ड्यूटी जानलेवा हमला -पेज 4
- पश्चिम बंगाल में शांति तभी संभव जब घुसपैठ पर लगेगी रोक: शाह -पेज 13
- भारत को जापान पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में 24 पदक -पेज 14

### राजनाथ तवांग में सैनिकों के साथ मनाएंगे दिवाली



**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 31 अक्तूबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में सैनिकों के साथ दिवाली मनाएंगे। रक्षा और सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, सेना ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। राजनाथ सिंह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों से बातचीत भी करेंगे। रक्षा मंत्री के तवांग में दौरे के दौरान अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और वरिष्ठ मंत्री चोवा मीन भी मौजूद रहेंगे।

# खत्म किए पदों की जगह रखेंगे जेओए आईटी : सुक्खू

आर मोहन चौहान, सोलन

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि खत्म किए पदों की जगह जेओए आईटी रखेंगे। विभागों से डाटा मांगा गया है। पत्रकारों के सवाल पर कहा कि पता नहीं बिजली बोर्ड के कर्मचारी आंदोलन क्यों कर रहे हैं, उनको अपने पैरों पर खड़ा होने की जरूरत है। कर्मचारियों की जो मांगे होंगी, उस पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

कर्मचारी हमारे परिवार के सदस्य हैं और उन्हें भी सोचना चाहिए पोस्ट बढ़कर फायदा है या अपने पैरों पर खड़ा होकर फायदा है। उन्होंने कहा कि 2200 करोड़ का अनुदान बिजली बोर्ड को जाता है, उसे ग्रामीण विकास कार्य और किसानों की बेहतरी के लिए उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कब तक जनता के ऊपर बोझ डाला जाएगा और सरकार भी कब तक अनुदान देगी। सरकार बिजली बोर्ड का खर्च वहन नहीं सकती। उन्होंने कहा कि जो पैसा हम अनुदान में देते हैं उसे ग्रामीण विकास की बेहतरी के लिए लगाएंगे, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। (अनंत ज्ञान)



### जयराम झूठ बोलकर जनता को कर रहे गुमराह

**सुक्खू** ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। टाइपिस्ट क्लर्क की पोस्ट थी, उनकी जगह नई पोस्ट जेओए आईटी बनाई जाएगी। आज कंप्यूटर का जमाना है तो इसके हिसाब से बदलाव होना चाहिए। उन्होंने जयराम से पूछा कि वह जिन पोस्टों की बात कर रहे हैं, वह आखिर हैं कहां, उनसे पूछो कि कौन सी और कितनी पोस्ट खत्म हुई हैं।

# 50 विमानों और 10 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** विमानन कंपनियों को रविवार को यात्रियों को लेकर उड़ान भर रहे 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली। पिछले 14 दिन में 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है।

ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं। अकासा एयर ने कहा कि उसकी 15 उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला और गहन निरीक्षण के बाद सभी विमानों के परिचालन की अनुमति दी गई।



वहीं, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के 10 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने की सूचना के बाद पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर का पाकिस्तान को सीधा संदेश, खुलेआम करेंगे कार्रवाई

# अब दिन में व्यापार और रात में आतंकवाद नहीं चलेगा

एजेंसी, नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि दिन में व्यापार और रात में आतंकवाद, अब यह नहीं चलेगा।

मुंबई आतंकी हमले को याद करते हुए जयशंकर ने मुंबई में प्रेसवार्ता कहा कि जब भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी, लेकिन अब बर्दाश्त नहीं करेगा। कोई कुछ करता है, तो उसको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आतंकवाद को लेकर साफ किया कि 'जब हम जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं, तो इसका मतलब है जवाब जरूर दिया जाएगा। भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। इसके बाद बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, चर्चा की जाएगी।



कहा- 26/11 मुंबई हमले पर नहीं दिया था जवाब, लेकिन अब नहीं करेंगे बर्दाश्त

### आज हम आतंकवाद से लड़ने में लीडर हैं

**जयशंकर** ने कहा कि आज हम आतंकवाद से लड़ने में लीडर हैं। मुंबई में जो हुआ, उसे हमें फिर से नहीं होने देना चाहिए। हमें आतंकवाद को भी उजागर करना है, अगर इस तरह का हमला फिर होता है, तो आज का भारत बर्दाश्त नहीं करेगा और खुलेआम कार्रवाई की जाएगी। मोदी सरकार में यह बदलाव आया है। हम आतंकवाद का खुलासा करेंगे। आतंकवाद को लेकर हमारा स्टैंड एकदम स्पष्ट है।

# आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत को दूसरी बार मिला केंद्रीय बैंकर का पुरस्कार

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका की पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' ने शीर्ष केंद्रीय बैंकर का पुरस्कार से सम्मानित किया है।

आरबीआई ने 'एक्स' पर कहा कि गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में 'ए प्लस' का पुरस्कार मिला है। 'ग्लोबल फाइनेंस' की ओर से अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान दिया गया।

शक्तिकांत दास को तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है। वहीं, डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्जरलैंड के थॉमस जॉर्डन को भी केंद्रीय बैंकरों की 'ए प्लस' श्रेणी में स्थान दिया गया है।




## रिपोर्ट: असेसमेंट ईयर 24 में 5.1 करोड़ आईटीआर दाखिल, 10 लाख से अधिक कमाने वालों की संख्या में इजाफा

# भारत में करोड़पति करदाताओं की संख्या 5 गुना बढ़ी

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत** में करोड़पति करदाताओं की संख्या असेसमेंट ईयर (एवाई) 2014 के मुकाबले असेसमेंट ईयर 2024 में पांच गुना बढ़कर 2.2 लाख हो गई है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के इकोनॉमिक डिपार्टमेंट की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, बीते एक दशक में करदाताओं की संख्या में 2.3 गुना का इजाफा हुआ है।

असेसमेंट ईयर 24 में करदाताओं की संख्या 8.62 करोड़ थी। साथ ही रिपोर्ट में बताया कि यह आंकड़ा काफी अच्छा है, क्योंकि 10 लाख रुपए से अधिक कमाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मध्यम वर्ग की आय में भारी इजाफा बीते 10 वर्षों में देखा गया है। असेसमेंट ईयर 24 में यह आंकड़ा 2.5 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए था, जो कि असेसमेंट ईयर 14 में 1.5 लाख रुपए से लेकर 5 लाख रुपए के बीच था। असेसमेंट ईयर 24 में 8.6 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा हुए थे, इससे पहले असेसमेंट ईयर 22 में यह आंकड़ा 7.3 करोड़ पर था। कुल जमा हुए रिटर्न में से 6.89 करोड़ या 79 प्रतिशत अंतिम तारीख से पहले जमा हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, असेसमेंट ईयर 25 में रिटर्न जमा करने की आखिरी तारीख तक 7.3 करोड़ आईटीआर जमा हुए हैं और मार्च 2025 तक और 2 करोड़ आईटीआर जमा होने की उम्मीद है। इसके साथ कुल आईटीआर की संख्या 9 करोड़ के ऊपर जाने की उम्मीद है। असेसमेंट ईयर 25 में अंतिम तारीख निकल जाने के बाद भरे जाने वाले रिटर्न की संख्या गिरकर 18 से 19 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।




### आईटीआर दाखिल करने में महाराष्ट्र टॉप पर

**असेसमेंट** ईयर 15 की तुलना में असेसमेंट ईयर 24 में 5.1 करोड़ अधिक आईटीआर दाखिल किए गए हैं। सबसे अधिक वृद्धि महाराष्ट्र में दर्ज की गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु का स्थान है। प्रतिशत वृद्धि के मामले में, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड जैसे छोटे राज्यों ने पिछले नौ साल के दौरान दाखिल आईटीआर में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। व्यक्तिगत कर दाखिल करने वालों में महिलाओं की संख्या लगभग 15 प्रतिशत है। केरल, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों में महिला करदाताओं की हिस्सेदारी अधिक है।



## न्यूज ब्रीफ

### जुब्बल कोटखाई में शिक्षा मंत्री का दो दिवसीय प्रवास

**दशमी रावत, जुब्बल।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 29 और 30 अक्तूबर को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि रोहित ठाकुर 29 अक्तूबर को प्रातः 10.30 बजे जुब्बल (गुंटू) में सनबीम इंटरनेशनल स्कूल, जुब्बल में वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर मुख्यातिथि होंगे। इसके उपरांत वह दोपहर 2 बजे कांग्रेस पार्टी कार्यालय जुब्बल में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे। शिक्षा मंत्री 30 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे कुठारी में पंचायत भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वह कुठारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन की आधारशिला रखेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे। रोहित ठाकुर दोपहर 3 बजे नवयुवक मंडल टुनाधार खांगटा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिक्कर में आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे।

### दाड़गी में एनएसएस शिविर में नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़गी में बीते सात दिनों से चल रहे एनएसएस शिविर का रविवार को समापन हुआ। राज्य एनएसएस समन्वयक एवं पूर्व प्रधानाचार्य दिलीप ठाकुर ने इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि क्षेत्र के जाने-माने समाज सेवक गुरु राम रहे बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप मं मौजूद रहे । प्रधानाचार्य राजेंद्र वर्मा ने मुख्यतिथि का स्वागत करने हुए बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों में निस्वार्थ सेवा और स्वैच्छिक कार्य की भावना को विकसित करना था। उन्होंने बताया कि इन सात दिनों के दौरान स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास, प्रभात फेरियों, गोद लिए गांव मानदरी और शावली के रास्तों की मरम्मत के साथ-साथ के अतिरिक्त शिविर में प्रासंगिक विषयों पर जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न विषय बारे भी जानकारी दी गई। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम अधिकारी धर्म प्रकाश वर्मा और अर्चना शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच संचालन हिंदी प्रवक्ता विजय पंत ने किया।



### शिमला में बढ़ने लगी सैलानियों की भीड़



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला, जिसे पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है, इस समय पर्यटकों से गुलजार है। वीकेंड पर बाहरी राज्यों से आए सैलानी यहां की खूबसूरत वादियों और साफ मौसम का आनंद ले रहे हैं। लंबे समय से मौसम साफ रहने के कारण, शिमला में घूमने का अनुभव और भी सुखद हो गया है। दिन के समय धूप की गर्मी के बाद, शाम को बढ़ती ठंड सैलानियों को बेहद पसंद आ रही है। बड़े शहरों की तुलना में शिमला में हवा भी ताजगी से भरी है, जो पर्यटकों के लिए एक राहत बनकर आई है। आगामी दिनों में, दीपावली के बाद, पर्यटकों की संख्या और बढ़ने की संभावना है, जिससे शिमला और अन्य पर्यटन स्थलों पर भीड़ और भी बढ़ेगी। हालांकि, पर्यटकों की आमद के साथ सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें भी देखी जा रही हैं। शिमला की मुख्य सड़क, कार्ट रोड, और अन्य व्यस्त पॉइंट्स पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। त्योहारों की तैयारी के साथ बाजारों में भी भीड़ लगने वाली है, जो कि शिमला के जीवंतता को और बढ़ाएगी।

### बड़गांव स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल मेला



**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में विद्यालय बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में बड़गांव पंचायत प्रधान निक्कू राम भारद्वाज ने मुख्यतिथि के रूप मे शिरकत की। कक्षा छठी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों ने बहुत सारी गतिविधियों में भाग लिया। इनमें एकल गीत, नृत्य, नाटी, क्विज, म्यूजिकल चेयर समूह गीत आदि शामिल थे। बाल मेले में स्टाफ सदस्यों के साथ साथ बच्चों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। विद्यायल प्रधानाचार्य होशियार सिंह जस्सल ने विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना, बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए सहायक बताया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की प्रस्तुतियों की भूरी भूरी प्रशंसा की और अपने संबोधन में बच्चों को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने बताया कि बच्चे ही भावी राष्ट्र का निर्माण करते हैं। अच्छे राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब उस राष्ट्र की युवा पीढ़ी संस्कारी हो।
भराड़ी में बाल मेले में

### भराड़ी में बाल मेले में 200 बच्चों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, दधोल।** उपतहसील भराड़ी के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला भराड़ी में पांच प्राथमिक स्कूलों का केंद्र स्तरीय बाल मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक पाठशाला भराड़ी लढयाणी, ढल्याणी कुठेडा (मरहाणा), भपराल के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी निर्मला शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशेष रूप से जोगिंद्र सिंह राव उपनिदेशक उच्च शिक्षा बिलासपुर ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। राव ने कहा कि प्रतिस्पर्धा छोटे स्तर पर हो या बड़े स्तर पर उसको एक चुनौती की तरह लेना चाहिए और जीवन मे एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करना चाहिए। इस तरह के आयोजनों से बच्चों के मानसिक व शारिरिक दोनों स्तरों को बढ़ावा मिलता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मुख्यातिथि ने पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया।



### म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में कुंदन रहा प्रथम



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाल में प्रधानाचार्या रेखा शर्मा के कुशल नेतृत्व में बाल मेले का सफल आयोजन किया गया। बाल मेले में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दीनानाथ शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मेले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार के अंतर्गत आने वाले पांच विद्यालय राजकीय माध्यमिक विद्यालय पट्टा, राजकीय माध्यमिक विद्यालय जोल, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बाड़ी छजोली ,राजकीय उच्च विद्यालय चोखना तथा राजकीय उच्च विद्यालय हरितलयांगर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बाल मेले के अंतर्गत चार गतिविधियां आयोजित करवाई गई। प्रथम गतिविधि म्यूजिकल चेयर में राजकीय माध्यमिक पाठशाला जोल का सातवीं कक्षा का विद्यार्थी कुंदन प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार छात्रा आकृति राही प्रथम रही । प्रश्नोत्तरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार के छात्र चंचल दीप व प्रियंका प्रथम रहे। एकल गान प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक पाठशाला बाड़ी छजोली का दिव्यांश प्रथम स्थान पर रहा। समूह नृत्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार की ललिता और सहेलियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च शिक्षा निदेशक बिलासपुर जोगिंद्र सिंह राव ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया।

# बागवानों से सीधे सेब खरीदने पर हुआ 90 हजार का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, शिमला**




एपीएमसी शिमला–किन्नौर ने बागवानों से सीधे सेब खरीदने वाले 4 लद्दानियों/आढ़तियों पर करीब 90 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही इन चारों आढ़तियों/लद्दानियों (कारोबारियों) को एपीएमसी प्रबंधन ने चेतावनी दी है कि वह हिमाचल में सेब कारोबार करने के लिए लाइसेंस बनाए। ऐसा नहीं करने पर उन्हें राज्य में कारोबार नहीं करने दिया जाएगा तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान कुछ बागवान भी इन कारोबारियों का सहयोग करते पाए गए हैं। उनसे भी ऐसा नहीं करने तथा लाइसेंसधारी कारोबारियों का सहयोग करने को कहा गया है। राज्य में सेब उत्पादक क्षेत्रों में कई आढ़ती व लद्दानी बाहरी राज्यों से आकर बिना लाइसेंस के कारोबार कर रहे हैं। इनमें कई कारोबारी हिमाचल के भी हैं। इससे सरकार व एपीएमसी को लाइसेंस फीस के रूप में मिलने वाली आय नहीं हो रही है।

**4 लद्दानियों/आढ़तियों पर हुई कार्रवाई**

क्योंकि लाईसैंस नहीं होने पर उनका कोई भी लेखा जोखा नहीं होता है। साथ ही इसी तरह के कारोबारी बागवानों को चूना लगाकर गायब हो जाते हैं। अभी भी बागवानों के करोड़ों रुपए आढ़तियों के पास फंसे हुए हैं। इस परेशानी से बागवानों को बचाने के लिए एपीएमसी ने बिना लाइसेंस के कारोबार करने वाले आढ़तियों व लद्दानियों पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया है। इसी के तहत एपीएमसी लगातार विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे कारोबारियों पर नजर बनाए हुए हैं।

इसी कड़ी में इन 4 कारोबारियों पर कार्रवाई की गई है। इसमें एक कारोबारी को जुब्बल तथा 3 को जिला किन्नौर के सांगला में पकड़ा गया। हालांकि जिला शिमला में अब सेब सीजन समाप्त हो गया है, लेकिन किन्नौर में अभी सेब सीजन चला हुआ है। ऐसे में एपीएमसी की नजर किन्नौर पर है तथा फील्ड अधिकारियों को इनपर कड़ी नजर रखने के लिए कहा गया है।

## व्यक्ति का मर्डर चार युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** रामपुर के बाहली पंचायत में एक बिहारी मूल के व्यक्ति का मर्डर होने का मामला सामने आया है। इस मामले में चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बाहली पंचायत में चार युवकों ने शराब के ठेके में तोड़फ़ोड़ की। इस बात की शिकायत ठेका संचालक ने पुलिस को दी। लेकिन इसके कुछ ही घण्टो के बाद पुलिस को एक सूचना मिली बाहली के समीप एक व्यक्ति का शव मिला है।

पुलिस ने जांच की तो पाया कि जिन युवकों ने पहले ठेके में तोड़फोड़ की उन्हीं युवकों ने उस प्रवासी मजदूर के साथ लड़ाई की। अब ये जांच का विषय है कि प्रवासी की मौत उसी वक्त हो गई थी या फिर बाद में हुई।

इससे पहले भी यहां पर कई बार झगड़े हो चुके है। पुलिस चौकी यहां से 40 किमी दूर होने के कारण यहां पर कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर नहीं है। ये ही कारण है कि यहां पर शरारती तत्वों व अन्य हुडदंगियों के हौंसले बुलंद है नरेंण बाहली क्षेत्र में ये प्रवासी मजदूर के मर्डर का पहला मामला नहीं है। मामले की जांच जारी है।

## जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू 26 नवंबर को करेगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

सीटू जिला कमेटी शिमला की बैठक जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा की अध्यक्षता में शिमला में सम्पन्न हुई। बैठक में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, अजय दुलटा, कुलदीप डोगरा, रमाकांत मिश्रा, हिमी, बालक राम, अमित कुमार, सुनील मेहता, दलीप, विरेंद्र लाल, सरीना, निशा, प्रवीण, धनी राम, भूमि, सुनीता, शांति, सीताराम, प्रताप, अनिल, प्रेम, प्रेम प्रकाश, ओमप्रकाश, हेमराज, राजपाल भंडारी, आत्मा राम, सुनील, वेदप्रकाश आदि शामिल रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मिनी व अन्य आंगनबाड़ी कर्मियों तथा रेहड़ी फड़ी तहबाजारी के मुद्दों पर जल्द ही सीटू का प्रतिनिधिमंडल दोनों विभागों के मंत्रियों एवं श्रम मंत्री से मिलेगा। केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू जिला कमेटी शिमला द्वारा 26 नवंबर को जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रदर्शन किए जाएंगे। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा व महासचिव अजय दुलटा ने कहा कि मांगों को लेकर सीटू जिला कमेटी मजदूरों व जनता में जाएगी तथा उनसे मजदूर व मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान करेगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी रोटी का संकट बढ़ रहा है। बेरोजगारी व महंगाई से गरीबी व भुखमरी बढ़ रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कमज़ोर करने के कारण बढ़ती मंहगाई ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि हो रही है।

## गाड़ी और बाइक की टक्कर में 28 साल के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला के संजौली के पास गाड़ी और बाइक की टक्कर में एक 28 साल के युवक की मौत हो गई है। यह हादसा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज संजौली के समीप रविवार दोपहर को पेश आया।

इस हादसे में में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि जब गाड़ी नंबर एचपी 03सी 2751 संजौली की और और बाइक नंबर एचपी 28–3425 संजौली से लकड़ बाजार की ओर जा रही थी। संजौली कॉलेज के समीप पहुंचने पर कार और बाईक आपस में टकरा गए। इसमें बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक युवक की पहचान




**मामले में कार चालक से पूछताछ कर रही पुलिस**

विक्रांत (28) पुत्र देसराज गांव गवार, डाकखाना बागी, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर लिया है।

पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी भेज दिया है। पुलिस इस मामले में कार चालक से पुछताछ कर रही है और कार को कब्जे में ले लिया है।

## सरकार का अधिकारियों पर जीरो कंट्रोल : कश्यप



**शिमला।** भाजपा के सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में एक अधिसूचना जारी होती है फिर उसके ऊपर प्रतिक्रिया आती है और उसके बाद उसको बैक डेट में बदल दिया जाता है, ऐसी ही नोटिफिकेशन हिमाचल प्रदेश में नौकरियां समाप्ति की भी हुई। वैसे तो नोटिफिकेशन 26 अक्टूबर की है लेकिन उसे 23 अक्टूबर की डेट में बनाया गया। यह सरकार जनता को गुमराह करने के लिए कुछ भी कर रही है। कश्यप ने कांग्रेस सरकार को यह जीरो परफॉमेंस वाली सरकार करार दिया। कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए थे प्रदेश में उसके विपरीत ही काम चल रहा है वहीं इस सरकार में सरकारी अधिकारियों पर जीरो कंट्रोल है।

## ड्यूटी के दौरान महिला पुलिस कर्मी से छेड़खानी, एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला में एक ऑन ड्यूटी महिला पुलिस कांस्टेबल के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं जब महिला कांस्टेबल पुलिस गुमटी में ड्यूटी दे रही थी, तब आरोपी ने जबरदस्ती गुमटी के अंदर भी घुसने की कोशिश की।

महिला कांस्टेबल ने पुलिस विभाग के ही एक कांस्टेबल पर ये आरोप लगाए हैं। मामला शिमला के ढली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सामने आया है। पीड़ित महिला कांस्टेबल और आरोपी दोनों पुलिस की एक बटालियन में तैनात हैं। पीड़ित महिला कांस्टेबल की शिकायत पर ढली थाने में आरोपित पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।



**पीड़ित महिला कांस्टेबल और आरोपी दोनों पुलिस की एक बटालियन में हैं तैनात**

पीड़ित महिला कांस्टेबल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बीते 25 अक्टूबर को जब वह क्वार्टर गार्ड ड्यूटी पर तैनात थी तो राजीव नामक पुलिस कर्मचारी उसके पास आया और अश्लील व अभद्र शब्द कहे।

आरोपी की इस हरकत का जब उसने विरोध किया तो भी वह बाज नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान वह अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। वह जब आरोपी से बचने के लिए गुमटी के अंदर गई तो आरोपी ने जबरदस्ती गुमटी के अंदर भी घुसने की कोशिश की। ढली पुलिस ने शिकायत मिलने पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत ढली पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी पुलिस कर्मी पर निलंबन की तलवार लटक गई है।

## बिलासपुर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना लक्ष्य : धर्माणी

### कहा, वाटर स्पोर्ट्स के साथ अब एडवेंचर स्पोर्ट्स की ओर बढ़ रही प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर के जिला कांग्रेस भवन में रविवार को कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार बिलासपुर जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है।

इसके तहत पहले चरण में औहर में विशाल पर्यटक परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जबकि दूसरे चरण में वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। बिलासपुर जिले में पर्यटन गतिविधियों को लेकर जो आज तक नहीं हुआ वह अब होने वाला है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व्यक्तिगत रूप से हिमाचल प्रदेश को पर्यटन की दृष्टि में विकसित करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं, इसी के चलते मुख्यमंत्री 29 अक्तूबर को बिलासपुर दौरे पर आ रहे हैं। वह इस दिन मंडी भराड़ी में वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियों का विधिवत रूप से शुभारंभ करेंगे। इसी तरह एडवेंचर टूरिज्म की ओर ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह सपना था कि बिलासपुर जिले को पर्यटन की दृष्टि से आगे बढ़ाया जाए और इसी की शुरुआत करने मुख्यमंत्री 29 अक्तूबर को आएंगे। इस दौरान वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बिलासपुर इसकी शुरुआत करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश में सरकार का गठन होने के बाद उनकी अपनी यह सोच थी कि बिलासपुर जिले को पर्यटन की दृष्टि से उभारा जाए। जब उन्होंने इस बारे में मुख्यमंत्री को अपनी सोच बताई थी तो उन्होंने इसे बहुत सराहना की थी और इसके तहत एक जिला पर्यटन समिति का निर्माण किया गया है, उसमें उपायुक्त इसके मुखिया हैं तथा अन्य अधिकारी सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली आमदनी का 25 प्रतिशत सरकार को जाएगा और 75 प्रतिशत बिलासपुर में ही व्यय होगा। उन्होंने कहा कि इस दिन ही मुख्यमंत्री बिलासपुर में निर्मित हो चुके विजिलेंस भवन का उद्घाटन भी करेंगे तथा रोड़ा सेक्टर में डिजिटल लाइब्रेरी का भी उद्घाटन करेंगे।

एक सवाल के जवाब में राजेश धर्माणी ने कहा कि जहां तक मंडी भराड़ी में वाटर स्पोर्ट्स को लेकर विवाद की बात है तो वह टिप्पणी करना तर्कसंगत नहीं समझते, क्योंकि यह सारा मामला उच्च न्यायालय में चला हुआ है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान, हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रवक्ता संदीप संख्यान, पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, कांग्रेस सेवा दल से वीरेंद्र कुमार बिन्नू कांग्रेस कार्यालय सचिव हेमराज भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## मंत्री राजेश धर्माणी ने कसारू में सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कसारू पंचायत में 'सरकार जनता के घर-द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान कसारू पंचायत के निवासियों ने बिजली, पानी, सड़कों, और अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़ी एक दर्जन से अधिक समस्याएं प्रस्तुत कीं। मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को समय सीमा के भीतर उनका समाधान करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार जनता के घर द्वार कार्यक्रम में उठाई गई सभी समस्याओं को तय समय सीमा के भीतर हल किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य लोगों को उनके घर के पास ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि लोग छोटे-छोटे कामों के लिए लंबी दूरी तय करके या अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर न लगाएं। धर्माणी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक आवश्यक सेवाएं प्राप्त कर सके।

### सड़क निर्माण को दी जा रही प्राथमिकता

**मंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार ने सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी है और चांजियार जियार से सिद्ध मंदिर तक सड़क निर्माण पर 14 लाख 80 हजार खर्च किए हैं। इसके अलावा दून से सोहणी देवी मंदिर तक सड़क निर्माण के लिए 19 लाख 70 हजार का प्रावधान किया गया है। जसवानी गांव तक लिंक रोड को पक्का करने के लिए भी 14 लाख से अधिक का खर्च किया गया है।

## घुमारवीं में टीआईएफए के तहत दी एक दिन की ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

खंड घुमारवीं में टीआईएफए (टीफा) प्रोजेक्ट के अंतर्गत ब्लॉक घुमारवीं के सभी पब्लिक और प्राइवेट प्रैक्टिशनर की एक दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इसमें प्रॉजेक्ट की तरफ से आए हुए अधिकारी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश जसवाल ने उपस्थित प्रैक्टिशनर को बताया कि टीबी की स्क्रीनिंग के लिए कैसे काम करेंगे, अगर उनके पास कोई खांसी का मरीज आता है तो उन्हें खांसी का सिरप देकर 7 दिन बाद फॉलोअप करना है, नहीं तो उनका कफ अस्पताल में टीबी की जांच के लिए लैब में भेजना है। इस ट्रैनिंग का मुख्य उद्देश्य 2025 तक हिमाचल को टीबी मुक्त करना है। इस ट्रेनिंग में मुख्य रूप से राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के डॉक्टर्स, ड्रग इंस्पेक्टर तथा उनकी टीम ने भी भाग लिया।

## हिमाचल प्रदेश में चल रही पलटू सरकार : महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मणी ने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू पर निशाना साधते हुए उन्हें पलटू मुख्यमंत्री करार दिया है। धर्माणी ने सरकार के कार्यों को लेकर कटाक्ष किया कि प्रदेश में अधिसूचनाएं जारी होने के बाद उन्हें बैकडेट में बदल दिया जाता है,वो चाहे हिमाचल पथ परिवहन निगम की अधिसूचना हो, शौचालय टैक्स की अधिसूचना हो या फिर डेढ़ लाख सरकारी नौकरी के पदों को खत्म करने की अधिसूचना जिससे यह साफ होता है कि सरकार जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। दो साल का कार्यकाल समाप्त हो गया है, पर इस सरकार ने युवाओं को एक भी नौकरी नहीं दी है।

## दधोल चौक पर दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भराड़ी थाना के तहत दधोल (पडयालग) चौक पर दुकान में आग लगने की घटना से करीब दो लाख रुपए का नुकसान हो गया। दुकान में आग लगने से दुकान के भीतर रखे डेली नीड के सामान सहित बिजली का चूल्हा, बर्तन, नकदी आदि भी जल कर राख हो गए। आग लगने के क्या कारण रहे इसका पता नहीं चल पाया है।

तडोन गांव के सुरेंद्र पाल ने बताया कि शनिवार शाम को वह दुकान बंद करके रोजाना की तरह घर चले गए थे। रविवार सुबह करीब आठ बजे जब वह घर थे तो दुकान में आग लगने की जानकारी मिली। आस पड़ोस के दुकान वालों ने



दुकान से आग की लपटें व धुंआ निकलता देखा। इसके बाद दुकान का ताला तोड़कर आग को बुझाया गया। आग के कारण करीब दो लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। वहीं, हलका पटवारी अंकित चौहान ने कहा कि आग से हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

**दीपावली** सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहे ठप्पर गांव में बनाए जा रहे मिट्टी के दीये

## मिट्टी के दीपक नामी कंपनियों के दीयों को दे रहे मात

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

झंडूता उपमंडल के तहत ठप्पर गांव में बनाए जा रहे मिट्टी के दीये बड़ी बड़ी कंपनियों के आर्टिफिशियल दियों को मात दे रहे हैं। बिना कैमिकल उच्च गुणवत्ता के मोम से तैयार किए जा रहे ये दीये आठ से दस घंटे लगातार जलते हैं। जिला भर में इन दियों की मांग बढ़ती जा रही है। हाथों से निर्मित यह मिट्टी के दीये सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहे हैं। ऐसे में बढ़ती इन दीयों की मांग को लेकर अब दिन रात दीये तैयार किए जा रहे हैं।

दीपावली से करीब 6 माह पहले यह दीये बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाता है। हाथों से निर्मित इन



दियों के कार्यों में दर्जन भर महिलाओं को रोजगार भी उपलब्ध है। दीपावली के मौके पर तीन लाख रुपये से ज्यादा का कारोबार हो जाता है।

खास बात यह है कि मिट्टी से भरे दीयों में जब मोम खत्म हो जाता है तो यह खाली दीप रंगोली भरने के काम में आते हैं। करीब तीन साल पहले शुरू किए इस कार्य के दौरान दीयों का परीक्षण किया गया था, जिसमें ये आठ से दस घंटे तक लगातार जले थे। उसके बाद बाजार में उपलब्ध हो चुके यह दिए अब लगातार अपनी साख बनाए हुए हैं। ठप्पर गांव के रोशन लाल ने बताया कि वह 40 वर्षों से मिट्टी के खाली दीपक बनाने का काम करते आ रहे हैं, लेकिन वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए उन्होंने तीन वर्ष पहले बिना कैमिकल का मोम डालकर दीये तैयार किए। खास तकनीक से मोम के नीचे बाती को रखकर दिए बनाने से यह दिया घंटों तक जलता है। इसके बाद लोग इनमें तेल या घी भरकर भी उपयोग में ला सकते हैं। अन्य दीयों के मुकाबले इन दीयों का दाम भी सस्ता है, जिस कारण दियों की मांग बढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने रोते-रोते काटे दो साल : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित कार्यक्रम 'मन की बात' का एपिसोड सोलन में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने भारत की प्रतिभा का उल्लेख करते हुए बताया कि आज एनीमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड वाई इंडियंस छाया हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के प्रति जागरूक किया और देश की उपलब्धियों, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक विषयों से भी अवगत करवाया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने कहा कि हमें खुशी है कि ये कार्यक्रम बिना रुके आगे बढ़ रहा है जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। आज 115वें कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार की बातें कही हैं उससे निश्चित रूप से हर भारतवासी लाभान्वित होगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा कि दो साल इन्होंने रोते-रोते ही काटे हैं। आर्थिक संकट का रोना रोकर जनता को असल मुद्दों से दूर रखना चाह रहे हैं। ये बताएं कि इनकी पार्टी के मुख्यमंत्री रहे स्व. वीरभद्र सिंह 2017 में जाते जाते क्या कोई हमें नो डियूज सर्टिफिकेट देकर गए थे क्या? हमनें पांच साल में मात्र 19 हजार करोज का ऋण लिया, जबकि इन्होंने मात्र दो साल में 30 हजार करोड़ का ऋण ले लिया है। इतना पैसा आने के बावजूद खर्च कहां किया जा रहा है इसका हिसाब मुख्यमंत्री दें।

जयराम ठाकुर ने कहा हमने जनमंच जैसा लोकप्रिय कार्यक्रम शुरू किया था, लेकिन इस सरकार ने उसे भी बंद कर दिया जबकि देश के अन्य राज्यों ने भी हमारा अनुसरण किया था। ये सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है और मुख्यमंत्री भी झूठ बोलकर ही सरकार चलाना चाहते हैं। हर साल एक लाख रोजगार देने का वायदा किया था, लेकिन यहां दूसरे ही साल डेढ़ लाख सरकारी पद खत्म कर दिऐ गए और बेशर्मी के साथ मुख्यमंत्री कह रहे हैं हम व्यवस्था परिवर्तन करने आए हैं। अपने खर्चे कम करने के बजाय कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है। जनता को तो इन्होंने पहले ही दस झूठी गारंटियां देकर ठगा है।

इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री साधुपुल में आयोजित मेले में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे और इस दौरान यहां आयोजित कबड्डी स्पर्धा की विजेता टीमों को सम्मानित भी किया। उन्होंने मेले एवं प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आयोजक टीम एवं स्थानीय जनता तथा सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उनके साथ सांसद सुरेश कश्यप, विधायक बलबीर वर्मा, विधायक डीएस ठाकुर, भाजपा नेता संजीव कटवाल, रवि मेहता, राजेश कश्यप व तरसेम भारती सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने जिला मंडी के बरोट के समीप लचकन्डी में गत रात्रि सड़क दुर्घटना में पांच लोगों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## सप्ताह में एक बार इकट्ठे होने की परंपरा डालें हिंदू समाज : लेखराज राणा

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** आज हिंदू जागरण अभियान के तहत हिंदू समाज का एक सम्मेलन ग्राम पंचायत बलवानी के माता टोणी देवी मंदिर के प्रांगण में देवभूमि संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ।

इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के इंद्रप्रस्थ क्षेत्र के मंत्री लेखराज राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और हिंदू समाज से आवाहन किया कि वह सप्ताह में कम से कम एक बार अपने धार्मिक स्थान में इकट्ठे होने की परंपरा डालें ताकि देश समाज में चल रहे गंभीर विषयों पर चिंतन और योजना की जा सके।

उन्होंने कहा कि आज जो पड़ोसी देशों में हिंदुओं की दयनीय स्थिति है और देवभूमि हिमाचल में बाहर से दिनों दिन बढ़ती विधर्मियों की संख्या है वह हिंदू समाज के लिए चिंता का विषय है और विश्व हिंदू परिषद दिन-रात हिंदू समाज को जागृत करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लेखराज राणा ने हिंदू समाज को तीन मंत्र दिए। पहला बड़ों का आदर करें, दूसरा अपनी बराबरी के लोगों के साथ तालमेल बिठाना और सहयोग करें, तीसरा अपने से कमजोर समाज का सहयोग करें और उनका सहारा बने। इन तीनों मंत्रों से ही हिंदू समाज जो है वह संगठित हो सकता है।

इस अवसर पर सुरजीत ठाकुर ने हिंदू समाज से आवाहन किया की हम उन लोगों की कुर्बानी और बलिदान याद करें जिन के कारण आज हम हिंदू हैं। सुरजीत ठाकुर ने इस अवसर पर महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह और बंदा बहादुर जैसे महापुरुषों को याद किया।

## डोडरा-क्वार में रात्रि विश्राम करने वाले पहले मुख्यमंत्री बने सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**दशमी रावत, रोहड़ू**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने डोडरा-क्वार में रात्रि विश्राम करके हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। शिमला जिला के डोडरा-क्वार को यहां की दुर्गम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण 'काला पानी' के रूप में जाना जाता है। राज्य के गठन के बाद से कई मुख्यमंत्री डोडरा-क्वार क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी मुख्यमंत्री ने यहां रात्रि विश्राम नहीं किया था।

मुख्यमंत्री ने डोडरा-क्वार से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सेवानिवृत्त शिक्षक हरदयाल खेपान के घर पर रात्रि विश्राम किया। शनिवार शाम करीब 7.45 बजे उनके घर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का हरदयाल के परिवार ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

सभी औपचारिकताओं से दूर मुख्यमंत्री ने आग के पास बैठकर परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत की और उनकी स्थानीय परंपराओं और रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनके दैनिक जीवन, भोजन और स्थानीय रीति-रिवाजों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। समुदाय की महिलाओं ने उनके स्वागत में स्थानीय देवता क्वार जाख को समर्पित गीत लामण से शुरुआत करते हुए पारंपरिक गीत गाए। रात के खाने में उन्होंने लगभग आठ ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक भोजन का आनंद लिया। मुख्यमंत्री को बाथू, कोदा और फाफरे की रोटी के साथ-साथ स्थानीय व्यंजन जैसे सिड्डु, ओगला, चिंआऊं और स्थानीय राजमाह की दाल परोसी गई।

मीठे में लिमडी नामक एक स्थानीय व्यंजन भी परोसा गया। रविवार की सुबह मुख्यमंत्री ने धंध्रवाड़ी-2 महिला मंडल की महिलाओं के साथ नाश्ता किया।

कहानी-21

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

**अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।**

**पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।**

# अरनियाला ने आधुनिक विकास में बनाई पहचान

## गांव को प्रदेश की पहली ब्रॉडगेज और रेलवे स्टेशन स्थापित होने का गौरव



राजेश शर्मा
ऊना

'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज में आज बात ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र के खूबसूरत गांव अरनियाला अपर की। यह गांव आधुनिक विकास में पहचान बनाते हुए प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को संजोए हुए है। गांव में हिमाचल प्रदेश की पहली ब्रॉडगेज रेलवे लाइन और रेलवे स्टेशन स्थापित हुआ था और इस रेल सुविधा को प्राप्त करने वाला या पहला गांव बना था। इसके साथ ही इस गांव में देसी नस्ल की गौवंश का पालन भी किया जा रहा है। ऑर्गेनिक फार्मिंग की ओर भी इस गांव के बाशिंदों ने कदम आगे बढ़ाए हैं। ऊना शहर को अस्तित्व में आए हुए भले ही दशकों गुजर गए हों, लेकिन इस शहर के विकास में अहम योगदान निभाने में अपर अरनियाला गांव का भी प्रमुख योगदान रहा है। इस गांव में ब्रॉडगेज रेल लाइन के ऊपर पहला रेलवे स्टेशन स्थापित हुआ था और उसके साथ ही जिलास्तरीय अस्पताल का भवन भी इसी गांव की जमीन पर लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। गांव के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है। कृषि आधारित इस गांव में अधिकांश भूमि बंजर थी, लेकिन ग्रामीणों की कड़ी मेहनत के बाद इसे उपजाऊ बनाया गया और अब गांव में पर्याप्त मात्रा में अनाज का उत्पादन किया जाता है। मुख्य तौर पर यहां पर गेहूं और मक्का के अलावा आलू की फसल भी उगाई जा रही है।









### रेलवे लाइन के कारण एकतरफ कटा है गांव



**यह** गांव नांगल तलवाड़ा रेलवे लाइन के कारण एकतरफ कटा हुआ है। जिला मुख्यालय से इस गांव तक पहुंचाने के लिए आपको लगभग डेढ़ किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। हालांकि, पक्की सड़क से यह गांव जुड़ा हुआ है। इस गांव में एक रेलवे फाटक क्रॉस करने के बाद पहुंचा जाता है। गांव की सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन है, लेकिन इसकी हालत बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि, ग्राम पंचायत क्षेत्र में पंचायत ने गलियों को पक्का किया है और लोगों की तमाम सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए और भी इंतजामात किए गए हैं। अरनियाला गांव में मिडिल स्कूल के साथ-साथ एक निजी स्कॉलर यूनिफाइड नाम का विद्यालय है जो जमा दो तक छात्रों को पढ़ाई की सुविधा दे रहा है। सीबीएसई सिलेबस के तहत यह स्कूल इस गांव की सुंदरता को और निखार रहा है। गांव में अनिल कुमार और उनके भाइयों द्वारा उन्नत किस्म का गौवंश रखा है और गांव में करीब डेढ़ सौ कनाल भूमि पर ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए प्लॉट तैयार किया जा रहा है।

### गांव के बीच मंदिरों का है समूह

**अरनियाला** गांव में स्कूल प्रांगण में तीन मंदिरों का समूह भी है। इसमें एक प्राचीन मंदिर भी है। शाम ढलते ही गांव का माहौल भक्तिमय बन जाता है।

### एक परिवार पर रहा भरोसा



रेणु वाला
वर्तमान प्रधान

**अरनियाला** ग्राम पंचायत के पांच दशकों के इतिहास को देखें तो इसमें चार दशक से अधिक का समय गांव के एक परिवार ने पंचायत में नेतृत्व किया है। लोगों का इस परिवार के ऊपर अटूट विश्वास है। इस परिवार के मुखिया स्वर्गीय मेहर सिंह यहां प्रधान रहे थे। उसके बाद उनके परिवार से ही ठाकुर अमरीक सिंह और अब ठाकुर अमरीक सिंह की पत्नी रेणु वाला वर्तमान में ग्राम पंचायत का नेतृत्व कर रही हैं।

### ...जब प्रधान ने अपने पैसे से बना डाली पेयजल योजना

**अरनियाला** ग्राम पंचायत में कभी पेयजल की समस्या गंभीर थी। इस समस्या को दूर करने के लिए पंचायत प्रधान ठाकुर अमरीक सिंह के परिवार ने खुद ही नलकूप स्थापित कर दिया। इसके बाद गांव की पेयजल की समस्या सदा के लिए दूर हो गई। ग्राम पंचायत प्रधान रेणु वाला ने बताया कि अब गांव में सिंचाई सुविधा के लिए दो अतिरिक्त नलकूप स्थापित किए जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं सोहन लाल



**गांव** में रेलवे स्टेशन की सुविधा भी है, लेकिन इसमें भिखारियों की समस्या है। काफी संख्या में लोग बिना परिचय के गांव में दाखिल हो जाते हैं। अनजान लोग स्थानीय लोगों को परेशान करते हैं।

### क्या कहते हैं राम किशन



**गांव** में पंचायत ने कई गलियों को पक्का करवा दिया है, लेकिन कुछ रास्ते बुरी स्थिति में हैं। मुख्य सड़क जो लोक निर्माण विभाग के तहत आती है उसकी नालियां गंदगी से भरी हैं। गांव ने रेलवे स्टेशन और अस्पताल के लिए भूमि दी है, लेकिन गांव के विकास के लिए सरकार का सहयोग नाकाफी है।

### क्या कहती हैं सीमा



**गांव** के विकास में जो सहयोग प्रधान के परिवार का है उसे देखते हुए लोग उनके मुरीद हैं। यह परिवार लोगों की सेवा में तत्पर रहता है। इस परिवार ने गांव की हर जरूरत को पूरा किया है।

### क्या कहती हैं सोनिया



**गांव** में अधिकांश समस्याएं दूर हो चुकी हैं, लेकिन कुछ जगह गंदा पानी सड़क और गलियों में आ रहा है। यह समस्या दूर होनी चाहिए।

## 'आधुनिक तकनीक' पुलिस कार्य में उत्कृष्टता लाने का महत्वपूर्ण कदम : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत नेगी ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग पुलिस कार्य में उत्कृष्टता लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बात उन्होंने पुलिस लाइन केलांग में अधिकारियों के चल रहे हथियार संचालन प्रशिक्षण का जायजा लेने के बाद कही।

उन्होंने रविवार सुबह लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा के साथ पुलिस लाइन केलांग का दौरा किया। इस दौरान मंत्री ने पुलिस लाइन के अधोसंरचना का निरीक्षण किया और अधिकारियों के लिए चल रहे हथियार संचालन प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस प्रशिक्षण में जीएसएसएस केलंग के छात्रों ने भी भाग लिया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने उन्हें जिले के 'अनीमेष नेत्रम कमांड कंट्रोल सेंटर' का भी दौरा करवाया।

इस आधुनिक सेंटर का उद्देश्य जिले में सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। मंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग पुलिस कार्य में उत्कृष्टता लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने पुलिस लाइन और प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना की। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि मंत्री जगत नेगी का यह दौरा पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने और जिले की सुरक्षा को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा।

गौर हो कि मंत्री जगत नेगी तीन दिवसीय केलंग व पांगी दौरे पर आए थे। करोड़ो के शिलान्यास व उद्घाटन करने के बाद मंत्री रविवार को लाहौल से स्पीति के लिए रवाना हो गए।

## कार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल के माजरा क्षेत्र में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान छबीला साहनी पुत्र फकीरा साहनी गांव व डाकघर मदनपुर, पुलिस थाना परसोनी, जिला सीतामढ़ी (बिहार) के तौर पर हुई है। माजरा पुलिस हादसे की जांच में जुटी है। हादसा शुक्रवार रात माजरा के समीप हुआ। छबीला साहनी पैदल सड़क पार कर रहा था। इस बीच वह तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया।

हादसे के बाद कार चालक रविकांत निवासी पुरुवाला कांशीवाला ने पुलिस के साथ-साथ एंबुलेंस को इसकी सूचना दी। घायल को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर, पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने हादसे की पुष्टि की।

**कृषि**

### वित्त वर्ष में 2600 क्लस्टरों पर 15 करोड़ रुपए से कार्य हो रहे

# किसान हितैषी योजनाएं कृषकों के लिए लाभदायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



फाइल फोटो

कृषि हिमाचल की प्रगति का आधार है और यह क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। प्रदेश सरकार किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए किसान हितैषी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू कर रही है।

वर्तमान प्रदेश सरकार कृषि उत्पादन क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक नवाचार प्रयास कर रही है। हिमाचल में कृषि के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार की नवीन पहल हिम उन्नति योजना के तहत कृषि और कृषि संबंधी गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से कलस्टर आधारित किया जा रहा है।

योजना के तहत 2600 क्लस्टर बनाए जाएंगे, जिसमें कृषि के 1200, प्राकृतिक खेती के 1100 और जाइका के 300 क्लस्टर बनाए जाएंगे। इस वित्त वर्ष में 15 करोड़ रुपए से क्लस्टर संबंधित विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। किसानों, ग्रामीण युवाओं और कृषक महिलाओं को कृषि व्यवसाय से लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य में कलस्टर आधारित सब्जी उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के तहत कलस्टर आधारित सब्जी उत्पाद, बीज, पौध और खाद के लिए उपदान और प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और पौध सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली बीज उपलब्ध करवाने के लिए कृषि विभाग विभिन्न फसलों के लगभग 17 हजार क्विंटल आधार बीज का वार्षिक उत्पादन कर रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में प्रवाह सिंचाई योजना के तहत कूल्हों के नवीनीकरण तथा सामुदायिक क्षेत्रों में कूल्हों को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। इस वित्त वर्ष में योजना के अंतर्गत आठ करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

### किसानों को अनुदान

फसलों की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सभी वर्गों के किसानों को अनाजों, दालों, तिलहन और चारा फसलों के बीजों पर 50 प्रतिशत अनुदान और आलू, अदरक व हल्दी के बीजों पर 25 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में अनुदान योजना के तहत प्रदेश के 60 हजार किसानों को बीज आवंटित कर लाभान्वित किया गया और इस वित्त वर्ष 23.60 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

### सिंचाई के लिए 'जल से कृषि को बल' योजना

सिंचाई व्यवस्था कृषि गतिविधियों का महत्वपूर्ण अंग है। प्रदेश में 'जल से कृषि को बल' योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर चैकडेम और तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। योजना के मुख्य उद्देश्य किसानों की सिंचाई की समस्या को दूर करना है। किसानों के लिए लघु उठाऊ सिंचाई और बहाव सिंचाई योजनाएं बनाई जा रही हैं। इस योजना के तहत इस वित्त वर्ष में 8 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं।

# स्वस्थ भारत निर्माण में योग की भूमिका अहम : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, ऊना**




पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर इंदिरा गांधी स्टेडियम ऊना में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 49वीं सब जूनियर एवं जूनियर योग प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

49वीं सब जूनियर एवं जूनियर योग प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ने कहा, 'योग बिना किसी समस्या के जीवन भर तंदुरुस्त रहने का सबसे अच्छा, सुरक्षित, आसान और स्वस्थ तरीका है। योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक स्तर जैसे सभी आयामों पर नियंत्रण के द्वारा उच्च स्तर की संवेदनशीलता प्रदान करता है और स्वस्थ्य भारत निर्माण में योग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।'

आज ऊना के इंडिया गांधी स्टेडियम में 32 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश के 800 से ज्यादा प्रतिभागियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्तर की 49 वीं सब जूनियर एवं जूनियर योग प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह का सफल आयोजन हुआ।

अनुराग सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व आयोजकों से आह्वान किया कि वे वापस अपने-अपने राज्यों में जाकर कम से कम 10-10 नए लोगों को योग से जोड़ें, ताकि हमारी गौरवमई प्राचीनतम संस्कृति योग जिसको देश के सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री बनने के उपरांत लगभग 200 देश में स्वीकार्यता दिलाए।

वहीं अनुराग ठाकुर ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के बंदीछोड़ श्री लालपुरी विष्णु बीटन धाम में बंदीछोड़ श्री सतगुरु लाल दास जी महाराज भूरीवाले (रकबेवाले) के आगमन दिवस महाराज जी के समक्ष शीश नवाया व ऊना सर्किट हाउस में जनसमस्याओं की सुनवाई की।

## न्यूज ब्रीफ

### जुजपुर के छात्रों का बाल मेले में बेहतरीन प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुंडियां में ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए गए बाल मेले में जुजपुर के छात्रों ने सभी स्कूलों को मात देते हुए ग्रुप सॉन्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। खुंडिया स्कूल के प्रधानाचार्य कमलेश शर्मा ने विजेता बच्चों की प्रशंसा की और इन्हें सम्मानित भी किया। अब ये बच्चे 28 अक्तूबर को खुंडिया में ही अपनी प्रतिभा का लोहा फिर से मनवाएंगे। इस दौरान जुजपुर के मुख्याध्यापक ओंमकार शर्मा ने कहा कि हमारे बच्चों में बहुत सी प्रतिभा है, बस इन्हें जरूरत है तो सही मंच देने की। हाल ही में हमारी एक छात्रा ताइक्वांडो में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल लेकर लौटी है। अन्य खेलों में भी हमारे बच्चे हर वर्ष पीहड़ी स्कूल के साथ मिलकर विजेता बनकर लौटते हैं। वे जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी भाग लेते हैं। ओंकार शर्मा ने इन सभी बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### थुरल खंड की चार पंचायतें टीबी मुक्त घोषित



**अनंत ज्ञान, डरोह।** एसडीएम जयेसिंहपुर संजीव ठाकुर द्वारा थुरल चिकित्सा खंड की चार ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से खंड चिकित्सा अधिकारी थुरल अनीता शर्मा, चिकित्सा अधिकारी जयसिहंपुर सुभाष, सुपरवाइजर शशि कुमार, रमेश, अनूप चौहान व स्वास्थ्य वर्कर रीना उपस्थित रहे। इस बीच खंड चिकित्सा अधिकारी थुरल अनिता शर्मा ने बताया कि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए सभी की भागेदारी आवश्यक है। एसडीएम जयसिंहपुर ने ग्राम पंचायत प्रधान लंबागांव सुमन मेहरा, अप्पर लंबागांव प्रधान परमिंदर कुमारी, विवेक राणा प्रधान कुहन, प्रधान लाहट प्रताप सिंह को अपनी पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के लिए बधाई दी व स्मृति चिंह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### नौरा स्कूल में एनएसएस कैंप का समापन




**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन समारोह पूरे जोश के साथ रविवार को पूर्ण हो गया। इसकी अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी नरेश राणा तथा अनिता कुमारी के द्वारा की गई। नरेश राणा ने बताया कि इस विशेष शिविर में 35 बच्चों ने भाग लिया। इस शिविर में 17 लड़के तथा 18 लड़कियां शामिल थीं। इस विशेष शिविर में बच्चों ने राष्ट्रीय सेवा की भावना से कार्य किया। सफाई का कार्य भी पूरी लगन व निष्ठा के साथ किया गया। इस शिविर में ओवरऑल बेस्ट की ट्रॉफी पलक को दी गई तथा बेस्ट गर्ल की ट्रॉफी मीणा तथा बेस्ट ब्वॉय की ट्रॉपी अक्षित को प्रदान की गई। सफल आयोजन के लिए बच्चों को स्मृति चिन्ह और मेडल भी प्रदान किए गए।

# पांगी में मात्र 5 प्रतिशत राशन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी

## सोलन जिले में सबसे ज्यादा और लाहौल-स्पीति जिले में सबसे कम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के सोलन जिला में सबसे ज्यादा, जबकि लाहौल-स्पीति में सबसे कम ई-केवाईसी हुई है। चंबा जिला के शीत मरुस्थल पांगी में महज 5 प्रतिशत राशन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी हो पाई है। इसका मुख्य कारण पांगी में पोज मशीनों के देरी से पहुंचने के कारण सितंबर से ई-केवाईसी का काम शुरू हुआ है। हालांकि करीब 2 माह गुजर जाने के बाद भी मात्र 5 फीसदी ई-केवाईसी होना हैरानी भरा है।

इस बारे में जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवार ने बताया कि कांगड़ा तथा चंबा जिलों के डिपुओं में से चंबा जिला के तीसा खंड के तहत भलौड़ी पंचायत के खैरना स्थित उचित मूल्य की दुकान के डिपोधारक यासीन अहमद ने शत प्रतिशत ई -केवाईसी कर उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में 1710053 में से 1339093 की ई-केवाईसी हो चुकी है, जबकि 370946 की शेष है। वहीं, चंबा जिला में 546213 में से 394273 की ई-केवाईसी हो चुकी है, वहीं 146393 उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी होना बाकी है। (अनंत ज्ञान)



### तीसा के खैरना डिपो में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी



यासीन अहमद
डिपो होल्डर

**प्रदेश** में ई-केवाईसी पूरी करने की कवायद जारी है। भले ही प्रदेश भर में ई-केवाईसी पूरी होने में अभी देरी है, लेकिन चंबा जिला की कुल 1641 उचित मूल्य की दुकानों में से तीसा के खैरना डिपो होल्डर यासीन अहमद ने शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूरी कर ली है। इसकी पुष्टि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवार ने की है।

### क्या कहते हैं खाद्य आपूर्ति नियंत्रक



**आंकड़ों** की पुष्टि करते हुए कांगड़ा तथा चंबा जिला के खाद्य आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवार ने बताया कि दोनों जिलों के करीब 1600 राशन डिपो में से चंबा जिला के तीसा के खैरना डिपो में शत प्रसिद्ध प्रतिशत ई-केवाईसी हुई है, जबकि पांगी में मात्र 5 फीसदी ई-केवाईसी हुई है। उन्होंने बताया कि पांगी में पोज मशीनों के न होने के कारण सितंबर माह से ही ई-केवाईसी का काम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट सिग्नल की समस्या के कारण भी पांगी में कम ई-केवाईसी हुई है।

# परागपुर के फूड इंस्पेक्टर पर ऑन ड्यूटी जानलेवा हमला

**स्वीट शॉप में पॉलीथिन व प्लास्टिक गिलास मिलने पर काटा था चालान**

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

थाना देहरा के तहत परागपुर के फूड इंस्पेक्टर लवनीत डोगरा पर ऑन ड्यूटी कुछ युवाओं ने जानलेवा हमला किया है। उन पर यह हमला प्रतिबंधित पॉलीथिन में मिठाई बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने पर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संसारपुर टैरेस के निकट रीडी कुठेड़ा में फूड इंस्पेक्टर दुकानों की जांच कर रहे थे। एक मिठाई की दुकान में प्रतिबंधित पॉलीथिन और प्लास्टिक के गिलास मिलने पर उन्होंने चालान काटा।



लवनीत डोगरा
फूड इंस्पेक्टर

हमले का शिकार हुए लवनीत डोगरा की मानें तो उपरोक्त दुकानदार ने चालान भुगतने से इनकार कर दिया और उसके बाद तीन हमलावर युवाओं ने फूड इंस्पेक्टर लवनीत डोगरा का काली थार से पीछा किया और करतार फिलिंग स्टेशन के पास उनकी कार को रोककर बेरहमी से बुरी तरह पीटा। हमलावरों ने डोगरा के साथ मारपीट ही नहीं की, बल्कि उनके कपड़े और सरकारी कागजाद फाड़े, फोन छीनकर उसकी तस्वीरें हटा दीं और जान से मारने की धमकी भी दी।

फिलहाल, देहरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस चौकी संसारपुर टेरेस मामले की जांच में जुट गई है। डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर ने भी घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने धारा 126 (2), 132, 121(1), 351(2), 3 (5) के तहत आरोपी शुभम कुमार पुत्र सुभाष के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# एसडी स्कूल ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

## एनकेएसडी स्कूल सिद्धपुर में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म शिक्षा समिति बैजनाथ द्वारा संचालित और प्रबंधित स्कूलों के दो दिवसीय खेल समारोह का समापन नंद कुमार सनातन धर्म पब्लिक स्कूल सिद्धपुर में धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष और जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता में तीन स्कूलों के 150 बच्चों ने भाग लिया। डॉ. विवेक ने जीजीडीसडी शिक्षा समिति की ओर से इस खेल आयोजन के लिए 40,000 रुपए की सहायता राशि की घोषणा की। उन्होंने अपने पिता प्रधानाचार्य स्व. नंद कुमार शर्मा की स्मृति में सर्वश्रेष्ठ बालिका टीम के लिए 11,000 रुपए का नकद पुरस्कार एवं एक



रनिंग ट्रॉफी की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक, मानसिक विकास बल्कि चरित्र निर्माण में भी सहायक होती हैं। समापन पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी चमेल सिंह ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

उन्होंने इस खेल आयोजन के लिए समिति को बधाई दी और स्कूल के लिए 11,000 रुपए की राशि प्रदान की। उन्होंने खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए इसके लाभ विद्यार्थियों से साझा किए।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित डॉ. एससी शर्मा ने 11,000 और करुण शर्मा ने स्कूल के लिए 5,100 रुपए का योगदान दिया। पंडित अमर नाथ शर्मा एसडी स्कूल बैजनाथ ने ओवरऑल और सर्वश्रेष्ठ बालिका टीम रनिंग ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, मुख्यातिथि चमेल सिंह और डॉ. विवेक शर्मा ने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर जनता को भ्रमित कर रहे विधायक : कुलभाष

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा खोली वार्ड के जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने विधायक पवन काजल पर प्रहार करते हुए कहा कि विधायक ने शनिवार को कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर जो रैली निकाली, वह जनता को भ्रमित करने के लिए थी। क्योंकि इससे पहले कभी विधायक पवन काजल इस विरोध में नजर नहीं आए। चौधरी ने कहा कि उन्होंने अपने महामंत्री की ड्यूटी लगाई और संदेश भिजवा दिया कि आज हम एयरपोर्ट विस्तारीकरण का विरोध करेंगे और उसके बाद भंडारे का आयोजन भी रहेगा लेकिन विरोध प्रदर्शन में जनता दिखी ही नहीं।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में जब संघर्ष समिति की स्थापना हुई थी तो उन्हें इसका अध्यक्ष बनाया गया था। हजारों की संख्या में लोगों ने उनके साथ मिलकर इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद विधायक ने अपने मंडल के जिला महामंत्री को इस समिति का अध्यक्ष बना दिया और तब से ही यह संघर्ष समिति कमजोर हो गई। उन्होंने कहा जब मैं संघर्ष समिति का अध्यक्ष था, तब मैंने सबको साथ में लेकर इसका पुरजोर विरोध किया।

उन्होंने कहा कि मेरा गगल की जनता से आग्रह है कि अभी भी समय है एकजुट होकर अपने-अपने घरों से बाहर निकलें और इसका जोर लगाकर विरोध करें और सरकार के खिलाफ भी विरोध करें अगर सड़कों में चक्का जाम भी करना पड़ा तो उससे भी न रुके क्योंकि तक हम एकजुट नहीं होंगे तब तक इस विस्तारीकरण को नहीं रोका जा सकेगा। (अनंत ज्ञान)

### फूड इंस्पेक्टर पर हुए हमले की कड़ी निंदा की



**परागपुर।** फूड इंस्पेक्टर पर हुए जानलेवा हमले को लेकर उपमंडल के सहकारी सभा सचिव व उचित मूल्य की दुकानों के सेल्समैन उनके साथ खड़े हो गए हैं। सरकारी ऑफिसर पर हुए इस जानलेवा हमले की करियाड़ सोसायटी सचिव एवं ब्लॉक सहकारी सभाएं देहरा के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर, चौली में उचित मूल्य की दुकान के सेल्समैन दलीप सिंह वर्मा आदि ने कड़े शब्दो में निंदा करते हुए अरोपी हमलावरों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी के साथ इस तरह का बर्ताव करना सही नहीं है।

## हेल्थ इज वेल्थ



जिन लोगों को हाई बीपी की शिकायत है उन्हें ब्रेन स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा होता है। खासकर 80 साल के उम्र से ज्यादा वाले लोगों को 4 गुना ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। यह कई कारणों से हो सकता है। अगर आपकी डाइट गड़बड़ रहेगी, मोटापा, जिन लोगों की फिजिकल एक्टिवी कम होती है उन्हें भी ब्रेन स्ट्रोक का खतरा काफी ज्यादा होता है. जिन लोगों को हाई बीपी की शिकायत है उन्हें अपने खानपान और लाइफस्टाइल का खास ख्याल रखना चाहिए।

# हाई बीपी वालों को ब्रेन स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा

**भारत** के युवाओं में आए दिन ब्रेन स्ट्रोक के मामले दिन पर दिन बढ़ रहे हैं। इस मामले में पिछले 5 सालों में 25 प्रतिशत तक वृद्धि देखने को मिली है। सबसे ज्यादा मामले 25-40 साल की उम्र वाले लोगों में दिखाई देती है। दरअसल, इसके पीछे का कारण खराब लाइफस्टाइल, खानपान, खराब आदतें, धूम्रपान और मॉर्जन लाइफस्टाल के चक्कर में खानपान का ध्यान नहीं रखना, जिसके कार कई सारी बीमारियों का शिकार होना जैसे-हाई बीपी, डायबिटीज आदि। सिर्फ ब्रेन स्ट्रोक ही नहीं, बल्कि शुगर और हाई बीपी की ओर भी इशारा करती है। इसके अलावा जेनेटिक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। जैसे- स्लीपिंग डिसऑर्डर, दिल से जुड़ी बीमारियां, हाई बीपी, स्ट्रेस और तनाव के कारण कई सारी बीमारियां आजकल लोगों को हो रही है। इन सब के अलावा एयर पॉल्यूशन भी उसमें से एक कारक है।

# हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का कारण तनाव

## खेलकूद और व्यायाम तनाव से देता है आराम



*भागदौड़ भरी जिंदगी में स्ट्रेस एक आम समस्या बन गई है। तनाव को एक अनचाहा मेहमान कहा जा सकता है, जो कभी भी किसी के घर में भी दस्तक दे सकता है। तनाव किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है, चाहे वह बच्चा हो, युवा हो या बुजुर्ग। इससे बचाव का एक मात्र उपाय खेलकूद और व्यायाम से जुड़ाव है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि तनाव का असर हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर पड़ता है। यह हमें चिड़चिड़ा, निराशा से भरा हुआ और थका हुआ महसूस कराएगा जिससे नींद की समस्या उत्पन्न होती है। इसके साथ ही, स्ट्रेस के कारण हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी बीमारियां हमें घेर लेती हैं। तनाव या फिर इन स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति में आप हमारे स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।*

**तनाव के कारण :** तनाव या स्ट्रेस होना एक सामान्य बात है। स्ट्रेस एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें हमें किसी भी परिस्थिति से निपटने या फिर निर्णय लेने में कठिनाई होती है। तनाव मानव शरीर को मानसिक और शारीरिक दोनों ही तरीकों से प्रभावित कर सकता है। तनाव होने पर कोर्टिसोल नाम का हार्मोन पूरे शरीर में फैल जाता है। इसके कारण दिल की धड़कन बढ़ जाती है और इसका प्रभाव शरीर और चेतना पर पड़ता है। तनाव, चिंता और उदासी विभिन्न प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा होता है। इस स्थिति के दौरान शरीर बड़ी मात्रा में रासायनिक कोर्टिसोल, एपिनेफ्रीन और नॉरपेनेफ्रिन नामक हार्मोन का निर्माण करता है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत देता है। काम का दबाव, परिवार की समस्याएं, आर्थिक समस्याएं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, रिश्तों में समस्याएं, नौकरी की चिंता दुखद अनुभव, जैसे किसी प्रियजन की मृत्यु या कोई दुर्घटना यह उदासी और निराशा के मुख्य कारण है, जो कहीं न कहीं एक व्यक्ति के जीवन में तनाव की स्थिति उत्पन्न कर सकती है।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

**व्यायाम दे तनाव से राहत :** एक्सपर्ट्स का मानना है कि व्यायाम तनाव से राहत दिलाने वाला एक बेहतरीन उपाय हो सकता है जो एंडोर्फिन (मस्तिष्क में अच्छा महसूस कराने वाले रसायन) को रिलीज करता है और आपको तनाव से बाहर निकालने में मदद करता है। विशेष रूप से चलना या दौड़ना लयबद्ध गति प्रदान करता है जो आपको अपना ध्यान फिर से समायोजित करने और तनाव से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। खेल से जुड़ाव भी तनाव से दूर रहने में मदद करता है।



*प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन*

# सुबह-सुबह वॉक करने से फौलादी बन सकता है शरीर

**सेहत को मिलेंगे कमाल के फायदे**

***सेहत को मजबूत बनाए रखने के लिए हर रोज थोड़ी-बहुत फिजिकल एक्टिविटी करना बेहद जरूरी है। अगर आप जिम जाने के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं, तो सुबह-सुबह वॉक करने के नियम को जरूर फॉलो करें। सुबह वॉक करना न केवल आपकी फिजिकल हेल्थ के लिए, बल्कि आपकी मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है। मॉर्निंग वॉक के कुछ कमाल के फायदों के बारे में जानकर आप भी इसे अपने डेली रूटीन में शामिल कर लेंगे।***

### मजबूत बनाए इम्यूनिटी

दादी-नानी के जमाने से बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को रोज सुबह-सुबह उठकर टहलने जाने की सलाह दी जाती है। अगर आप हर रोज नियम से मॉर्निंग वॉक करते हैं, तो आपके इम्यून सिस्टम को काफी हद तक मजबूत बनाया जा सकता है यानी आप खुद को बार-बार बीमार पड़ने से बचा सकते हैं। सुबह लगभग आधे घंटे का समय निकालकर टहलने का नियम जरूर बनाएं।

### वेट लॉस में मददगार

अगर आप अपनी वेट लॉस जर्नी को आसान बनाना चाहते हैं तो आपको मॉर्निंग वॉक को अपने डेली रूटीन में जरूर शामिल कर लेना चाहिए। महीने भर के अंदर आप अपने बढ़ते हुए वजन पर काबू पाने लग जाएंगे। इसके अलावा रोज सुबह वॉक करने से आप अपनी बोन और मसल हेल्थ को भी मजबूत बना सकते हैं।

### हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद

मॉर्निंग वॉक करके आप हाई बीपी की समस्या को भी काफी हद तक कंट्रोल कर सकते हैं। सुबह-सुबह ताजी हवा में वॉक करने से आपके दिल की सेहत को स्ट्रॉन्ग बनाया जा सकता है। मॉर्निंग वॉक दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करने में कारगर साबित हो सकती है। डायबिटीज के मरीजों को भी रोज सुबह वॉक करने की सलाह दी जाती है।



**(ये आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें)**

# यूरिक एसिड के मरीजों के लिए लहसुन है फायदेमंद



***जब हमारा शरीर प्रोटीन को सही से पचा नहीं पाता है तो इसकी वजह से प्रोटीन से निकलने वाला प्यूरिन जो कि एक वेस्ट प्रोडक्ट है वो बढ़ने लगता है। ये हड्डियों में पथरी के रूप में जमा हो जाता है और एक गैप पैदा करने लगता है जिसे गाउट की समस्या कहते हैं। समय के साथ ये समस्या बढ़ने लगती है और परेशान करती है। ऐसे में आप अगर लहसुन का सेवन करें तो इसमें कमी आ सकती है। दरअसल, आज हम आपको बताएंगे कि कैसे लहसुन हाई यूरिक एसिड की समस्या में कारगर तरीके से काम करता है।***

### पाचन तंत्र को बढ़ाता है लहसुन

**लहसुन** में पाया जाने वाला एस-एलिल-एल-सिस्टीन यौगिक जैसे जैथिन ऑक्सीडेज एंजाइम शरीर में यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद करता है। लहसुन एक स्वस्थ पाचन तंत्र को बढ़ावा देता है और शरीर के डिटॉक्सिफिकेशन में सहायता करता है और यूरिक एसिड के निर्माण को रोकता है। ये नींबू और विटामिन सी से भरपूर है जो शरीर में यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में सबसे कारगर उपाय हैं।

### एंटीइंफ्लेमेटरी है लहसुन

लहसुन एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है और शरीर में सूजन और दर्द को रोकता है। ये हड्डियों के लिए इसी प्रकार से फायदेमंद है और गाउट के दर्द में कमी लाता है। तो, लहसुन का सेवन हड्डियों के बीच दर्द को कम करता है और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं में कमी लाता है। इस प्रकार से हाई यूरिक एसिड में लहसुन फायदेमंद है।

### हाई यूरिक एसिड के मरीज ऐसे खाएं लहसुन

तो, आपको करना ये है कि लहसुन की 5 से 6 कलियों को कूच लें और एक पैन में सरसों तेल डालकर छोड़ दें। फिर इसमें पानी डालें और हल्का सा काली मिर्च, नींबू का रस और काला नमक मिलाकर उबलने दें। फिर इस पानी को छान लें और पिएं। रोज ये सुबह खाली पेट करें। आपको इसका फायदा खुद नजर आएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### सांसद राजीव भारद्वाज से मिले एसजीएम मौर्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीएसएनएल धर्मशाला के वरिष्ठ महाप्रबंधक विपिन



कुमार मौर्या ने रविवार को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज से नूरपुर में एक शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक ने धर्मशाला दूरसंचार जिला कांगड़ा व चंबा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सांसद भारद्वाज ने आश्वासन दिया कि जल्द ही एक बैठक के माध्यम से दूरसंचार से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### रैहन में प्रवासियों ने सजाए सामान, दुकानदार परेशान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के व्यवसायिक कस्बा रैहन में आजकल



प्रवासी दुकानदारों ने ढेरे जमा लिए हैं। इस कारण स्थानीय दुकानदार खासे परेशान हैं। इसी विषय पर रविवार दोपहर बाद 3 बजे स्थानीय दुकानदारों ने फोन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से एक के बाद एक प्रवासी रैहन बाजार में दुकानदारी करने जुट रहा है। जिस कारण स्थानीय दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि उक्त प्रवासियों को रैहन बाजार से चले जाने के आदेश दें, अन्यथा रैहन के दुकानदारों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

### फतेहपुर में 108 ने पास किया ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वजीर राम सिंह स्टेडियम फतेहपुर में परिवहन विभाग द्वारा



एसडीएम फतेहपुर की अध्यक्षता में प्रशिक्षु वाहन चालकों के ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग का शेड्यूल रखा गया था। जिस दौरान एमवीआई अनमोल बैंस ने दोनों प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए 108 प्रशिक्षु वाहन चालकों को ड्राइविंग टेस्ट में पास किया, जबकि 40 वाहनों को रोड़ पर चलने का फिटनेस सर्टिफिकेट दिया। इस मौके पर एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती, लाइसेंस क्लर्क सतबीर सिंह,परिवहन विभाग की तरफ से मरोहर लाल भी उपस्थित रहे।

### कबड्डी में भगत सिंह सदन ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, गगल।** आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में दो दिवसीय खेल



प्रतियोगिता संपन्न हो गई। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य अंजना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हायर विंग में लड़कों ने खो-खो, बैडमिंटन और कबड्डी में राजगुरु सदन प्रथम रहा। लड़कियों में खो-खो और बैडमिंटन में शिवाजी सदन तथा कबड्डी में भगत सिंह सदन प्रथम रहा प्राइमरी विंग में कबड्डी लड़कों में वन शिवाजी सदन और कबड्डी गर्ल्स में भगत सिंह सदन प्रथम रहा। खेलों का समापन होने के बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस उपलक्ष्य पर संस्था अध्यक्ष सुभाष चंद धलोरिया ने सभी सदनों को बधाई देकर वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन किया।

### स्वयंसेवियों को दिए सफलता पाने के टिप्स

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्णनगर में चल रहे एनएसएस कैंप के छठवें दिन बौद्धिक विमर्श सत्र में स्वयंसेवियों से चर्चा के लिए आमंत्रित शिक्षाविद एवं लेखक अनुज आचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनसे ड्रीम रूट चुनने का आग्रह किया। इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों से खुली आंखों से सपना देखने की ताकीद करते हुए घर से बाहर निकलने, मंजिल की दिशा में जाने के लिए रोड़ मैप बनाने, अपने लक्ष्य को पाने के लिए एक तिथि निर्धारित करने, अनुशासित रहकर कार्य करने, समर्पित भाव से तैयारी करने और दृढ़ प्रतिज्ञ होकर अपनी मंजिल पर पहुंचने के सूत्र समझाए। शिक्षक अनुज आचार्य ने छात्रों को नशे दूर रहने की सलाह देते हुए एकाग्रता, मेहनत, लगन, दृढ़ता, ज्ञान प्राप्ति, सकारात्मक सोच और निरंतर तैयारी करके सफलता प्राप्त करने की शिक्षा दी।

### नूरपुर में 4 से 6 तक इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हेडा की मासिक बैठक में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से



आए चिकित्सकों ने इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए पुरज़ोर कार्य करने का फैसला किया है। सर्वोदय भवन बगली धर्मशाला में आयोजित बैठक में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उत्तम चंद कौंडल ने बताया कि 4-6 नवंबर को नूरपुर बस स्टैंड पर श्री कृष्णा इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक सेंटर में तीन दिवसीय निशुल्क कैंप लगाया जाएगा। इसमें हर प्रकार के रोगियों का नाड़ी परीक्षण करके उपचार किया जाएगा। ग़ौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के बढ़ते प्रभाव को देखकर सैकड़ों लोग लाइलाज बीमारियों का उपचार करने इन केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस सेंटर का संचालन हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक संघ की देखरेख में किया जा रहा है । राज्य संयोजक सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में हिमाचल प्रदेश के अलावा पंजाब के वरिष्ठ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। यह भी जानकारी दी कि नवंबर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह बगली धर्मशाला में आयोजित होगा जिसमें सांसद डॉ राजीव भारद्वाज व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि मौजूद होंगे ।

### भाजपा नेता पवन के भाई के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** भाजपा नेता पवन राणा के बड़े भाई चंद्र सिंह राणा के



निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। बड़ोह क्षेत्र के तहत जंद्राह के रहने वाले चंद्र सिंह राणा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। भाजपा की हिमाचल से लेकर राष्ट्रीय राजनीति में अहम स्थान रखने वाले पवन राणा के भाई के निधन पर कई हस्तियां शोक मनाने उनके घर जंद्राह में आ रही हैं। गत रोज एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार, सहकारी सभा प्रधान व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने पवन राणा के घर जाकर शोक प्रकट किया। बलविंद्र सिंह बबलू ने उनके परिवार को ढाड़स बंधाया।

### हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ के जिला स्तरीय सम्मेलन में प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष बोले

# शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों की रचनात्मक सहभागिता जरूरी : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आर.एस. बाली ने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है तथा शिक्षा क्षेत्र के सुधार में शिक्षकों की रचनात्मक सहभागिता जरूरी है। शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है।

रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ की जिला स्तरीय बैठक में बतौर मुख्यातिथि आरएस बाली ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षकों को अपने विद्यालयों में ऐसा माहौल तैयार करना चाहिए, जिसमें विद्यार्थी राष्ट्रभक्ति, संस्कार और देश प्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के कायाकल्प के लिए अनेक नवाचार कदम उठाए हैं। ऐसी ही एक पहल है 'अपना विद्यालय: द हिमाचल स्कूल अडोप्शन प्रोग्राम' इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेशवासी राजकीय पाठशालाओं को गोद लेकर शिक्षा क्षेत्र के सुधार में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, नशे की प्रवृति इत्यादि आदतों से आज का युवा समाज से विमुख हो रहा है। युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदारियों का बोध करवाने के लिए शिक्षकों का अहम रोल है। विद्यालयों में बच्चों की करियर काउंसलिंग, नशे की बुराईयों, महिला सशक्तिकरण, कानूनी जानकारी और मौलिक कर्त्तव्यों की जानकारी देना भी अत्यंत जरूरी है। बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को विकास के हर क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से 27 करोड़ रुपए की लागत से सबसे बड़ा पार्किंग का प्रोजेक्ट नगरोटा बगवां में निर्मित किया जाएगा प्रदेश का सबसे बड़ा मॉडल स्पोर्ट्स कंपलेक्स नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के हटवास व रजियाना में बनाया जायेगा।

इससे पहले हिमाचल राजकीय अध्यापक सघं के जिला कांगडा के प्रधान सचिन जसवाल ने मुख्यातिथि तथा अन्य आये हुए मेहमानों का स्वागत किया। इसके उपरांत आरएस बाली ने लोगों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया तथा शेष समस्याओं के समाधान हेतू सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर चीफ पैटर्न नागेश्वर पठानिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश पराशर, महासचिव सुमन चौधरी, हिमाचल राजकीय अध्यापक सघं कार्यकारिणी के सभी सदस्य, प्रधानाचार्य सरवन कुमार, शिक्षा खडों से चुने हुए प्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष, अध्यापक व अन्य कार्यकारिणी के सदस्यों सहित ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप रियाड, महासचिव अरुण कटोच, कांग्रेस कमेटी के अन्य सदस्य, हिमाचल राजकीय अध्यापक सघं के सहित क्षेत्र के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हैप्पी बर्थडे



बनेहड़ (जोगिंद्रनगर) की वान्या सकलानी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा की पलक को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## जगदेव ठाकुर का फतेहपुर में किया जोरदार स्वागत



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

विधानसभा फतेहपुर की पंचायत भाटियां से संबंधित जगदेव ठाकुर को भाजपा हाईकमान द्वारा संगठनात्मक जिला नूरपुर का चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया है। रविवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर पहुंचने पर दर्जनों समर्थकों द्वारा हार पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त सह चुनाव प्रभारी जगदेव ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी हाई कमान का आभार जताया साथ ही आश्वस्त किया कि जो जिम्मेदारी पार्टी हाई कमान द्वारा उन्हें सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा छेड़े गए सदस्यता अभियान ने मद्देनजर अब राष्ट्र स्तर, प्रदेश स्तर व जिला स्तर के चुनाव होंगे, जिसके लिए हाई कमान द्वारा नियुक्तियां की गई हैं। इसमे संगठनात्मक जिला नूरपुर का सह चुनाव प्रभारी उन्हें बनाया गया है। इस मौके पर कैप्टन भाग सिंह, कैप्टन चैन सिंह, शक्ति पठानिया, करनैल राणा, मोहिंदर सिंह, रिखी राम, ओंकार सिंह, गगन सिंह, दिलबाग सिंह, चैन सिंह, राज कुमार शर्मा, सुजान सिंह सहित दर्जनों समर्थक उपस्थित रहे।

## स्कूलों में बागवानी और कृषि विषय पढ़ाने का निर्णय सराहनीय: डोगरा

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** किसान नेता मनजीत डोगरा ने हिमाचल प्रदेश में बागवानी व कृषि विषय को स्कूलों में भी पढ़ाए जाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के उस बयान की प्रशंसा की, जिसमें बागवानी व कृषि विषय को नए सत्र से पढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। किसान नेता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जीडीपी में कृषि व बागवानी का लगभग 18 प्रतिशत योगदान रहता है तथा यह प्रदेश की मुख्य तीसरे नंबर की बड़ी आर्थिक गतिविधि है। कृषि तथा बागवानी विषय को स्कूलों में पढ़ाए जाने से क्षेत्र में मजबूती मिलेगी तथा आने वाले समय में नए-नए प्रयास होंगे। डोगरा ने कहा कि वह लंबे समय से प्रदेश में शासन करने वाले सरकारों से मांग कर रहे थे कि स्कूली स्तर पर कृषि तथा बागवानी विषय शुरू किया जाए।

## लोअर खोली में 19 .8 ग्राम हेरोइन के साथ एक अरेस्ट

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे चिट्टे के कारोबार से कांगड़ा के लोग का जीना हराम हो गया है। इसके चलते कांगड़ा पुलिस को भी कई शिकायतें मिल रही थीं, परंतु पुलिस के पास पुख्ता जानकारी न होने के कारण पुलिस द्वारा इस मुद्दे पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

वहीं, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुख्ता सूचना मिलने पर शनिवार देर रात लोअर खोली गांव के 27 वर्षीय गौरव कुमार के घर छापा मारा, जिसमें पाया गया कि आरोपी ने अपने बेडरूम की अलमारी में 19.8 ग्राम हेरोइन रखी थी, जिसे पुलिस ने बरामद करने में सफलता पाई। डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि आरोपी से जब कड़ी पूछताछ की गई तो उसने खुलासा किया कि वह



मंडी में एक स्क्रैप डीलर के यहां काम करता था। लेकिन, पिछले कुछ महीनों से कोई काम नहीं कर रहा था। उसने अपना मोबाइल फोन 25,000 रुपए में बेच दिया था। इस पैसे से उसने प्रतिबंधित सामग्री खरीदी थी। पुलिस पूछताछ कर रही है कि उसके संपर्क में और कौन-कौन हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी गौरव कुमार को वर्ष 2019 में भी हेरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को रविवार को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## लाखों मिलीलीटर शराब की नष्ट

**इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश के नशे के सबसे बड़े गढ़ माने जाने वाले थाना इंदौरा के अंतर्गत गांव चन्नी बली में पुलिस जिला नूरपुर एसपी अशोक रतन के दिशा निर्देशानुसार आज सुबह डीएसपी इंदौरा संजीव यादव के नेतृत्व में गांव छन्नी बेली में नशे के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की गई, जिसमें थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कल्याण सिंह, सब इंस्पेक्टर देवराज शर्मा तथा रैपिड एक्शन की टीमों ने हिस्सा लिया तथा लाखों मिलीलीटर शराब और कच्ची लहान को नष्ट किया गया। इस मौके पर डीएसपी संजीव यादव ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## 10 गारंटियों के साथ सुक्खू सरकार की गारंटी भी खत्म

**धर्मशाला।** विधानसभा 2022 के चुनावों हिमाचल



प्रदेश की जनता को 10 गारंटियों का लालच देकर सत्ता में आई सुक्खू सरकार की गारंटी भी अब खत्म हो चुकी है। सत्ता के दो वर्ष का समय बीत जाने के बावजूद सुक्खू सरकार अभी तक अपने सभी वायदों को पूरा नहीं कर पाई है, जिसके कारण लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश सिर के पार हो चुका है। हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि प्रदेश में सुक्खू सरकार को बने दो साल हो चुके हैं। सरकार के वायदे कहां गोल हो गए, यह जनता को समझ नहीं आ रहा। प्रदेश की महिलाएं 1500 रुपए का इंतजार कर रही हैं। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को 5 लाख नौकरी, महिलाओं को 1500 रु, स्टार्टअप फंड के 680 करोड़ जैसी गारंटियां पहली कैबिनेट में देने का वायदा किया था। लेकिन आज सरकार कभी आपदा का बहाना बना रही है तो कभी केंद्र की सरकार के खिलाफ झूठी ब्यानबाजी कर अपनी दी गई गारंटीयों से पल्ला झाड़ने का प्रयास कर रही है।

## पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के लिए अब तक 32 देशों के 143 पायलटों ने किया आवेदन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध बीड़-बिलिंग घाटी में 2 से 9 नवंबर तक होने वाले पैराग्लाइडिंग के दूसरे वर्ड कप में भाग्य आजमाने के लिए अब 32 देश के 143 विदेशी व भारतीय पायलटों आवेदन किया है। इनमें से भारत के 23 पायलट भी हैं। अब तक करीब 10 महिला पायलटों ने भी प्रतियोगिता में शामिल हो रही है। 30 अक्तूबर तक और पायलटों के आवेदन करने की संभावना है। अब तक 143 पायलटों में से योग्य 105 पायलट शार्ट लिस्ट किए गए हैं। बीपीए की टेक्निकल कमेटी द्वारा हर पहलू की जांच करने के बाद अब तक 105 पायलट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शार्टलिस्ट किए गए हैं। बीपीए द्वारा प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पायलटो की 30 अक्तूबर तक फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी। वहीं, टेक्निकल मनेजर सुरेश ठाकुर ने बताया कि बप की टेक्निकल टीम बड़ी गहनता से हर पायलट की छानबीन कर रही है तथा योग्य पायलट को ही इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सिलेक्ट किया जाएगा अब तक लगभग 105 पायलट शॉर्टलिस्ट किए गया है अभी प्रतियोगिता के लिए 5 दिन शेष है 30 अक्तूबर तक और आवेदनों की उम्मीद है उसके बाद फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### इन देशों के पायलटों ने किया आवेदन

**आवेदन** करने वाले 32 देशों में यूएसए, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, आर्मेनिया, ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, चाइनीज़ तायपेई, क्यूबा, फिनलैंड, फ्रांस, हॉन्गकोंग, हंगरी, इंडोनेशिया, ईरान, इजरायल, इटली, कजाखिस्तान, मेक्सिको, नेपाल, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, सिंगापुर, साउथ कोरिया, स्पेन, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम, वियतनाम तथा इंडिया के प्रतिभागी शामिल हैं। बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि इस बार यूक्रेन के किसी भी पायलट ने आवेदन नहीं किया है।

## मशरूम उत्पादन स्वरोजगार का महत्वपूर्ण स्त्रोत : संजय चौहान



**अनंत ज्ञान, डरोह।** बागवानी विभाग के मशरूम विकास परियोजना पालमपुर ने सुलह और लंबागांव विकास खंड के किसानों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन गत दिवस हुआ। हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान ने बतौर मुख्यातिथि किसानों से कहा कि आप अब प्रशिक्षण प्राप्त विशेष किसान हैं। अब आप अपने क्षेत्र में जाकर अन्य साथियों को प्रशिक्षण प्रदान करें। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में किसानों के लिए अनेक कार्यक्रम और योजनाएं चलाई जा रही है। बैंक से वित्त पोषित कामधेनु संस्था ने जिला सोलन के अर्की उपमंडल में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद अब विपणन जिसे मार्केटिंग बोलते है उसका भी बहुत योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन स्वरोजगार का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है।

## नरवाणा में दुकान से शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत दुकान से शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो नरवाणा बाजार में संजीव निवासी नरवाणा, तहसील धर्मशाला की दुकान से 8,250 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है । इस सन्दर्भ में धारा हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39-1(ए) के तहत पुलिस थाना धर्मशाला में दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

## लंबागांव में पकड़ी 5,250 मिली शराब

**लंबागांव।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो मांदी खड्डु पुल के पास विकास निवासी मुण्ढी तहसील थुरल के पास से 5,250 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की गई । इस संदर्भ में पुलिस थाना लंबागांव में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा धारा 39-1(ए) में दर्ज किया गया है।

## बैजनाथ में घर से बरामद की शराब

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत घर से शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो घिरथोली में अशोक कुमार निवासी वार्ड नंबर 4 के घर से 27,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना बैजनाथ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39-1(ए) में दर्ज किया गया है । उधर, एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

## दुकान से पकड़ी अवैध शराब

**गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत दुकान से शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना गग्गल की टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो गगल बाजार में जीवन कुमार निवासी गांव व डाकघर गगल, तहसील की दुकान से 3,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना गगल में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39-1(ए) में दर्ज किया गया है।

## महिला और पुरुष ने ज्वेलर्स शॉप से चुराया सोने का हार



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट शहर में जहां पिछले समय में चेंज स्नैचिंग और दुकान पर चोरी के मामले सामने आ चुके हैं, वहीं गत शाम गाड़ी आहाता चौक के नजदीक काली माता मंदिर रोड के बाहर गजाधारी ज्वेलर्स पर खरीदारी के नाम पर सोने का हार एक महिला एवं पुरुष द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए दुकान के मालिक जतिन महाजन ने बताया कि गत शाम करीब 7 बजे उनकी दुकान पर एक महिला और पुरुष खरीदारी करने के लिए आए जिन्हें दुकान पर उपस्थित कर्मचारियों की ओर से सोने के आभूषणों की वैरायटी दिखानी शुरू की, इसी दौरान उक्त शातिर महिला और पुरुष की ओर से दुकान के कर्मचारियों को अपनी बातों में उलझाकर एक डिब्बे में सोने का हार गायब कर लिया गया और बाद में खरीदारी अगले दिन करने का बहाना लगाकर वहां से चले गए हैं, दुकान मालिक जतिन महाजन ने बताया कि जब उनके जाने के बाद सारे डिब्बों को वापस गिनती के साथ रखने लगे तो एक डिब्बे से सोने का हार गायब मिला। जिससे दुकान में अफरा तफरी मच गई, काफी जांच के बाद और सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद उन्हें मालूम पड़ा कि जो उनकी दुकान पर खरीदारी करने के लिए महिला और पुरुष आए थे उनके द्वारा इस चोरी को अंजाम दिया गया है।

उन्होंने बताया कि यह संबंधी पुलिस थाना डिवीजन नंबर एक को जानकारी दी गई और उसके बाद तुरंत थाना प्रभारी दविंदर कासनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अपनी जान शुरू की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई कि उनके उनकी दुकान पर हुई चोरी के मामले की कार्रवाई में तीव्रता लाकर उन्हें नुकसान होने से बचाया जाए और चोरों को जल्द पकड़ा जाए। (अनंत ज्ञान)

## फंदा लगाने वाले युवक की टांडा में मौत

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत फंदा लगाकर जान देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय अभिरल पुत्र अशोक कुमार निवासी खनियारा 13 अक्तूबर को शाम 7 बजे के करीब अपने घर पर था तथा अचानक अपने कमरा के अंदर चला गया व कुंडी लगा ली। घरवालों ने खिड़की से अंदर देखा तो वह पंखे से अपने गले में चुन्नी से फंदा लगाकर लटकता हुआ था। माता-पिता ने दरवाजा तोड़कर अभिरल को नीचे उतारा व जोनल अस्पताल धर्मशाला ले गए। जहां से उसको मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया था। रविवार दोपहर को उपचार के दौरान उक्त युवक की मौत हो गई।

**समारोह**

### कृषि मंत्री ने डीएवी पब्लिक स्कूल चलवाड़ा के पारितोषिक वितरण समारोह में नवाजे बच्चे

# डीएवी संस्था शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी: चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने रविवार को ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के तहत चलवाड़ा में डीएवी पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कृषि मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने स्कूल को बनाने के लिए भूमि दान देने वाले स्वर्गीय लंबरदार साहिब सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कृषि मंत्री ने कहा कि डीएवी संस्था राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी है और इस स्कूल से पढ़े बच्चे भी आज देश विदेश में ऊंचे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं।

चंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा का मतलब केवल किताबें पढ़ाना नहीं है बल्कि बच्चों के अंदर छिपी व्यक्तित्व,योग्यता व प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने कहा कि कई स्कूलों में बच्चों की कम संख्या को देखते हुए उन्हें साथ के स्कूलों के साथ मर्ज किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी शिक्षण संस्थान ऊंची इमारतों से नहीं बल्कि वहां के शिक्षकों से जाना जाता है। इसलिए अध्यापकों को निरंतर अपने ज्ञान को अपडेट करने तथा समय के साथ अपनी शिक्षण विधि में भी प्रभावी बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है ताकि बच्चे नशे से दूर रहें। पढ़ाई और खेल में व्यस्त रह कर ही बच्चे नशे से दूर रह सकते हैं।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने स्कूल के मैदान को पक्का करने के लिए 3 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इसके साथ स्कूल के रास्ते को भी पक्का करने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों के लिए भी अपनी ऐच्छिक निधि से ग्यारह हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बशीर मोहम्मद,ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता संसार सिंह संसारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चैन सिंह गुलेरिया,डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रत्न चंद काठू, उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह, सचिव प्यारे लाल, बीडीओ श्याम सिंह,जल शक्ति विभाग के एसडीओ पवन कौंडल सहित शिक्षक और अविभावक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पारा अपनी कला से लोगों का कर रहे मनोरंजन



अनंत ज्ञान, गलोड़। गलोड़ क्षेत्र के कई गांवों में आजकल सुबह-सुबह ही लोगों को जोर-जोर से जय श्री राम की आवाजें कहीं हनुमान, शिव जी, रावण, श्याम, बूढ़ावाली व अन्य कई देवी-देवताओं के दर्शन हो रहे हैं और विभिन्न रूपों में इस कला का प्रदर्शन करने वाला कोई और नहीं राजस्थान के पारा कुमार बहरूपिया है। पारा ने बताया कि पिछले कई दशकों से उनके खानदान में इस कला का प्रदर्शन किया जा रहा है। अपनी कला के माध्यम से वह कई रूप धारण कर गांवों में लोगों का मनोरंजन करते हैं और उसी से उनके परिवार का भरण पोषण भी होता है। आज भी जब पारा रावण का रूप धारण कर गलियों में निकले और जोर-जोर से आवाजें लगाते हुए कहने लगे हम लंकेश हैं। तीन लोगों का राजा आ गया है जरा बचके पिछले 4 दिनों से अपने विभिन्न रूपों के माध्यम से बहरूपिया पारा कुमार लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं।

### भरेड़ी में अंडर-14 वॉलीबाल प्रतियोगिता 3 को

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत सागर स्पोर्ट्स अकादमी 3 नवंबर को सुबह 11.30 बजे डीएवी पब्लिक स्कूल भरेड़ी के खेल परिसर में जिला स्तरीय अंडर-14, लड़कों की वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट कर्नल विनय चंद्र होंगे और पुरस्कार आरुण कुमार अरोड़ा द्वारा दिए जाएंगे।

### स्वयंसेवियों ने सीखी आपसी भाईचारे की भावना



वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में चल रहे एनएसएस शिविर का समापन रविवार को क्षेत्र के समाजसेवी पुरुषोत्तम सिंह कौंडल ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा की बच्चों को समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान एनएसएस प्रभारी सुशील पठानिया एवं सह प्रभारी सुनीता अबरोल ने बताया कि सात दिन तक आयोजित इस एनएसएस शिविर में कुल 51 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। स्वयंसेवियों ने इस दौरान स्कूल कैंपस एवं रास्तों की सफाई की तथा जागरूकता रैलियों के माध्यम से कस्बा बड़ा के लोगों को गांव-गांव जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके। (अनंत ज्ञान)

### अध्यापक-अभिभावक मंत्रणा में आए 572 अभिभावक



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में अध्यापक-अभिभावक मंत्रणा का आयोजन किया गया। मंत्रणा में 572 अभिभावकों ने भाग लिया। अध्यापकों व अभिभावकों ने शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के उत्थान हेतु गहनता से विचार-विमर्श किया। 'सेवा कार्यक्रम' के द्वारा संस्कृति और संस्कारों के प्रति सकारात्मक सोच वाली पहल को अभिभावकों ने खूब सराहा। अभिभावक विद्यालय, वाईस चेयरपर्सन विद्याप्रभा लखनपाल, अकादमिक प्राचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा व प्राचार्या शशि बाला से भी रू-ब-रू हुए।

### अंडर-20 कबड्डी प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 30 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला हमीरपुर लड़के व लड़कियों की अंडर-20 कबड्डी प्रतियोगिता के ट्रायल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल डिडवीं टिक्कर में 30 अक्तूबर को लिए जाएंगे, जिसमें खिलाड़ी छात्रों की जन्मतिथि एक जनवरी 2005 रहेगी। लड़कों के वर्ग में भार 70 किलोग्राम तथा लड़कियों के वर्ग में 65 किलोग्राम रहेगा। कबड्डी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी 15 से 17 नवंबर तक जिला सोलन के नालागढ़ में होगी। जो भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता है वह अपने साथ अपना आधार कार्ड वह जन्म प्रमाण पत्र लेकर आएं। यह जानकारी जिला हमीरपुर के सचिव आशीष शांडिल ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में पहुंचने का समय सुबह 9 बजे का होगा।

# स्वास्थ्य कारणों से राज्य चयन आयोग में चेयरमैन की ज्वाइनिंग में अभी देरी

## अध्यक्ष के बगैर नामजद सदस्यों की ज्वाइनिंग भी लटकी

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर



यहां स्थित राज्य चयन आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के पदभार संभालने को लेकर अभी और समय लग सकता है। कारण यह है कि जिन राजीव कुमार को इस आयोग का सरकार ने अध्यक्ष नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की है, वह स्वास्थ्य कारणों से अभी हिमाचल से बाहर हैं और दक्षिण भारत में इलाज करवा रहे हैं।

उनका कहना है कि जैसे ही वह मुकम्मल तौर पर रिकवर हो जाएंगे, तत्काल इस आयोग के अध्यक्ष का पदभार संभाल लेंगे। उन्होंने इसके लिए अभी कुछ और दिनों तक इंतजार करने की बात भी कही है। उधर, जब तक आयोग के अध्यक्ष पदभार नहीं संभालते, तब तक सरकार द्वारा नामजद दोनों सदस्य यहां ज्वाइनिंग नहीं दे सकते, क्योंकि शपथ अध्यक्ष ने ही दिलानी होती है। हालांकि, एक सदस्य अभी सरकारी सेवा से इसी महीने के अंत में सेवानिवृत्ति होंगे और दीपावली के बाद उनका सदस्य के रूप में यहां पदभार संभालने की संभावना थी। मगर अध्यक्ष की गैर-मौजूदगी में ऐसा हो नहीं सकता, इसलिए अभी आयोग के मुख्यालय में फिलहाल मुकम्मल रौनक महसूस करने के लिए लगभग एक से डेढ़ सप्ताह और लग सकता है।

काबिले गौर यह है कि अध्यक्ष और दोनों सदस्यों की अधिसूचना जारी किए हुए पौने दो माह का समय बीत चला है, इसलिए कई तरह के किंतु-परंतु लगने शुरू हो गए थे। हालांकि, सरकार ने आयोग के सचिव के रूप में वरिष्ठ एचएएस अधिकारी विक्रम महाजन को तैनाती देकर इसकी फंक्शनिंग को प्रभावित तरीके से शुरू करने का बीड़ा तो उठा लिया था, मगर अब देरी अध्यक्ष और सदस्यों के पदभार संभालने की वजह से लटकी हुई है।

आयोग के अध्यक्ष राजीव कुमार ने रविवार को 'अनंत ज्ञान' को बताया कि वह अभी हिमाचल से बाहर हैं और डॉक्टर्स ने उन्हें फिजियोथैरेपी के लिए कुछ और समय निकालने की सलाह दी है। इसीलिए, वे अभी उसी में व्यस्त हैं। जैसे ही डॉक्टर्स सलाह देंगे, वे हमीरपुर पहुंचकर आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लेंगे। फिलहाल थोड़ा वक्त लगेगा। उधर आयोग के नाम जल सदस्य और वरिष्ठ एचएएस अधिकारी सुखदेव सिंह राणा का कहना है कि 31 तारीख को वह इसी महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं और दीपावली के बाद वे ज्वाइन कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### आयोग का निजाम बदलने के लिए लगेगा वक्त

काबिले गौर यह है कि मुकम्मल तौर पर इस आयोग का निजाम बदलने के लिए वक्त लगेगा। क्योंकि एग्जाम को लेकर यह आयोग नए पैटर्न में सिस्टम बना रहा है। फिलहाल क्लर्कों के पदों को भी भरा जाना है। उस पर अभी काम नहीं हुआ है। पद सृजित हो चुके हैं। आयोग ने कई महत्वपूर्ण कार्यों को आउटसोर्स करने का भी प्लान तैयार किया हुआ है। अब देखना यही है कि अध्यक्ष और सदस्यों की मौजूदगी बनने के बाद कितनी जल्दी यह आयोग युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतर पाएंगे? फिलहाल सचिव विक्रम महाजन की मौजूदगी में आधा दर्जन के करीब पोस्ट कोड का रिजल्ट घोषित हो चुका है और अगली प्रक्रिया को शुरू करने के लिए भी अंदर खाते प्रक्रिया जारी है।

# कानूनी अधिनियमों की ज्ञान प्राप्ति से कम होंगे अपराध: दिनेश संधू

अनंत ज्ञान, भरेड़ी




बधानी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में अधिवक्ता दिनेश संधू को सम्मानित करते हुए।

भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बधानी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के छठे दिन अधिवक्ता दिनेश संधू ने बतौर व्यक्ति विशेष के रूप शिरकत की। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

उन्होंने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में कानूनों की जानकारी होना अति-आवश्यक है, क्योंकि कानूनों के ज्ञान के कारण अपराधिक कार्य कम होंगे। उन्होंने स्वयंसेवियों को विभिन्न कानूनी अधिकारों, कानून की प्रक्रिया और नागरिकों के कर्तव्यों व अधिकारों के बारे में विस्तार से जागरूक किया तथा उनकी पालना करके के लिए प्रेरित किया। अधिवक्ता दिनेश संधू के प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद वक्तव्य को छात्रों ने बहुत ध्यानपूर्वक सुना और उनसे कई प्रश्न भी पूछे।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सत्रों से स्कूलों के छात्रों में कानून की समझ बढ़ाने और उन्हें समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने का अवसर मिलता है।

स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कमल जीत ने अधिवक्ता दिनेश संधू का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के सत्र विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। विशेष शिविर में 34 स्वंयसेवी हिस्सा ले रहे हैं। इस शिविर का समापन 28 अक्तूबर को होगा। इस मौके पर अध्यापक विनय कुमार व विनोद कुमार मौजूद रहे।

# स्वयंसेवियों को समाज से जोड़ने के लिए शिविरों का आयोजन आवश्यक

अनंत ज्ञान, बड़सर



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरालड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन हुआ, जिसमें मुख्यातिथि सत्या देवी ने शिरकत की। इस शिविर में 24 लड़कियां तथा 27 लड़कों ने भाग लिया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवियों को समाज के साथ जोड़ना था इस शिविर में स्वयंसेवियों ने भिन्न-भिन्न विषयों पर अनेक विषय विशेषज्ञों से जानकारी ली। इस शिविर की अध्यक्षता एसएमसी प्रधान बृजमोहन शर्मा ने की।

उन्होंने अपना आशीर्वाद बच्चों को दिया तथा युवाओं से नशे से दूर रहने को कहा। इस शिविर में जिवेंद्र कुमार तथा समीक्षा शर्मा को बेस्ट वॉलिंटियर का खिताब दिया गया। मुख्यातिथि ने सभी स्वयंसेवियों को मेडल से नवाजा। उन्होंने बच्चों को परिवार तथा समाज में निस्वार्थ भाव से काम करने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में प्रोग्राम अधिकारी पवन कुमार तथा नीति शर्मा ने स्वयंसेवियों से से समाज तथा देश के लिए आगे आकर सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में नीरज कुमार, वर्षा, उमेश, जिवेन्द्र, शिवानी, श्रेया तथा अन्य स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

# कायाकल्प कार्यक्रम ने बच्चों को दी थी नई दिशा

अनिल कुमार, हमीरपुर

**अब सरकारी स्कूल के बच्चों को नीट और जेई की परीक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग देगी आवंति संस्था**

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को सही दिशा और अध्यापकों की गाइडेंस मिले तो वे भी नीट, जेई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को आसानी से पास कर सकते हैं। सरकारी स्कूल के बच्चों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं होती जिसके तहत वे कोचिंग ले सकें।

ऐसे ही सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नीट और जेई की प्रतियोगी परीक्षा को पास करने के लिए वर्ष 2019-20 में हमीरपुर के उपायुक्त राकेश मीणा ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निशुल्क कोचिंग देने के लिए कायाकल्प कार्यक्रम शुरू किया था। जिसके तहत छात्रों का टेस्ट लिया गया और जो इस टेस्ट में पास हुए उन छात्रों को एक स्थान पर सरकारी और प्राइवेट स्कूल के अच्छ अध्यापकों ने नीट और जेई की परीक्षा के लिए निशुल्क तैयारी करवाई थी। निशुल्क कोचिंग लेने वाले छात्रों में लगभग 25 से 30 बच्चों ने गत वर्ष नीट और जेई की परीक्षा पास की थी।

यह कार्यक्रम लगभग 2 वर्ष तक चला उसके बाद इसे बंद कर दिया गया है। अब प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निशुल्क कोचिंग देने के लिए अवंति संस्था ने जिम्मा उठाया है। प्रदेश सरकार द्वार स्वर्ण जयंती विद्यार्थी अनुशिक्षण योजना के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले होनहार बच्चों को यह संस्था निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग देगी।

इस योजना के तहत कोचिंग लेने के लिए 11वीं और 12वीं के लगभग 23 हजार बच्चों ने टेस्ट दिया है। शीघ्र ही परिणाम घोषित होने के बाद बच्चों का इंटरव्यू लिया जाएगा। गत वर्ष भी 150 बच्चों का चयन इस योजना के तहत किया गया था। इस वर्ष भी 155 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिन्हें स्टडी मटेरियल के अलावा ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी। अवंति संस्था के को-ऑर्डिनेटर चिराग ने बताया कि नीट और जेई के लिए गए टेस्ट की ओएमआर शीट की जांच कर ली गई है। अब परिणाम घोषित करना बाकी है।

उन्होंने बताया कि 11वीं के छात्रों को ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी जबकि 12वीं के छात्रों का ओपन बैच बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा जिसमें रिकॉर्डिंग टेस्ट का लिंग और लेक्चर छात्रों को भेजा जाएगा। इसके अलावा ऑनलाइन कक्षाएं भी चलाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

# विधायक लखनपाल का 64वां जन्मदिन मनाया

अनंत ज्ञान, बड़सर



लीला शर्मा विधायक लखनपाल का मुंह मीठा करवाती हुई।

बड़सर भाजपा मंडल ने विधायक इंद्रदत्त लखनपाल का 64वां जन्मदिन एक भव्य कार्यक्रम के साथ मनाया। इस अवसर पर समाजसेवा के प्रति समर्पण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया, जबकि 742 लोगों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर, रक्तदान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वर्गीय मनु डोगरा को भी सम्मानपूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य और हजारों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक के प्रति अपने समर्थन और स्नेह को व्यक्त किया। सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक के साथ केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

विधायक लखनपाल ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का सहयोग और स्नेह मेरी ताकत है। मैं हमेशा क्षेत्र के विकास और समाज सेवा के लिए समर्पित रहूंगा। इस यशवीर पटियाल, संजीव कुमार, मुकेश बन्याल, सुरेंद्र अग्निहोत्री, राजीव पटियाल, मुनीश बन्याल, ऋषि शर्मा, मिंटू राजपूत, अनुपम शर्मा, अजमेर सिंह, यशपाल ठाकुर, दलजीत राणा, देवेंद्र राणा, यशपाल पटियाल, कांता शर्मा, परवीन कुलदीप, विनय शारदा, सलोचना देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भोरंज अस्पताल में लोगों को मिल रही बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं

रवि ठाकुर, हमीरपुर

**11.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए भवन में चल रही ओपीडी**

**अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की की गई नियुक्ति**



प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक आदर्श चिकित्सा संस्थान विकसित करने तथा लोगों को उनके घर के पास ही आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के बहुत ही सराहनीय परिणाम सामने आने लगे हैं।

इससे लोगों को स्वास्थ्य की जांच तथा आम बीमारियों के उपचार के लिए अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय या अन्य बड़े अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों, अल्ट्रासाउंड और कई अन्य टेस्टों की सुविधा घर के पास ही मिल रही है। इसकी एक झलक भोरंज के नागरिक अस्पताल में भी देखी जा सकती है। भोरंज के नागरिक अस्पताल को आदर्श चिकित्सा संस्थान घोषित किया है और इसके लिए लगभग 11.50 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक भवन बनाया गया है, जिसका लोकार्पण स्वयं मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया है। इस भवन में क्षेत्र के मरीजों को ओपीडी, लैब और कई अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति भी की है।

प्रदेश सरकार ने इस अस्पताल के विस्तार के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया है, जिससे क्षेत्रवासियों को आने वाले समय में और भी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भोरंज अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर, अल्ट्रासाउंड और अन्य टेस्टों की सुविधा उपलब्ध होने के कारण अब भोरंज के लोगों को आम बीमारियों के इलाज के लिए भोरंज अस्पताल में बेहतर सुविधा मिल रही है। भोरंज वासियों ने इस अस्पताल को लेकर प्रदेश सरकार और विशेष कर मुख्यमंत्री सुक्खू का इस अस्पताल को लेकर बहुत आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)

# करियर प्वाइंट विवि में धन्वंतरि की जयंती पर किया हवन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में औषधि जगत के भगवान धन्वंतरि की जयंती आयुर्वेद विभाग में हर्षोल्लास से मनाई गई। जानकारी देते हुए विभाग की असिस्टेंट प्रो. कमलेश कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से डॉ. अल्का मिश्रा उपस्थित हुई, तथा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गुलशन संधू, राम अवतार निदेशक योग आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र सीपीए, असिस्टेंट डीन शिवाली राठौर, विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनम व विभाग के सभी प्रोफेसर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद पूजन कार्यक्रम तथा हवन किया गया व सभी ने स्वास्थ्य, खुशहाली और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अल्का मिश्रा ने अपने व्याख्यान में कहा कि आयुर्वेद का निर्माण धन्वन्तरि ने ही किया है, इसलिए इन्हें वैद्यों के देवता भी कहा जाता है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का दिव्य प्रचारक माना जाता है। आयुर्वेद दिवस को मनाने की शुरुआत आयुष मंत्रालय ने की थी। आयुर्वेद के जनक धन्वन्तरि के प्राकट्य दिवस पर पूरे भक्ति भाव से लोग सभी के स्वास्थ्य की कामना करते हैं। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इस दिन को मनाने का मकसद आयुर्वेद की वैश्विक स्वास्थ्य सेवा में अहमियत को उजागर करना है।

# नवीन कटोच बने अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के प्रधान



अनंत ज्ञान, हमीरपुर

अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का 12वां अधिवेशन महासचिव एसएस महादेवैद्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें हिमाचल परिमंडल के सभी कार्यकारिणी के सदस्य व डेलीगेट उपस्थित रहे और चुनाव सर्वसम्मति से हुआ, जिसमें नवीन कटोच को प्रधान, नरेश गुलेरिया को सचिव, वीरेंद्र शर्मा, जगदेव चौधरी, होशियार सिंह, सतीश कुमार शर्मा, सुरेश कुमार, सुशील भारद्वाज व सोहन लाल को सदस्य चुना गया।

# 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम सुक्खू सरकार की राजनीतिक क्षेत्र में अनूठी पहल

अनंत ज्ञान, बड़ा

**ग्रामीणों के दुख-दर्द को समझने में सार्थक सिद्ध होगा सुक्खू सरकार का यह कार्यक्रम**

प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा चलाया गया 'सरकार आपके द्वार' एक नया कार्यक्रम राजनीतिक क्षेत्र में एक अनूठी पहल है। शायद ही इस तरह के कार्यक्रम की देश में किसी राज्य सरकार ने शुरुआत की होगी।

यह कहना भी तर्कसंगत होगा कि जब से हिमाचल की बागडोर मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संभाली है तब से उन्होंने जो ऐतिहासिक एवं कठोर फैसले लिए हैं। प्रदेश में राजस्व जुटाने के लिए हिमाचल के हितों की सुरक्षा हेतु जो वह लड़ाई लड़ रहे हैं, चाहे वह शासन विद्युत परियोजना से सबंधित हो या फिर धौलासिद्ध एवं लुहरी विद्युत परियोजना से सबंधित हो उनके व्यवस्था परिवर्तन के नारे को भी बुलंद करने का भरपूर प्रयास करते है। यही कारण हैं कि प्रदेश के लोग अब मुख्यमंत्री सुक्खू को धरतीपुत्र के नाम से भी पुकारने लगे हैं।

'अनंत ज्ञान' ने जब लोगों से सुक्खू सरकार द्वारा चलाए गए कार्यक्रम 'सरकार आपके द्वार' के बारे में बातचीत की तो इस बारे में ग्राम पंचायत फस्टे की पूर्व प्रधान रीना रानी का कहना है कि सुक्खू सरकार द्वारा चलाया गया यह कार्यक्रम बहुत ही बढ़ियाहै। इससे प्रदेश सरकार को यह मालूम होगा कि लोगों को कितनी समस्याएं हैं, वे किस तरह से अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। वहीं वार्ड प्रतिनिधि कल्पना का कहना है कि यह योजना प्रदेश सरकार को लोगों का दुख-दर्द जानने के लिए काफी सार्थक सिद्ध होगी। सुदर्शन जरियाल का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा इस कार्यक्रम को चलाकर राजनीतिक के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की है और आज दिन तक किसी भी नेता द्वारा इस तरह का कार्यक्रम नहीं चलाया गया। प्रदेश सरकार द्वारा जनहित एवं प्रदेश हित के लिए चलाई गई योजनाओं की भी प्रदेश सरकार को लोगों से वार्ता करने पर पूरी फीडबैक मिलेगी।

## अनदेखी: डैंफा बोले-पार्टी में हर वक्त हो रही अनदेखी, तो ऐसी पार्टी में रहना भी उचित नहीं

# कांग्रेस जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के घर से पार्टी के होर्डिंग-झंडे गायब

एसके ठाकुर, बड़सर



बड़सर कांग्रेस में आजकल सब ठीक नहीं चल रहा है। कांग्रेस पार्टी के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के घर में हर वक्त कांग्रेस पार्टी के झंडा होर्डिंग तथा बड़े-बड़े बैनर लगे रहते थे, परंतु आजकल उनके घर से यह सब गायब हैं। लोगों ने भी कई तरह के कयास लगाना शुरू कर दिए हैं, कि आखिर कांग्रेस पार्टी में सब ठीक नहीं चल रहा है या फिर कहीं कुछ गड़बड़ तो नहीं है।

पूर्व सीएम राजा वीरभद्र सिंह के खासमखास रहे परमजीत डैंफा के घर में हर वक्त कांग्रेस पार्टी के बहुत बड़े-बड़े होर्डिंग, झंडे व पोस्टर लगे रहते थे, परंतु आजकल उनके घर से ये सब गायब हैं, कारण चाहे कुछ भी हो परंतु पार्टी के प्रचार प्रसार सामग्री को घर से हटाना लोगों को खटक रहा है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। बता दें कि वर्ष 2006 में वीरभद्र सिंह ने इसी घर में लंच किया था। पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के बाद उन्हीं के घर से कलश यात्रा शुरू हुई थी। यहां तक की जब रानी प्रतिभा सिंह प्रदेश की कांग्रेस अध्यक्ष बनी थी, पूरे हिमाचल प्रदेश के लीडर उनके घर में पहुंचे थे। वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू यहां पर दस्तक दे चुके हैं। प्रतिभा सिंह के हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद उन्हीं के घर खजियां में पहली बैठक की थी। परमजीत डैंफा के घर से कांग्रेस के झंडे उतारना क्या कारण हो सकता है? हालांकि, 1998 में धूमल सरकार के टाइम में भी इस घर से कांग्रेस के झंडे कभी नहीं उतरे थे।

भाजपा के बड़े-बड़े नेता भी उन्हें भाजपा में शामिल होने का ऑफर भी देते रहे, तब भी परमजीत ने कांग्रेस का दामन नहीं छोड़ा, अब जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री भी जिला हमीरपुर से हैं और उनके भी परमजीत डैंफा खासमखास में खास माने जाते हैं। ऐसा क्या हो गया कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी के झंडा बैनर, पोस्ट व होर्डिंग सब अपने घर से उतार दिए क्या बड़सर कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है या फिर कोई और कारण है यह सब अभी तक भविष्य के गर्भ में छिपा है।

झंडा और बैनर होर्डिंग अपने घर से हटाने पर कांग्रेस जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमजीत डैंफा से बात की तो उनका कहना था कि कांग्रेस पार्टी में अनदेखी हो रही है तथा घुटन महसूस कर रहा हूं, मैंने मन बना लिया है कि अब पार्टी का कोई कार्य नहीं करेंगे न ही किसी दूसरी पार्टी का दामन थामेंगे। अगर पार्टी में हर वक्त अनदेखी ही होती रही तो ऐसी पार्टी में रहना भी उचित नहीं है। पार्टी कार्यकर्ता को अगर आप हमेशा शक ही दृष्टि से देखेंगे तो फिर कार्यकर्ता या फिर पार्टी पदाधिकारी क्या करेगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### डडौर में मनाया 13 जैक राइफल का स्थापना दिवस



**आदर्श यादव, नेरचौक।** 13 जैक राइफल ब्रेबेस्ट ऑफ द ब्रेव (कारगिल) बटालियन के 58वें स्थापना दिवस पर डडौर स्थित होटल बी फॉर यू में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कैप्टन राजेंद्र सकलानी ने की। इस समारोह में 50 से अधिक पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। बता दें कि 27 अक्तूबर 1966 को हैदराबाद के गोलकुंडा में 13 जैक राइफल की स्थापना की गई थी। बटालियन के रणबांकुरों ने 1971 के युद्ध में पूंछ क्षेत्र में भाग लिया और उसके बाद इन्हें कारगिल ऑपरेशन में भाग लेने का मौका मिला। कारगिल ऑपरेशन में बटालियन ने 5140 और 4875 जैसी महत्वपूर्ण चोटियों पर दुश्मनों को मार गिराकर तिरंगा फहराया था। इस कामयाबी के लिए बटालियन को 2 परमवीर चक्र, 8 वीर चक्र और 21 सेना मेडल से नवाजा गया था। यह इकलौती ऐसी बटालियन बनी जिसने एक ही ऑपरेशन में 2 परमवीर चक्र प्राप्त किए थे। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा इसी बटालियन का हिस्सा रहे जिनका नाम हमेशा के लिए कारगिल युद्ध में सुनहरे अक्षरों में अंकित किया गया है। इस मौके पर आए हुए सभी पूर्व सैनिकों ने राष्ट्रगीत और यूनिट गीत गाने के साथ ही सभी शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

### जम्वाल ने की कांग्रेस सरकार की कार्यशैली की आलोचना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा लिए गए कुछ हालिया निर्णय न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बन गए हैं। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने तीखे शब्दों में कांग्रेस सरकार की कार्यशैली की आलोचना की और सवाल उठाया कि आखिर ये विवादित फैसले लेना और फिर उससे पलट जाना कांग्रेस की आदत में शुमार हो गया है। शौचालय टैक्स, एचआरटीसी की सामान का किराया बढ़ाने की अधिसूचना और अब डेढ़ लाख के करीब सरकारी पदों को खतम करना इसका जीता जागता उदाहरण है। मजे की बात तो यह है कि एक अधिसूचना के बाद एक 'हिडन नोटिफिकेशन' होती है जो मामला बिगड़ते ही लीपापोती के लिए प्रयुक्त की जाती है, जिससे सरकार प्रदेश ही नही बाहर भी उपहास का विषय बनती है। राकेश जमवाल ने कहा कि इससे पहले भी वित्तीय संकट के चलते वेतन और भत्तों के विलंबित होने की खबर ने विधानसभा में बवाल खड़ा कर दिया था। बाद में सरकार को वित्तीय स्थिति बेहतर होने का प्रमाण देने के लिए कर्मचारियों और पेंशनरों को एडवांस में वेतन और पेंशन देकर स्थिति संभालनी पड़ी। इसी तरह, टॉयलेट टैक्स अधिसूचना पर भी सरकार को स्पष्टीकरण देना पड़ा। इन फैसलों का समय और तरीका ऐसा रहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इनकी आलोचना हुई, और हरियाणा के चुनावों में कांग्रेस की हार के पीछे इन निर्णयों को भी जिम्मेदार माना गया। अब महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावों के दौरान हिमाचल की नई अधिसूचना पर फिर से राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हो रही है। विधायक राकेश ने कहा कि यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि प्रदेश में प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व के बीच संवादहीनता क्यों है।



### 1108 प्रवासी मजदूरों का हुआ पंजीकरण : एसपी किन्नौर

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर में परियोजना निर्माण, सेब के बगीचों एवं स्थानीय ठेकेदारों के पास अपनी आजीविका कमाने के लिए आए बाहरी राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड आदि एवं अधिकतर नेपाली मूल के व्यक्तियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया है। इसी संदंर्भ में किन्नौर पुलिस ने दो माह के भीतर जिला के विभिन्न थानों में 1108 प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक एस ने कहा कि जिला स्तर पर प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण करने एवं उनके स्थायी पते से पूर्व आपराधिक सत्यापन करवाने के लिये एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला के थाना रिकांगपिओ में 147,थाना मूरंग में 207,थाना पूह में 146,थाना टापरी में,316,थाना भावानगर 92,थाना सांगला में 200 प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण हुआ है। जिनकी पूर्व आपराधिक चरित्र सत्यापन उनके स्थायी पते से करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई प्रवासी मजदूर किसी के पास अपनी आजीविका कमाने के लिये आता है तो उस ठेकेदार/मालिक का कर्तव्य है कि वह अपने मजदूरों का पंजीकरण स्थानीय पुलिस के पास करवाए। जिला पुलिस द्वारा प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण के लिये चलाये जा रहे इस विशेष अभियान के लिये जिला पुलिस को स्थानीय लोगों, ठेकेदारों, स्थानीय ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि वह अपने अधीनस्थ कार्य कर रहे समस्त प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण बिना विलम्ब जिला के संबंधित थाना में करवाना सुनिश्चित करें।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में विशाल अव्वल

**चंबा।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलूणी में बाल मेले में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में विशाल शर्मा ने पहला स्थान पाया। मोनिका ने दूसरा और दीपा कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान मॉडल में कार्तिक ने पहला, ईशिका ने दूसरा जबकि पूरवी और आदिल ने तीसरा स्थान पाया। समूहगान में कीर्तन एंड पंकज पार्टी ने पहला, हिमानी एंड पलक पार्टी ने दूसरा और वंशिका एंड राधिका पार्टी ने तीसरा स्थान हासिल किया। खंड स्तरीय बाल मेले में 41 स्कूलों के 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन्होंने 14 विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जगदीश चंद ने बताया कि खंड स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि समूह नृत्य प्रतियोगिता में अश्मीता एवं मनीषा पार्टी ने पहला स्थान हासिल किया। मानवी एंड अनीता ने दूसरा और अनवी एंड पूरवी पार्टी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# एनएचपीसी चौक बनीखेत बहा रहा बदहाली के आंसू

**मुकेश कुमार, डलहौजी**


खराब हुए रास्ते का दृश्य, जिससे लोग परेशान हैं।

एनएच 154 ए पर स्थित बनीखेत के साथ लगते खैरी पुल एनएचपीसी चौक इन दोनों अपनी बदहाली की आंसू रो रहा है। बता दें की एक तरफ जहां रास्ते की हालत खस्ता है तो वही साथ लगते पुल की फेंसिंग भी गायब हो चुकी है। पल के साथ लगता एक डंगा भी गिर चुका है जो किसी बड़े हादसे से को न्योता देता प्रतीत होता है। यह सारा क्षेत्र ग्राम पंचायत ढलोग के अंतर्गत आता है।

ग्राम पंचायत दलों की प्रधान सुदेश कुमारी से इस बारे में जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने कई बार लोक निर्माण विभाग एवं एनएचपीसी क्षेत्र कार्यालय से लिखित एवं मौखिक रूप से भली भांति अवगत करवाया किंतु एन एचपीसी में बीते कुछ समय हुए खैरी पुल से पद्दर तक का मार्ग पर खड्डे के कार्य को जरूर करवाया गया। किंतु मुख्य मार्ग के साथ लगते डंगे जो क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और जो क्षतिग्रस्त होने की कगार पर है उन पर अपना ध्यान केंद्रित करें ताकि भविष्य में होने वाले किसी बड़ी दुर्घटना से होने वाली जाने वाली नुकसान से बचा जा सके।

बता दें कि यहां पर खाद्यआपूर्ति विभाग की सामान से भारी गाड़ियां यही पर खड़ी होती है और इससे कुछ ही दूरी पर सिविल सप्लाई के बड़े गोदाम है। यहां चौक में खैरी पठानकोट चंबा एवं डलहौजी को आने जाने वाले यात्री यहीं से गाड़ी पकड़ते हैं। किंतु यहां खड़े होना चारों तरफ से धूल मिट्टी के गुबार आने जाने वाले यात्रियों की हालत खराब कर देते हैं।

यह भी एक गंभीर चिंता का विषय है। काबिले गौर है कि खैरी पुल से मुख्य बाजार बनीखेत वाया पद्दर मार्ग पर से हर कोई अपना पल्ला झाड़ता है क्योंकि जहां एनएचपीसी अपना पल्ला झाड़ता दिखाई देता है तो वही स्थानीय प्रशासन एवं लोक या निर्माण विभाग भी अपनी दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। जबकि किसी मार्ग से एनएचपीसी क्षेत्र कार्यालय बनीखेत, पीएचसी बनीखेत दो कॉलेज केंद्रीय विद्यालय एवं तीन निजी स्कूल भी इसी मार्ग पर स्थित है।( अनंत ज्ञान)

### दिवाली पर पांच दिन बंद रहेंगे स्कूल और कॉलेज




**अनंत ज्ञान, चंबा।** दिवाली पर्व को लेकर बाजार सजना शुरू हो गए हैं। रंग-बिरंगी लाइटों से दुकानों और घरों को सजाने का काम शुरू हो गया है। हालांकि, अभी तक दिवाली की खरीदारी के लिए लोग नहीं पहुंच रहे हैं, मगर सोमवार के बाद खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ सकती है। उधर, उच्च शिक्षा उपनिदेशक प्यार सिंह चाढ़क ने बताया कि 29 से दो नवंबर तक छुट्टियां रहेंगी। दीपावली पर जिले के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में पांच दिन छुट्टी रहेगी। उच्च शिक्षा विभाग चंबा ने इस बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं। दिवाली से दो दिन पहले और दिवाली के दो दिन बाद छुट्टियां रहेंगी।

विभाग ने समस्त स्कूलों को इस बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं। 31 अक्तूबर को दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा। 29 से दो नवंबर तक स्कूलों में छुट्टियां रहेंगी।

## लचोड़ी में केमिस्टों की दुकान सील, लाइसेंस भी निलंबित

**अनंत ज्ञान, चंबा**




- कार्रवाई के बाद जिले के केमिस्टों में मचा हड़कंप
- केमिस्टों को नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों का रिकॉर्ड रखने दी हिदायत

जिले के दो केमिस्टों के लाइसेंस स्वास्थ्य विभाग ने एक हफ्ते के लिए निलंबित कर दिए हैं। एक हफ्ते के लिए दोनों दवा विक्रेताओं की दुकान सील कर दी गई हैं। केमिस्टों के पास स्टेरॉयड इंजेक्शन का रिकॉर्ड नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। इन दवा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए चंबा से विभाग ने रिपोर्ट बनाकर स्टेट ड्रग कंट्रोलर को भेजी थी। उन्होंने दवा विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनका लाइसेंस निलंबित किया है। साथ ही एक हफ्ते के लिए उनकी दुकानों को सील करने के आदेश जारी किए हैं। अब इन दुकानों में एक हफ्ते तक कोई भी दवाई नहीं बेची जा सकेगी। कुछ दिन पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले की सभी दवा दुकानों में नशीली दवाइयों का रिकॉर्ड जांचा था। भरमौर और लचोड़ी में दो केमिस्ट की दुकानों में स्टेरॉयड इंजेक्शन की बिक्री का रिकॉर्ड नहीं मिला था। इनके पास इंजेक्शन खरीदने का रिकॉर्ड था, लेकिन बेचने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

केमिस्टों को साफ हिदायत है कि नशे में इस्तेमाल होने वाली सभी दवाइयों का पूरा रिकॉर्ड रखें। किस मरीज को दवाई दी गई और किस डॉक्टर की पर्ची पर दवाई लिखी थी। इसका भी उन्हें रिकॉर्ड रखने को कहा गया है। उधर, इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य केमिस्टों में हड़कंप मच गया है। सहायक स्टेट ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन ने बताया कि चंबा के दो केमिस्टों के खिलाफ स्टेरॉयड इंजेक्शन का सही रिकॉर्ड नहीं रखने पर यह कार्रवाई की गई है। नशीली दवाइयों का नशे में बढ़ रहे प्रचलन को रोकने के लिए ऐसी कार्रवाई की जा रही है।

### टूंडी स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ एनएसएस शिविर का समापन



रंगारंग कार्यक्रम पेश करते हुए बच्चे।

**अनंत ज्ञान, बबलू पठानिया**

21 अक्तूबर 2024 को शुरू हुए सात दिवसीय एनएसएस के विशेष कैंप का अक्तूबर रविवार को समापन हो गया ।

समापन समारोह में स्कूल प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तेज सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान रास्तों, गलियों, पनिहारों, खेल के मैदानों सहित विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कैम्प की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मधुबाला सहित सभी स्टाफ सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

## कंडी से कुठेहर सड़क पक्की न होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कंडी से कुठेहर सामरा सड़क निर्माण पक्का नहीं होने से लोगों में काफी नाराजगी है। पिछले कई दशक बीत जाने के बाद भी अभी तक विभाग इस सड़क को पक्का नहीं कर पाया है। करीब एक दशक पहले इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाया गया था।

लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के कई साल बाद बनने वाली सड़के पक्की हो गई है लेकिन विभाग इस सड़क को पक्का नहीं कर पाया है। इस सड़क निर्माण के बाद दर्जनों गाड़ियां अभाजाही करती हैं लेकिन सड़क कच्ची होने के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पक्की न होने के कारण लोगों को आए दिन धूल मिट्टी का सामना करना पड़ रहा है।


सड़क की हालत का दृश्य जिससे लोग काफी परेशान हैं।

स्थानीय निवासी एवं सदस्य गद्दी समाज सेवा उदय हिमाचल घनश्याम शर्मा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है 40 साल से विभाग इस सड़क को पक्की नहीं कर पाया है। जिसके कारण इस सड़क पर अब तक दर्जन हादसे हो चुके हैं और कई लोग अपने जान गंवा चुके हैं। जबकि यह सड़क क्षेत्र की दो पंचायतों को शेष विश्व से जोड़ती है। यहां पर ऐतिहासिक मंदिर होने के चलते हर साल सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं।

### कमेटी के ओम प्रकाश बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम सुधार कमेटी सचुई कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस दौरान ओम प्रकाश उर्फ पिंकू को प्रधान देस राज को कोषाध्यक्ष व आशीष पखरेतिया को स्टोर कीपर नियुक्त किया गया।



इस अवसर पर गोपाल दास, ओम प्रकाश, कमलेश कुमार कृष्ण पखरेतिया, उत्तम पखारेतिया, राकेश कुमार, करनैल सिंह, जोगिंद्र सिंह, कैलाशो देवी, सरोज कुमारी ,रेखा देवी शाम सिंह, जाटों देवी अर्जुन सिंह, विजय कुमार, सुरिंद्र सिंह, सुरेश कुमार, जय सिंह जोगिंद्र सिंह, इत्यादि उपस्थित रहे।

### धनोला में 108 के कर्मियों ने करवाया सुरक्षित प्रसव

**चंबा।** धनोला गांव के मनीषा देवी के लिए राष्ट्रीय 108 एंबुलेंस सेवा वरदान साबित हुई। मनीषा देवी का एंबुलेंस स्टाफ ने बीच राह में सुरक्षित प्रसव करवाकर नवजीवन प्रदान किया है। मनीषा देवी ने एंबुलेंस में बेटी को जन्म दिया है। मनीषा देवी व नवजात को चिकित्सीय जांच के बाद मेडिकल कालेज में भर्ती कर लिया गया है। जहां दोनों की हालत में सुधार बताया जा रहा है। शुक्रवार देर रात मनीषा देवी के परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर राष्ट्रीय 108 एंबुलेंस सेवा से मदद मांगी।

मनीषा देवी को मेडिकल कालेज चंबा लाया जा रहा था तो रास्ते में प्रसव पीड़ा काफी तेज हो गई। इस पर बीच राह में ही प्रसव करवाने का फैसला लिया।

## आयोजनों से बच्चों का बढ़ता है आपसी भाईचारा : अविनाश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छतराड़ी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन धूमधाम से हुआ । इस शिविर में बतौर रिसोर्स पर्सन अविनाश गोगू ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

इस मौके पर उन्होंने कहा, जिस स्कूल से हमने शिक्षा प्राप्त की हो उसी स्कूल में अगर एक विशेष अतिथि के रूप में हमें बुलाया जाए ये हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होती है । इस दौरान वह बच्चों से भी रू-ब-रू हुए। इस मौके पर स्वयंसेवकों से रू-ब-रू होते हुए उन्होंने कहा है कि इस तरह के


कैंप के दौरान मौजूद छात्राएं व अन्य।

आयोजन से बच्चों का आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा है कि इस तरह के शिविर के आयोजन से सामाजिक कार्य करने की ललक बढ़ती है।

इस मौके पर उन्होंने इस शिवर में आमंत्रित करने के लिए में विशेष रूप से स्कूल प्रशासन का धन्यवाद किया । इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र राजपूत व प्रवक्ता हिंदी .डॉ मदन लाल विशेष रूप से मौजूद रहे।

## कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में बदलाव हुआ है । प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 28 अक्तूबर को सांय 7.30 बजे सिहुंता पहुंचेंगे तथा शिव नुआला कमेटी द्वारा आयोजित नुआला में मुख्य अतिथि भाग लेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 29 अक्तूबर को सुबह सिहुंता से चंबा प्रस्थान करेंगे। वह दोपहर 12.30 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में प्रधानमंत्री द्वारा 55 बिस्तरों की क्षमता युक्त क्रिटिकल केयर यूनिट के वर्चुअल रूप से किए जाने वाले शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे चंबा से डुंढियारा बांग्ला को रवाना होंगे तथा 3.30 बजे यहां जल शक्ति विभाग के उप-मंडल कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। 30 अक्तूबर को विधानसभा अध्यक्ष 11:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलेरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। 3 नवंबर को विधानसभा अध्यक्ष प्रात: 8:30 बजे धर्मशाला के लिए रवाना होंगे



### सूडोकु 00102

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## अनंत ज्ञान

### आज का पंचांग

28 अक्तूबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आश्विन, **तिथि** एकादशी (7:53): **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी (3:24), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** ब्रह्म (6:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:42-12:26), **राहुकाल** (07:54 -09:17)।

**विशेष दिन**

- 28 अक्तूबर : गोवत्स द्वादशी आज।
- 29 अक्तूबर 2024 : धनतेरस कल।
- 29 अक्तूबर : धन्वंतरी जयंती कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज का दिन आनंद-प्रमोद में बीतेगा। नए वस्त्रों की खरीदारी का योग है। मान-सम्मान प्राप्त होगा। मनोरंजन एवं आनन्ददायक दिन है। आज आपका मनोबल बढ़ा रहेगा।

**वृषभ:** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज आपका धन जरूरी वस्तुओं पर ही खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार आएगा, प्रतिस्पर्धियों तथा शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

**मिथुन:** आज साहित्य एवं कला के क्षेत्र में आपकी रुचि रहेगी और मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी। बौद्धिक चर्चाओं में साझेदारी अवश्य लें। कार्य पूर्ण होंगे। विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क:** आज आपकी मन:स्थिति और स्वास्थ्य कुछ प्रतिकूल रहेगा। परिवार में वाद-विवाद का वातावरण बन सकता है, जिससे मन खिन्न हो सकता है। संयमपूर्वक कार्य करें।

**सिंह:** मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। पराक्रम के बल पर सभी कार्य बनेंगे।

**कन्या:** ग्रह-नक्षत्र आज आप को धन के लेन-देने पर सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। निर्णय लेने से पहले विचार अवश्य करें या फिर किसी भरोसेमंद व्यक्ति की सलाह लें।

**तुला:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे, जिससे कार्य में उत्साह एवं उर्जा अनुभव करेंगे। घर का वातावरण प्रफुल्लित रहेगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज किसी से पैसों की लेन-देन न करें और किसी का उधार भी न दें। निर्णयशक्ति के अभाव में मन में दुविधा बढ़ सकती है।

**धनु :**आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। व्यापार या नौकरी में लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। लक्ष्मी देवी की कृपा से आय में वृद्धि होगी। अच्छे विचारों से मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर :** आज आप हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी खुश रहेंगे, आपके प्रमोशन के योग हैं। कार्य संदर्भ में यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कुंभ:** आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावना है। भाग्योदय के प्रबल योग है। भाग्य का साथ सभी कार्य पूर्ण करने के लिए तत्पर है।

**मीन:** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। सावधानी पूर्वक कार्य आज आपको सफलता दिलाएगा। जरा सी लापरवाही आपको नुकसान पहुंचा सकती है। यात्रा ना करें।

## स्वयंसेवियों को देश सेवा करने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छतराड़ी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का सफलता पूर्वक समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उत्तम राधा सेवानिवृत अधीक्षक हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय ने शिरकत की। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को विद्यालय परिसर में रात्रि ठहराव व खाने पीने की व्यवस्था की गई थी।




शिविर में हर दिन अलग अलग क्षेत्रो से आए वक्ताओं ने एन एस एस के स्वयंसेवियों को संबोधित किया। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को समाज सेवा के माध्यम से देश सेवा करने का संदेश दिया। कार्यकारी प्रधानाचार्य रजिंद्र सिंह ने कहा कि सभी स्वंसेवियों ने इस शिविर के दौरान सराहनीय कार्य किया है ।

## सहायक प्रोफेसर बने आकाश

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ में कला शिक्षक पद पर नवनियुक्त शिक्षक आकाश मालवीय का चयन बतौर सहायक प्रोफेसर डॉ. हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर, मध्यप्रदेश के लिए अंतिम रूप से हो गया है।



सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित हो कर आकाश ने अपने माता-पिता सहित केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ का नाम रोशन किया है। आकाश मालवीय की सहायक प्रोफेसर पद पर चयन होने पर केंद्रीय विद्यालय रिकांग पिओ के प्राचार्य संजीव राणा ने विद्यालय परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी बधाई दी।

आकाश मूल रूप से अयोध्या उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और जनवरी 2024 से केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ में बतौर कला शिक्षक नियुक्त हैं। विगत एक वर्ष में यह आकाश मालवीय की तीसरी सरकारी नौकरी है।

**उल्लंघन** प्रवासियों और स्थानीय लोगों ने लगाए दीपावली से संबंधित सामान के स्टॉल

# बाजार बंद पर इंदिरा मार्केट की छत पर लोगों की खूब चहल पहल

**पुष्पराज, मंडी**

छोटी काशी मंडी में हर त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है और त्योहारी सीजन में यहां पर काफी पर्यटक भी घूमने फिरने आते है। वहीं दीपावली की तैयारियों के चलते आजकल शहर में काफी चहल पहल देखने को मिल रही है।

वहीं दीपावली पर्व के चलते नगर निगम द्वारा बाहरी प्रवासियों और स्थानीय लोगों को दीपावली से संबंधित सामग्री विक्रय करने हुते तहबाजारी लेकर इंदिरा मार्केट और सेरी मंच पर स्थान दिया गया है जिसके चलते शहर में लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली।



वहीं सरी मंच और इंदिरा मार्केट की छत पर विभिन्न प्रकार के सामान जिनमें फूलों की लड़ियां, मिट्टी के दीप, विभिन्न प्रकार की तस्वीरें, मोमबत्ती, रंगोली के रंग, बुरादे के रंग, इलेक्ट्रॉनिक लड़कियां, इलेक्ट्रॉनिक दिप आकर्षण का केंद्र बने हुए है। वहीं नगर निगम द्वारा सिर्फ दीपावली से संबंधित सामान बेचने के लिए व्यापारियों को अनुमति दी गई है लेकिन गुजराति समुदाय के लोगों द्वारा भी इंदिरा मार्केट की छत पर बिना अनुमति के कपड़े आदि के स्टॉल लगा दिए गए ।( अनंत ज्ञान)

### व्यापार मंडल प्रवासी बाजार लगने पर नाखुश

**प्रवासी** व्यापारियों के बाजार लगाने पर इंदिरा मार्केट व्यापार मंडल ने आपत्ति जताई है। व्यापार मंडल के प्रधान अशोक शर्मा ने बताया कि प्रवासियों द्वारा पुरी छत पर कब्जा कर लिया जाता है और ग्राहकों को नीचे मार्केट में उतरने के लिए रास्ता भी नहीं दिया जाता है। इंदिरा मार्केट में यदि जरा सा भी सामान व्यापारीयों का दुकान से बाहर रहता है तो नगर निगम द्वारा उसपर कार्रवाई की जाती है लेकिन प्रवासियों की ओर कोई नजर नहीं करता।

> इंदिरा मार्केट के छत पर केवल दीपावली से संबंधित सामान बेचने वालों को अनुमति दी गई है। लेकिन कुछ प्रवासी बिना अनुमति के बैठे है जिन्हें नगर निगम की टीम ने हटाने का भी प्रयास किया लेकिन उस समय बच्चों और महिलाओं को आगे कर रहे है। रविवार को महिला पुलिसकर्मी छुट्टी पर होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है लेकिन सोमवार को इस प्रकार से अनाधिकृत रूप से बैठे व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **-वीरेंद्र भट्ट शर्मा, महापौर नगर निगम मंडी।**

**सेवा** छोटी है या बड़ी, इसकी कीमत नहीं है। किस भावना से, किस दृष्टि से वह की जा रही है, उसकी कीमत है। -**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# उड़ता हिमाचल

हिमाचल में नशे का बढ़ता चलन प्रदेश के युवाओं की जवानी को खोखला कर रहा है । हिमाचल में पहले भांग का ज्यादा इस्तेमाल होता था, लेकिन पिछले कुछ समय से यहां चिट्टे ने भांग की बादशाहत पर खासा असर डाला है। पंजाब के नौजवानों की नसों में जहर घोलने वाला चिट्टा अब हिमाचल के युवाओं को भी अपनी जकड़ में ले रहा है। इस ड्रग्स के तस्करों ने हिमाचल में ऐसा नेटवर्क फैलाया है कि उनके गिरोह के सदस्य पुलिस की पकड़ में नहीं आ पा रहे हैं। पंजाब से सटे इलाकों में पाकिस्तान की ओर से चिट्टा आसानी से उपलब्ध करवाया जा रहा है और यही चिट्टा अब पंजाब के साथ लगते सीमावर्ती हिमाचल प्रदेश में भी आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है। नशे की शुरुआत अक्सर शौक से होती है, लेकिन जब यह शौक आदत में तब्दील हो जाता है तो नशा करने वाला व्यक्ति नशा पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। ऐसा नहीं है कि चिट्टे के आदी सिर्फ लड़के ही हो रहे हैं, बल्कि लड़कियां भी पीछे नहीं हैं। लड़के जहां पैसा न मिलने पर लोगों के गले की चेन छीन रहे हैं, तो कहीं मोटरसाइकिल उड़ा रहे हैं और कहीं राह चलते व्यक्तियों को चाकू की नोक पर लूट रहे हैं तथा मोबाइल छीन रहे हैं तो वहीं ,इस नशे की चपेट में आई कुछ लड़कियां अपनी नशे की प्यास बुझाने के लिए अपने शरीर का सौदा भी करने लग पड़ी हैं।

चिट्टे का यह नशा जहां युवाओं को अपराध और चोरियों की आदतों में धकेल रहा है तो वहीं लड़कियों को वेश्यावृत्ति की ओर ले जा रहा है। निश्चित रूप से समाज की बन रही यह नई तस्वीर भयावह है। सरकारें बदलती रहती हैं और नशा बेचने वाले भी बदलते रहते हैं, लेकिन यह नशा कम नहीं हो रहा है। नशे के चलते पंजाब में जहां हर दूसरे दिन एक मौत हो रही है तो वहीं हिमाचल में भी पिछले 11 महीनों में पांच युवा चिट्टे के नशे के चक्कर में अपनी जान अब तक गंवा चुके हैं। नशे के मामले में जहां पंजाब टॉपर है तो वहीं हिमाचल दूसरे स्थान पर है। अगर यही हालात रहे, तो हिमाचल भी नंबर वन पर आ सकता है। पहले हम नशे की वजह से पंजाब को उड़ता पंजाब कहते थे, लेकिन अब हिमाचल भी उड़ता हिमाचल बनने जा रहा है। हिमाचल में पिछले साल एनडीपीएस एक्ट के तहत 2146 मामले दर्ज हुए थे। इस वर्ष भी अब तक 1218 मामले दर्ज हो चुके हैं, जबकि अभी साल खत्म होने में दो माह शेष हैं। ऐसे में यह आंकड़ा और ज्यादा बढ़ेगा। शिमला और कुल्लू जिला नशे के मामले में प्रदेशभर में नंबर वन है। शिमला में जहां 9 माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत 187 मामले दर्ज किए गए थे, तो वहीं कुल्लू में 186 मामले दर्ज किए गए हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों का आंकड़ा साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। नशा तस्कर अपनी संपत्तियां बनाने में लगे हुए हैं।

उन्हें किसी की जान से भला क्या परवाह। शिमला में नशा तस्कारों की करीब 3 करोड़ की संपत्ति फ्रीज हो चुकी है। हिमाचल में नशे के जाल से युवाओं को निकालने के लिए कुल 79 नशा निवारण केंद्र हैं, लेकिन इनमें सुविधाओं की भारी कमी है। इनमें से दो सरकारी और 77 गैर सरकारी नशा निवारण केंद्र संचालित हो रहे हैं। अव्यवस्था ऐसी है कि हमीरपुर और ऊना जिले के केंद्रों में उपचाराधीन लोगों की मौत भी हो चुकी है। सरकार भी काफी प्रयास कर रही है, लेकिन आशातीत सफलता नहीं मिल पा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नशे की समस्या से पार पाने के लिए प्रदेश में नशा मुक्त हिमाचल अभियान भी शुरू कर रखा है। पुलिस के नेतृत्व में इस अभियान को त्रिस्तरीय रणनीति के तहत सफल बनाने की ओर हिमाचल सरकार अग्रसर है। सबसे पहले इस अभियान में नशे की रोकथाम के लिए कौन से कदम उठाए जाने चाहिए पर फोकस किया गया है। हमें आत्म-मान्यता देनी होगी।

नशे की समस्या को स्वीकार करना होगा कि यह समस्या कितनी जटिल है और उसे बदलने की इच्छा रखनी होगी। व्यायाम और योग भी अच्छा कदम है। शारीरिक गतिविधियों से नशे की लत कम होती है। मनोरंजन गतिविधियों में रुचि लेकर नशे से दूर रहें। सामाजिक स्तर पर भी कदम उठाने होंगे। जागरूकता अभियान चलाने होंगे। नशे के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक करना सबका कर्तव्य बनना चाहिए। नशे से पीड़ित लोगों के लिए समर्थन समूह बनाएं तथा शिक्षा और रोजगार देकर नशे से मुक्ति पाएं। नशे की दलदल में घंसे लोगों को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने चाहिए। सरकारी स्तर पर नशा नियंत्रण पर सख्त कानून बनाएं और उनका पालन करें। नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करें। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी नशे के अवैध व्यापार पर रोक लगा सकती है। इन कदमों से चिट्टे के नशे को खत्म करने में मदद मिल सकती है बस जरूरत है इच्छा शक्ति से काम करने की । ■

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारतीय रिजर्व बैंक के 24वें गवर्नर

**उर्जित** पटेल भारतीय रिजर्व बैंक के 24वें गवर्नर रहे हैं। उन्होंने 23वें गवर्नर रघुराम राजन का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात् यह पद ग्रहण किया था। रघुराम राजन 4 सितंबर, 2016 को पदमुक्त हो गए थे। उनके बाद उर्जित पटेल ने 5 सितंबर, 2016 से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया था। इससे पहले उर्जित आरबीआई के डिप्टी गवर्नर थे। उन्हें 11 जनवरी, 2013 को रिजर्व बैंक में डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था और जनवरी, 2016 में उन्हें सेवाविस्तार दिया गया। उर्जित पटेल स्वतंत्र विचारों वाले एकाग्रचित्त व्यक्तित्व के मालिक हैं। वे किसी भी चीज के बारे में पूरी तरह विस्तार से जानने में यकीन रखते हैं। उर्जित पटेल भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर भी रहे हैं। उन्हें जनवरी, 2016 में रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में तीन साल का विस्तार दिया गया था। वह डिप्टी गवर्नर से रिजर्व बैंक के गवर्नर बनने वाले आठवें व्यक्ति रहे। उर्जित पटेल लंदन स्कूल इकोनॉमिक्स से स्नातक हैं और फिर उन्होंने प्रतिष्ठित येल यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। रघुराम राजन के करीबी सहयोगी माने जाने वाले पटेल को महंगाई के खिलाफ मोर्चा संभालने वाले राजन के मजबूत सिपाही के तौर पर जाना जाता है। रिजर्व बैंक में डिप्टी गवर्नर के तौर पर उर्जित पटेल तीन साल का एक कार्यकाल पूरा कर चुके थे और वर्ष 2016 में उन्हें दो साल का विस्तार दिया गया था। डिप्टी गवर्नर बनने से पहले वह बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप में एनर्जी एडवाइजर के तौर पर काम कर रहे थे। पटेल 1990 से 1995 तक 'अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष' (आईएमएफ) में भी काम कर चुके हैं। ■



**उर्जित पटेल**
**जन्म** : 28 अक्तूबर,1963

## अपनी बात

**रात** को दूध पीना सेहत के लिए कितना फायदेमंद माना जाता है यह तो हम सभी जानते हैं, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसका किस समय सेवन करते हैं, क्योंकि सही समय में दूध पीने से शरीर को कई लाभ मिल सकते हैं। दूध अपने आप में कंपलीट फूड है। दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, जिंक जैसे मिनिरल्स के अलावा विटामिन बी 12, विटामिन डी और प्रोटीन पाया जाता है। इतना ही नहीं दूध में कई तरह के एमिनो एसिड भी होते हैं। रोजाना रात को होने से पहले दूध का सेवन करने से शरीर को कई लाभ मिल सकते हैं। तो चलिए जानते हैं रात को सोने से पहले दूध पीने के फायदे। अगर आप वजन को कम करना चाहते हैं तो आपके लिए रात के समय दूध का सेवन फायदेमंद हो सकता है। रोज रात में सोने से पहले एक गिलास दूध के सेवन से वजन को कम करने में मदद मिल सकती है। स्ट्रेस-दूध में मौजूद एमिनो एसिड कार्टिसोल हार्मोन के लेवल को कम करता है। रोजाना दूध के सेवन से स्ट्रेस को कम करने में मदद मिल सकती है। हड्डियों-दूध से सबसे अधिक कैल्शियम की प्राप्ति होती है। कैल्शियम के अलावा इसमें फॉस्फोरस, विटामिन डी और प्रोटीन होता है जो हड्डियों की मजबूती के लिए अच्छा माना जाता है।

**रविंद्र कुमार, भड़वाल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बाजार पर सरकार के नियंत्रण से ही एमएसपी का मिलेगा लाभ

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण है कि किसानों को कौन-सी फसल लेना लाभकारी रहेगा, इस पर सोच-विचार का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केंद्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनकी बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। यह सरकार की सकारात्मक पहल है। केंद्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित उह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छह फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है, जिससे किसानों के लिए ये फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की मानें तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जी की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है।

निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ मानव श्रम को भी शामिल किया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केंद्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में अन्य प्रमुख फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया।



**लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। केंद्र सरकार द्वारा प्रमुखत: राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है।

अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वही है कि जब तक बाजार में खासतौर से मंडियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी विचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में है कि किसान को अपनी तात्कालिक व आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राशि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से विचौलिए लाभ उठा लेते हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है।

इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था का सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रहा है। जहां तक अन्य फसलों का सवाल है, देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मंडी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है, इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना चाहिए। दरअसल, विचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सेंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ विचौलिए अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केंद्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलपूफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मंडियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ हो जाए, तो निश्चित रूप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह सेंध लगाई गई है, उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है।

एक बार फिर बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना यह बताता है कि कमोवेश बाजार की ताकतें अधिक शक्तिशाली है। इसलिए एक ओर जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है, उसी तरह बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरूरी हो जाता है। बाजार पर सरकार के नियंत्रण से ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# जीवन सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी

बढ़ते आबादी और चलते फिरते वाहनों हेतु सड़क सुरक्षा आज के समय में उतना ही जरूरी हो गया है जितना खुद को किसी बीमारी से बचाने के लिए स्वस्थ रहना। रोड सेफ्टी हर देश के हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। सड़क सुरक्षा का अर्थ है सड़क पर चलते हुए नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करना ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और जीवन को सुरक्षित बनाया जा सके, लेकिन इस बढ़ती आबादी, बढ़ते यातायात, बढ़ती गाड़ियों की संख्या, बढ़ती लापरवाही, बढ़ता मानसिक टेंशन और सड़क पर गाड़ियों की तेज गति के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आए दिन भारी संख्या में हर रोज लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

यातायात के सभी नियमों का पालन करते हुए सड़क पर सुरक्षित रूप से वाहनों को चलाना ही सड़क सुरक्षा है। चार पहिया वाहन चलाते समय ड्राइवर को सीट बेल्ट जरूर पहनना चाहिए और स्पीड लिमिट को ध्यान में रखते हुए ही ड्राइव करना चाहिए। बाइक या स्कूटी वाहन चालकों को हेलमेट जरूर पहनना चाहिए और स्पीड लिमिट का भी ध्यान रखना चाहिए। पैदल चलने वाले और साइकिल इस्तेमाल करने वाले लोगों को सड़क किनारे बनी फुटपाथ पर ही चलना चाहिए। जब रेड लाइट हो जाए और सभी वाहन रुक जाए तभी पैदल यात्री को जेब्रा क्रासिंग से रोड क्रॉस करना चाहिए।



**लेखक :संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पैदल चालकों को रोड पर हमेशा अपने बायीं ओर से ही चलना चाहिए। रोड पर वाहन चालकों को यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि भीड़ वाली जगह पर गाड़ी हमेशा धीमी गति से चलाना चाहिए। कभी भी अल्कोहल पीकर ड्राइविंग नहीं करनी चाहिए और ड्राइविंग करते समय मोबाइल पर बात नहीं करनी चाहिए। ट्रैफिक सिग्नल का पालन जरूर करना चाहिए और उसका मतलब भी जानना चाहिए जैसे रेड लाइट वाहनों के रुकने का संकेत होता है, येलो लाइट संकेत देता है कि आप तैयार रहें और ग्रीन लाइट चलने का संकेत देता है। सड़क सुरक्षा मुहिम एक सामूहिक जिम्मेदारी है जो कि केवल सरकार और पुलिस का काम नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करे।

हमें समझना होगा कि हमारी छोटी सी लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सड़क सुरक्षा एक गंभीर चिंता का विषय है जो पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और ड्राइवरों सहित सड़कों पर सभी को प्रभावित करती है। दुर्घटनाओं और गंभीर चोटों से बचने के लिए व्यक्तियों में जागरूकता होना और नियमों और सुरक्षा उपायों का पालन करना महत्वपूर्ण है। सड़क सुरक्षा के मूलभूत घटक में यातायात नियमों का पालन करना शामिल है, जिसमें यातायात संकेतों, गति सीमा और साइन बोर्ड का पालन करना होता है। इन नियमों का पालन न केवल चालक की सुरक्षा सुनिश्चित करता है बल्कि निर्बाध और व्यवस्थित यातायात प्रवाह को भी सुविधाजनक बनाता है। इसलिए, सड़क पर यात्रा करते समय हमेशा सतर्करहें और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। इस प्रकार, हम न केवल अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन को भी बचा सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**

## आसमान में उड़ना



**रवींद्र कुमार शर्मा**

*मिल जाती है जब किसी को बहुत खुशी*
*उम्र बीत गई थी जिसको रहता था दुखी*
*दिल चाहे उड़ना आसमान में उसका*
*भावनाएं आ जाती हैं बाहर जो दिल में थी छुपी*
*अचानक से कोई मिल जाए अपना*
*लगता है जैसे देख रहे कोई सपना*
*जिसकी कृपा से वह आ गया सामने*
*नाम उसका चाहता है मन श्रद्धा से जपना*
*वर्षों बाद किसी की हो जाए पूरी मुराद*
*हो गया था जिसका जीवन में सब बर्बाद*
*जी रहा था करके अच्छे दिनों की याद*
*मुक्ति मिली चिंता से अब हुआ आजाद*
*गले लगाता घूम घूम कर सबको*
*कहता है सब को ही अपना*
*पूरी हुई जो आस अब मेरी*
*हकीकत है या कोई सपना*

# आगामी चुनावों के लिए भाजपा को मिला नया मंत्र

हरियाणा विधानसभा चुनाव की जीत से भारतीय जनता पार्टी में नया उत्साह आ गया है। हरियाणा से भाजपा को विपक्ष के झूठ पर आधारित नैरेटिव ध्वस्त करने का मंत्र मिल गया है। अब झारखंड, महाराष्ट्र राज्यों सहित कई राज्यों की खाली पड़ी विधानसभा तथा दो लोकसभा सीटों पर उपचुनावों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इन सभी चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाला राजग गठबंधन अपनी तैयारी में काफी आगे निकल चुका है, गठबंधन ने अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा भी कर लिया है और उम्मीदवारों के चयन का काम पूरा करते हुए अपने नारे भी सेट कर लिए हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम से स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा का जो कौर मतदाता किसी कारणवश इधर-उधर चला गया था, वह वापस आ रहा है। लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण सहित जातिवार जनगणना का झूठा नैरेटिव चलाने के कारण ओबीसी समाज भाजपा से छिटका, जिसके कारण उसका 400 पार का नारा धरातल पर नहीं उतर सका था। अब भाजपा निराशा के उस भाव से उबर चुकी है। हरियाणा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे हिंदू बटेंगे तो कटेंगे ने हिंदू जनमानस को नई चेतना दी थी और अब यही नारा महाराष्ट्र की धरती तक पहुंच गया है। साथ ही हरियाणा में ओबीसी समाज ने जिस प्रकार भाजपा का साथ दिया है उसे ध्यान में रखते हुए भाजपा अब अन्य राज्यों में भी ओबीसी समाज को साधने के लिए हर उपाय करने जा रही है। हरियाणा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री नायव सिंह सैनी के मंत्रिमंडल की पहली बैठक में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए प्रदेश सरकार एससी एसटी वर्ग में उपवर्गीकरण करने जा रही है। हरियाणा सरकार का यह कदम सर्वोच्च न्यायालय के कोटा में कोटा के ऐतिहासिक निर्णय की भावना के अनुरूप है।



**लेखक : मृत्युंज्य दीक्षित**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने के लिए जहां भाजपा ने कमर कस ली है वहीं संघ व विश्व हिंदू परिषद सहित समस्त हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी सक्रिय हो गए हैं। बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान सहित विश्व के अनेक देशों में हिंदुओं व सनातन धर्म के आस्था के केंद्रों पर जिस प्रकार हमले किये जा रहे हैं तथा भारत का विपक्ष जिस प्रकार सनातन हिंदू के खिलाफ जहर उगल रहा है उससे उत्पन्न संकट को देखते हुए अब सभी हिंदू संगठनों को यह समझ में आ गया है कि सत्ता कितनी अनिवार्य है। भाजपा के लिए संघ के साथ उसके सभी समवैचारिक संगठन सक्रिय हैं।

विश्व हिंदू परिषद पूरे महाराष्ट्र में साधु-संतों के सम्मेलन करवाने की योजना बना रही है। मंदिर मठों का प्रतिनिधित्व करने वाले साधु-संत हिंदुत्व, सुशासन, विकास, लोक कल्याण, राष्ट्रीय हित जैसे विषय जनमानस को बताएंगे। लव जिहाद, धर्मांतरण आदि को रोकने के लिए वहां पर पहले भी कई रैलियां हो चुकी हैं। इसके साथ ही साधु-संत वोट जिहाद के पति भी हिंदू जनमानस को जगाने के लिए काम कर रहे हैं और वोट जिहाद के खिलाफ100 प्रतिशत मतदान करने की बात कर रहे हैं। नागपुर और अकोला में संत सम्मेलन आयोजित किए जा चुके संत समाज का कहना है कि लोकसभा चुनाव में जो हुआ वह वोट जिहाद का ही परिणाम था किंतु अब वोट जिहाद का हिसाब उसी तरह किया जाएगा। वोट का प्रतिशत बढ़ाया जाए। हमारा देश, हमारे संस्कार लेकर बढ़े इसलिए हमें अपना मत प्रतिशत बढ़ाना है।

विहिप का कहना है कि अब आने वाले सभी निर्वाचनों में ऐसे लोग ही चुनकर आएं जो नीति निर्धारण हिंदू धर्म, हिंदी, संस्कृत, हिंदी परंपरा, हिंदू रीति रिवाज का संरक्षण करने वाले हो। महाराष्ट्र की राजनीति में हिंदुत्व एक बड़ा फैक्टर रहा है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जैसे गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया जाना। भाजपा ओबीसी व वनवासी समाज को अपनी और आकर्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी, क्योंकि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से चुनाव दर चुनाव ओबीसी समाज भाजपा का साथ देता आ रहा है। सबसे अधिक ओबीसी मुख्यमंत्री भाजपा ने ही बनाए हैं। सबसे अधिक ओबीसी विधायक व सांसद भाजपा से ही जीतकर आ रहे हैं। भाजपा ओबीसी समाज के लिए कुछ बड़े निर्णय ले सकती है, क्योंकि महाराष्ट्र में भी ओबीसी समाज की एक बड़ी भूमिका है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव में भी हिंदुत्व के साथ जातियों को भी साधने पर काम किया जा रहा है। भाजपा के रणनीतिकार अब विशिष्ट रणनीतियों पर काम कर रहे हैं। विगत चुनावों में भाजपा ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा दिया और सफलता पाई। इसी नारे के बल पर जम्मू के हिंदू भी भाजपा के पक्ष में गोलबंद दिखे। अब यह नारा पूरे भारत में घूमने के लिए तैयार हो रहा है। ओबीसी समाज को आकर्षित करने के लिए सरकार बड़े कदम उठाने जा रही है जिसमें कीमीलेयर की सीमा बढ़ाने से लेकर अन्य कई योजनाओं का विस्तार करने पर विचार कर रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि भाजपा ने विपक्ष के नैरेटिव को धराशायी करने का मंत्र खोज लिया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# समय की मांग सरकार पत्रकारों का भी करें मासिक वेतन निर्धारित

जिस प्रकार लोकतंत्र में पत्रकारों की अहम् भूमिका बताई गई है, जो कि हमारे देश में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताया गया है, उस लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया बधुओं ने समय-समय पर देश समाज में अपनी अहम भूमिका निभाने का भरसक प्रयास किया है, अर्थात पत्रकार (शब्दों के शिल्पकार) मानें जाते हैं, जो किसी भी क्षेत्र समाज की विभिन्न समस्याओं एवं विशेषताओं को अपने अनुभवों और शब्दों से कहीं न कहीं सरकार प्रशासन के समक्ष वास्तिवकता के आधार पर धरातल पर दिखाने का प्रयास करते नजर आते हैं, जिस प्रकार वर्तमान में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है, जिसके कारण हम सभी को घर बैठे विभिन्न प्रकार की जानकारियां एवं समस्याओं से रू-ब-रू करवाने का प्रयास करते है, जिसके पीछे उन तमाम होनहार और प्रतिभाशाली पत्रकार बंधुओं की उतनी ही अधिक मेहनत और लगन भी छुपीं होती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम आप सभी के समक्ष उन तमाम पत्रकार बंधुओं के आर्थिक स्थिति को भी देखने एवं समझने की परम आवश्यकता है, क्योंकि पत्रकारिता एक ऐसा विषय एवं क्षेत्र माना जाता है। जहां हरेक पल एवं हरेक दिन कोई न कोई खास खवर एवं विभिन्न क्षेत्रों में अखबारों की सुर्खियां बन जाती है, इसलिए सरकार को भी उन तमाम जिला स्तर एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधुओं को मासिक आय निर्धारित करने का प्रयास करना चाहिए, जो कि जनहित से जुड़ा एक महत्वपूर्ण और गंभीर विषय है, जिसके पीछे एक पत्रकार बंधुओं के परिवार की जिम्मेदारी और सामाजिक सुरक्षा का विषय भी जुड़ा हुआ माना जाता है।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

तो वहीं अगर सरकार इन तमाम मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधुओं को मासिक वेतन निर्धारित करतीं हैं तो निसंदेह भविष्य में पत्रकारिता में निष्पक्षता और पारदर्शिता में भी कहीं न कहीं सुधार देखने को मिलता रहेगा, क्योंकि पत्रकारिता का एक ऐसा क्षेत्र माना जाता है। जिस क्षेत्र के बारे में समाज की अलग-अलग धारणा एवं मत रहता है, जबकि अगर पत्रकारिता को ईमानदारी और निष्पक्षता से करने का प्रयास किया जाता है, तो आर्थिक समस्या भी एक बड़ी चुनौती और प्रश्न चिन्ह रहता है।

जिसके कारण विभिन्न पत्रकार बंधुओं को विज्ञापनों इत्यादि के माध्यम से कहीं न कहीं अपने परिवार और जीवन को चलाने का कहीं न कहीं प्रयास करते नजर आते हैं, परंतु समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि जो पत्रकार बंधु (समाज और सरकार) का आईना कहा जाता है जो हर बड़ी खबर और समस्याओं से हर पल अवगत करवाता है। उस पत्रकार वर्ग के प्रति समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि उनके बेहतर भविष्य और आर्थिक सहयोग के रूप में सरकार एवं प्रशासन के माध्यम से जनता भी अपने अपने स्तर पर निवेदन एवं आग्रह करने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में सरकार इस और कोई विशेष कदम उठाए और पत्रकार बंधुओं को भी सरकार मासिक वेतन निर्धारित करने का प्रयास करें, जिन पत्रकार बंधुओं ने दुर्गम क्षेत्रों और जीवन का अधिकांश समय पत्रकारिता के लिए समर्पित कर दिया है और भविष्य में भी इस क्षेत्र की और युवाओं का रूझान बढ़ेगा अगर सरकार पत्रकारों के भविष्य की और कोई विशेष सुविधा एवं पहल करती नजर आती है तो, क्योंकि पत्रकारिता इतना आसान क्षेत्र भी नहीं माना जाता जितना देखने को मिलता है।

पत्रकारिता में हमेशा चुनौती देखने को मिलती हैं जहां सरकार, प्रशासन से लेकर समाज तक वास्तविक खबरों को दिखाने का जिगरा एवं तथ्यों पर आधारित सूचनाएं एकत्रित करके समाज का आईना कहलाया जाता है। जिसमें देव भूमि हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों से सूचनाएं और खबरों को लेकर बड़ी मशक्कत और चुनौती भी देखने को मिलती रहती है, इसलिए हम सभी युवाओं और समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम सभी जनहित में इस विशेष वर्ग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दिखाने का प्रयास करना चाहिए जो पत्रकार बंधु हमेशा समाज की हर समस्या का निराकरण पाने के लिए सरकार और प्रशासन के समक्ष हमेशा जबावदेही बनाते नजर आते हैं। जबकि अनेक राज्यों में प्रदेश सरकार ने मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधुओं को मासिक वेतन भी निर्धारित किया है उसी आधार पर हिमाचल प्रदेश के मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधुओं को भी हिमाचल प्रदेश सरकार उचित मासिक वेतन निर्धारित करने का प्रयास करें। ऐसी उम्मीद और विश्वास करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य पर दिया बल : जम्वाल



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें एपिसोड का विशेष आयोजन सुंदरनगर शहर के बूथ भोजपुर के बूथ अध्यक्ष अनील सूद के निवास पर किया गया। इस मौके विधायक राकेश जंवाल ने पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य पर विशेष बल दिया और इसे एक राष्ट्रीय जन-आंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री ने इस एपिसोड में देश के महानायकों सरदार वल्लभभाई पटेल और भगवान बिरसा मुंडा को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल के मंत्र पर जोर दिया और आने वाले त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

### धर्मपुर में मिलेगी कोदरे व फ्रूट की मिठाई

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** किसान उत्पादक संघ-(एफपीओ)धर्मपुर में कृषि, बागवानी और ग्रामीण विकास के जन प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, किसानों व महिलाओं का व्यापक मंच बनता जा रहा है। एफपीओ ने दीपावली पर्व के मौके पर आज और कल 28-29 अक्टूबर को धर्मपुर में आयोजित किए जा रहे दीपावली उत्सव उड़ान का उद्घाटन स्थानीय विधायक चंद्रशेखर करेंगे, वहीं समापन पूर्व मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह करेंगे। एफपीओ के अध्यक्ष सतपाल सिंह, सचिव भूपेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल भरमौरिया, रणताज राणा सहित इत्यादि ने जनता से अपील की है कि वे इस मेले में भाग लें और फ्रेश व शुद्ध मिठाईयों के साथ दीवाली मनाएं।

### स्वयंसेवियों ने लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया




**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लौंगणी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य लवलीन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा सीमा कुमारी रही। समापन समारोह में लौंगणी पंचायत की वार्ड सदस्य कमलेश कुमारी, स्वास्थ्य विभाग से मंजू कुमारी, विद्यालय के भूगोल प्रवक्ता पवन कुमार,इतिहास प्रवक्ता सुमन कुमारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रवक्ता रसायन विज्ञान निर्मल सिंह, प्रवक्ता जीव विज्ञान सपना कुमारी व योगा ट्रेनर प्रियंका देवी उपस्थित रहे। इस शिविर में स्वयंसेवियों लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

### अजीत सिंह सकलानी बने प्रदेश युवा अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** हिमाचल प्रदेश भारतीय किसान संघ युवा मोर्चा का 12वां अधिवेशन 26/27 अक्टूबर को भारतीय किसान संघ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा मंजू दीक्षित की अध्यक्षता में कुल्लू में संपन्न हुआ। जिसमें अजीत सिंह सकलानी को लगातार तीसरी बार हिमाचल प्रदेश भारतीय किसान संघ युवा मोर्चा का अध्यक्ष चुना गया। बता दें कि अजीत सिंह सकलानी धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत सिद्धपुर के निवासी हैं और पेशे से अधिवक्ता हैं और वर्तमान समय में शिमला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भी हैं।

### चित्रकारी में विशाली, नारा लेखन में दिव्या प्रथम



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेहरू युवा केंद्र मंडी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से नोडल मारुती युवा मंडल कोठी गैहरी के द्वारा गवर्नमेंट हाई स्कूल गम्भरखड्ड में चित्रकारी और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मारुती युवा मंडल प्रधान सचिन सकलानी ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा। इन प्रतियोगिताओं से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। प्रतियोगिता में 40 से अधिक युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानाचार्य चेतराम ने नेहरू युवा केंद्र मंडी और मारुती युवा मंडल प्रधान सचिन सकलानी का धन्यवाद किया। चित्रकारी में प्रथम विशाली, द्वितीय कमलकांत, तृतीय मृदुल पर रहे। नारा लेखन में प्रथम दिव्या, द्वितीय उर्मिला, तृतीय सूर्या पर रहे। प्रतियोगिता में विजेता युवाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मारुती युवा मंडल प्रधान सचिन सकलानी, हैडमास्टर चेत राम, अध्यापक संजीव कुमार, हंसराज, अनीता शर्मा, शालिनी कटोच आदि उपस्थित रहे।

### बरोट में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**अनंत ज्ञान, पधर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पधर के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि दंत चिकित्सक डॉ. मुनीश द्वारा दांतों की समस्या से जूझ रहे 60 रोगियों की जांच व उपचार किया व दांतों की साफ सफाई के बारे में भी जागरूक किया। शिविर में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इंदिरा राणा ने लोगों को क्षय रोग के फैलने के कारणों एवं बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य शिविर में लोगों को मादक एवं नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.आर.के. कौंडल के द्वारा 80 बच्चों का स्वास्थ्य की जांच की गई।

### धर्मपुर में स्वरोजगार के लिए महिलाओं की उड़ान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर किसान उत्पादक संगठन-एफपीओ ने महिलाओं को आर्थिक रूप में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पिछले आठ महीनों में ही सात प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित करने की पहल की है। एफपीओ धर्मपुर का ये प्रयास और पहल हिमाचल प्रदेश के एक मॉडल बनता जा रहा है। ये बात एफपीओ के अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने कही उन्होंने कहा कि एफपीओ ने दो साल पहले घरवासड़ा में हल्दी पाउडर बनाने का काम दो महिला समूहों के माध्यम से शुरू किया था और अब वहां पर शुगर कंट्रोल आटा बनाया जा रहा है जिसे ग्यारह प्रकार की खाद्य सामग्री के फार्मूले से तैयार किया गया है। इस प्रकार ये क्रमम महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की और उड़ान भरने से कम नहीं है।

संजय अवस्थी ने बेली ब्रिज, उठाऊ पेयजल योजना और पशु औषधालय का किया लोकार्पण, कहा-

# बल्ह में खुलेगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

**अनिल शर्मा, मंडी**

बेहतर जन सुविधाएं प्रदेश की जनता को मिले, इसी दृष्टिकोण के साथ प्रदेश सरकार विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। यह बात मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क) संजय अवस्थी ने बल्ह विधानसभा के हल्यातर में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने ग्राम पंचायत लोहाखर में 87.50 लाख रुपए की लागत से झोर नाला पर 90 फुट स्पैन बैली ब्रिज, 20.64 लाख रुपए से निर्मित पशु औषधालय, 18 लाख रुपए की लागत से निर्मित ग्राम पंचायत कठयांहूं व लुहारड़ी की छूटी हुई बस्तियों के लिए उठाऊ पेयजल योजना लुहारड़ी, द्रहल का लोकार्पण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र डुलग का भी शिलान्यास किया।

उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह इलाके के वकील बन कर सभी मांगों को मुख्यमंत्री से पूरी करवाएंगे। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। बल्ह में भी डे-बोर्डिंग स्कूल खोला






लोकार्पण करते हुए सीपीएस व नीचे उन्हें सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**आंगनबाड़ी केंद्र डुलग का भी किया शिलान्यास**

जाएगा। उन्होंने इसके लिए उचित भूमि का चयन करने के भी निर्देश दिए। इस पर लगभग 20 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चों को इससे फायदा होगा। इस स्कूल में किसी भी प्राइवेट स्कूल से बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### लोगों ने सीपीएस को बताई समस्याएं

**जिला** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी और एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने इलाके की समस्याओं के बारे में मुख्य संसदीय सचिव के सम्मुख रखा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, उपाध्यक्ष बल्ह कांग्रेस जगत पाल, एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष विजय पाल, पंचायती राज अध्यक्ष तारा तुंगला, कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता, प्रधान हल्यातर बन्ती देवी, प्रधान लुहारड़ी रोशन लाल, प्रधान लुहाखर टेक चंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### स्थापित नेता को नहीं खोना चाहिए

**संजय** अवस्थी ने कहा कि विकास निरंतर प्रक्रिया है। सरकारें आती हैं और जाती हैं लेकिन विकास कार्य नहीं रुकने चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अगर सराज की तरह बल्ह विधानसभा क्षेत्र का भी विकास किया होता, तो यहां का पिछड़ापन दूर हो जाता। लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत मतदाता की होती है। मतदाता ही किसी भी नेता को अर्श से फर्श पर और किसी को फर्श से अर्श तक पहुंचा देता है। हमें किसी भी स्थापित नेता को नहीं खोना चाहिए। इससे क्षेत्र का विकास रुकता है। (अनंत ज्ञान)

# उपमंडलाधिकारी नागरिक कार्यालय में बंदरों का उत्पात



**कर्मचारी व विद्यार्थी सहित लोगों को झेलनी पड़ रही परेशानी**

कार्यालय के बाहर बंदर।

**भीम बसेड़ू, महादेव**

उपमंडलाधिकारी (नागरिक) सुंदरनगर कार्यालय के यहां बंदरों के बढ़ने से वर्षों से बंदरी उत्पात जारी है इसके साथ ही एक बड़ा आतंक हरदम सर पर मंडराता रहता है। चतरोखड़ी स्थित तहसील कार्यालय से लेकर नागरिक अस्पताल, भोजपुर,पुराना नगर (बाजार) बीबीएमबी कॉलोनी आदि शहरी क्षेत्र में बंदरों का आतंक जारी है।

कहीं-कहीं बंदर राह आते-जाते लोगों के साथ छीना झपटी करते हैं तो कई स्थानों पर सुखाने डाले कपड़ों को बंदर उठा ले जाते हैं और फाड़ डालते हैं यह बुरी हरकत खासकर सलापड़ कॉलोनी (बीबीएमबी) सुंदरनगर उपमंडल के ही अंतर्गत आते ग्रामीण क्षेत्र डैहर में देखी जा सकती है।

**लोगों ने सरकार से की जंगली जानवरों के नियंत्रण पर कारगर नीति बनाने की मांग**

ऐसी स्थिति में कर्मचारी वर्ग, विद्यार्थी सहित अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि दिनों दिन बंदरों का आतंक बढ़ना बेहद चिंता का विषय है जिसके नियंत्रण के लारे लप्पों के लिए सीधे सीधे प्रदेश सरकार जिम्मेदार है जिसका खामियाजा पूर्व में रही सरकारों के समय से भी लोगों को भोगना पड़ रहा है। बुद्धिजीवी लोगों ने प्रदेश की सुखविंदर सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि बंदर आदि जंगली जानवरों के नियंत्रण के लिए शीघ्र ही कारगर नीति बनाई जाए।

# एसडीएम स्मृतिका नेगी ने बल्ह के दो स्कूल लिए गोद

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान अपना विद्यालय के तहत बल्ह एसडीएम स्मृतिका नेगी ने भंगरोटू स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घासणु को गोद लिया है।



घासणु स्कूल में विशेष बच्चों को लेकर बात करती एसडीम बल्ह स्मृतिका नेगी।

उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों के स्कूल में इन बच्चों के लिए स्पीच थेरेपिस्ट, चिकित्सक व स्पेशल अध्यापकों की आवश्यकत की पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। मेरा इन स्कूलों को गोद लेने का यही लक्ष्य है कि मैं अपने कार्यकाल में विशेष बच्चों के लिए कुछ विशेष कर सकूं।

### मंडी-मलवाना बस एक महीने से बंद

**मंडी।** लगभग बीस सालों से मलवाना के लिए मंडी से बस सेवा पिछले एक महीने से ज्यादा समय से बंद हो गई है। सुबह मंडी से चलकर यह बस नौ बजे मलवाना से मंडी के लिए चलती थी। इसी तरह शाम को मंडी से चलकर तीन बजे मलवाना से वापिस आती थी, लेकिन पिछले एक महीने से ज्यादा समय से यह बस दोनों समय के लिए बंद कर दी गई है। मलवाना से खारसी, टिक्कर कलां, करसौड़ा सहित अनेकों गांवों के लोगों को बस सुविधा प्राप्त होती थी, लेकिन इस बस के बंद हो जाने से उन्हें दो किलोमीटर और पैदल चल कर भडयाल से बस लेनी पड़ती है। जिससे उनका समय और श्रम की बर्बादी होती है।

# पड्डुल मैदान में फुटबॉल खिलाड़ियों ने दागे गोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

57वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को पहला मैच जिला फुटबाल संघ कांगड़ा व बिलासपुर के मध्य खेला गया। कांगड़ा ने यह मुकाबला 6-1 से जीता। कांगड़ा के खिलाड़ी संयम व हेमंत ने दो दो, मुकुल व आदित्य ने एक एक गोल किया।

बिलासपुर के खिलाड़ी संतोष ने एकमात्र गोल किया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच चंबा व ऊना के मध्य संघर्षपूर्ण रहा। ऊना ने दबाव बनाते मैच 3-0 से जीता। ऊना के खिलाड़ी हर्ष कुमार ने तीन गोल कर तिकड़ी बनाई। एक अन्य मैच सोलन और हमीरपुर के मध्य खेला गया जो बराबर रहा। निर्धारित समय



प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के साथ खिलाड़ी।

**मंडी ने किन्नौर को 3-0 से हराकर जीता मैच**

तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। इसके अलावा एक मैच मंडी और किन्नौर के मध्य खेला गया। जो मंडी ने 3-0 से जीता।

पहला गोल मंडी के खिलाड़ी लवी ने किया। मध्यांतर के बाद मंडी ने दबाव बनाते हुए खिलाड़ी योगेश शर्मा ने शानदार फील्ड गोल दागा। खेल के 26वें मिनट में मंडी के मोहित ने पुनीत सैनी को शानदार पास दिया और पुनीत ने बढ़िया सूट लिया लेकिन बाल गोलपोस्ट से टकरा गई। इससे मंडी ने शानदार मौका चूक गया। मैच के अंतिम समय में मंडी के खिलाड़ी हितेंद्र ठाकुर ने शानदार फील्ड गोल किया।

# पंडित धर्मचंद शर्मा मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता 29 से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय श्री पंडित धर्मचंद शर्मा की याद में भद्रवाड में क्षेत्र की अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि वाली वॉलीबॉल प्रतियोगिता 29 से 31 अक्तूबर तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रवाड के खेल मैदान में करवाया जा रहा है। प्रतियोगिता के आयोजन कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र पाल उपाध्यक्ष चमन लाल, ओमप्रकाश, विजय शर्मा कालिदास और राहुल ठाकुर




स्व. श्री पंडित धर्म चंद शर्मा व जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा।

ने बताया कि इस प्रतियोगिता की विजेता को एक लाख उपविजेता को 71 हजार जबकि कांस्य पदक विजेता टीम को 21 हजार रुपए की इनामी राशि समाज सेवी चंद्रमोहन शर्मा द्वारा दी जाएगी।

पंजीकरण के लिए 28 अक्तूबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, प्रतियोगिता में वही टीम भाग ले

**जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा करेंगे शुभारंभ**

सकती है जो 1500 एंट्री फीस जमा करवाएगी। गौरतलब है की प्रसिद्ध समाजसेवी और खेल प्रेमी स्वर्गीय पंडित धर्मचंद शर्मा की याद में बैरा गांव में करीब एक करोड़ रुपए से देश व प्रदेश का सबसे अंतरराष्ट्रीय कुश्ती स्टेडियम निर्माणधीन है स्वर्गीय पंडित धर्मचंद शर्मा कुश्ती के बेहतरीन खिलाड़ी थे और अपने जीते जी उन्होंने अपने गांव में अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों को बुलाकर विशाल दंगल का आयोजन भी करवाया था।

### सिद्धपुर स्कूल में बाल मेले का समापन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर में धर्मपुर खंड-2 का खंड स्तरीय दो दिवसीय बाल मेला आयोजित किया गया। इस बाल मेले में पंचायत के समाजसेवी एवं सेवानिवृत वन वृत्त अधिकारी राजमल पराशर मुख्य अतिथि रहे।

इस बाल मेले में धर्मपुर खंड द्वितीय के 20 क्लस्टर के 75 प्राइमरी स्कूल 11 मिडिल स्कूल तथा 10 हाई स्कूल और 18 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के लगभग 275 बच्चों ने भाग लिया। इस बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के विषयों की प्रदर्शनियां व मॉडल सजाए गए ।

# गुणात्मक दृष्टि से होगा सेवा भारती का विस्तार : डॉ . सुरेंद्र



बैठक के दौरान सेवा भारती के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

जिला सेवा भारती सरकाघाट इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष राजकुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें प्रांत अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि इकाई का संगठन की दृष्टि से और गुणात्मक दृष्टि से विस्तार किया जाए। सेवा भारती हिमाचल प्रदेश के सचिव रणदेव ने सेवा भारती हिमाचल प्रदेश की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मंडी विभाग सेवा भारती प्रमुख राजकमल ने आयामों के बारे में चर्चा की। इस बैठक में सेवा भारती सरकाघाट इकाई के कार्यकारिणी के सदस्य विक्रम, ललित, राजकुमार मुख्य संरक्षक शास्त्री उपस्थित रहे।

# नरोहली के ग्रामीणों ने खुद खुलवाई सड़क

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के लडभड़ोल क्षेत्र के नरोहली गांव में सड़क बंद होने से ग्रामीणों की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। बरसात के बाद से बंद पड़ी इस सड़क के कारण गांववालों को रोजमर्रा की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग को सूचित करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती गई।

कुछ दिन पहले एक मरीज की तबीयत खराब होने पर उसे समय पर अस्पताल न ले जा पाने के कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद, विधायक ने स्वयं गांव का दौरा किया और मौके पर अधिशासी अभियंता को फोन कर सड़कों को तुरंत खुलवाने के निर्देश दिए। हालांकि, ग्रामीणों के अनुसार, इस पर भी कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। थक-हार कर, गांववालों ने खुद ही निजी जेसीबी की व्यवस्था की और अपनी मदद से सड़क को खुलवाया। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के बाद से जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों की सड़कें बंद हैं।

ग्रामीणों की व्यवस्था के प्रति गंभीर सवाल खड़े करती है और सुदूर इलाकों के लोगों के लिए सरकारी सेवाओं की उपलब्धता पर विचार करने का संकेत देती है।

# बोरी दौड़ व म्यूजिक चेयर में शिवांश प्रथम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

शिक्षा खंड द्रंग-1 का दो दिवसीय बाल मेला सम्पन्न हो गया, जिसमें राजकीय प्राथमिक पाठशाला भटवाड़ के शिवांश छात्र वर्ग की पहली से तीसरी कक्षाओं की स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बोरी दौड़ व म्यूजिक चेयर स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया।

शिवांश ने कविता पाठ में द्वितीय जबकि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर अपने स्कूल भटवाड़ व केंद्रीय विद्यालय बस्सी का नाम रोशन किया। शिवांश अब मंडी में होने वाले जिला स्तरीय बाल मेले में शिक्षा




शिवांश को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

खंड द्रंग-1 का प्रतिनिधित्व करेगा। इससे पूर्व केंद्रीय स्कूल स्तर पर आयोजित बाल मेले में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

इसके अलावा राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बस्सी की ओर से बैशाली ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम जबकि सलोनी ने छात्रा वर्ग की म्यूजिक चेयर स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं ड्रेस व सोलो डांस में सैरोन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्य शिक्षक मोजी राम विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

शिक्षा खंड द्रंग-2 के बाल मेले की बोरी दौड़ स्पर्धा में राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव का आरव पहली से तीसरी कक्षाओं के वर्ग में द्वितीय स्थान पर रहा। इसके अलावा आरव नू म्यूजिक चेयर स्पर्धा में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया।

**आयुर्वेद** | पंचकर्म, योग, अग्नि कर्म, कपिंग आदि की ओर बढ़ रहा लोगों का रुझान

# आयुर्वेद विधि से हो रहा रोगियों का सफल उपचार

**अनंत ज्ञान, मंडी**

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। इससे स्वस्थ समाज का भी निर्माण होता है। इसी भावना के साथ कार्य करते हुए प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मंडी जिला में इस पद्धति से उपचार करवा कर हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंडी में विभिन्न प्रकार की आयुर्वेद चिकित्सा में वर्णित विधियों द्वारा रोगियों का उपचार किया जा रहा



है। इनमें विशेषज्ञ तथा सामान्य चिकित्सक शामिल हैं। पंचकर्म विधि, योग, अग्नि कर्म, कपिंग, क्षारसूत्र, मर्म चिकित्सा आदि विधियों द्वारा यहां चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। सप्ताह के दो दिन शुक्रवार और शनिवार को शल्य चिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। शल्य चिकित्सा में क्षार सूत्र विधि से बवासीर, भगन्दर तथा अन्य गुदा रोगों का ईलाज किया जा रहा है। क्षार सूत्र द्वारा ऑपरेशन भी यहां किए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को बहुत लाभ हो रहा है।

पंचकर्म विधि द्वारा सम्पूर्ण शरीर की नाड़ी संबंधी रोगों की चिकित्सा की जाती है, जिसमें ग्रीवा वस्थि द्वारा सर्वाइकल स्पोंडेलाइटिस (गर्दन की दर्द), कटि वस्ति द्वारा पीठ की दर्द, जानू वस्ति से घुटनों के दर्द, शिरो धारा से सिर दर्द तथा अन्य मानसिक रोगों का उपचार किया जाता है। अक्षी तर्पण द्वारा नेत्रगत रोगों की चिकित्सा, अग्नि कर्म, कपिल विधि, मर्म चिकित्सा द्वारा शरीर के विभिन्न भागों में होने वाली व्याधियों का शमन किया जाता है। आयुर्वेदिक औषिधयों तथा विधियों द्वारा सामान्य व जीर्ण रोगों की चिकित्सा की जाती है। इन विधियों से उपचार करवा कर लोग लम्बे समय से जीर्ण व्याधियों से छुटकारा पा रहे हैं। डॉ. मनुबाला गौतम, जोकि वर्तमान में प्रभारी के पद पर कार्यरत हैं वह खुद भी बाल रोग विशेषज्ञ हैं। अस्पताल में मासिक आधार पर 1500 के करीब ओपीडी रहती है ।

# भाकपा के स्थापना दिवस की रूपरेखा तय

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आगामी साल स्थापना का शताब्दी वर्ष के तौर पर मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 26 दिसंबर को पार्टी के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह जिला मुख्यालय मंडी में आयोजित किया जा रहा है।

बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड जोगिंदर सिंह ने की जबकि राज्य सचिव कामरेड भाग सिंह चौधरी ने इसमें विशेष रूप से शिरकत की। इसके अलावा भाकपा के राष्ट्रीय परिषद के पूर्व सदस्य कामरेड देश राज, राज्य सह सचिव कामरेड प्रशांत मोहन, जिला सचिव कामरेड मेघ सिंह पालसरा, पूर्व सचिव कामरेड ललित ठाकुर, किसान नेता कामरेड हरदेव सिंह, कामरेड श्याम सिंह चौहान व भगत सिंह आदि ने बैठक में भाग लिया। बैठक की शुरुआत में कुछ दिनों पहले परलोक सिधार गए पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड मकरध्वज को श्रद्धांजलि अर्पित करके याद किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 26 दिसंबर को मंडी में आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह को कामरेड मकरध्वज को समर्पित किया जाएगा।

पार्टी के जिला सचिव कामरेड मेघ सिंह पालसरा ने बताया कि पार्टी की हिमाचल प्रदेश प्रभारी तथा राष्ट्रीय सचिव कामरेड ऐनी राजा शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी जबकि इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड के साथी शैलेन्द्र कुमार समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक कालिया का राशि स्वीकृत करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** विधायक राकेश कालिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के टायलेट निर्माण के लिए दो लाख मंजूर और भंजाल लोअर मिडल स्कूल के पास खेल मैदान के लिए 2 लाख मंजूर किए हैं। कार्यकारी प्रधानाचार्य राजन शर्मा, डीपीई विनोद ठाकुर, अधीक्षक रजनी शर्मा, स्टाफ सदस्यों, एसएमसी प्रधान, पंचायत प्रधान राजेश ठाकुर ने विधायक राकेश कालिया का आभार व्यक्त किया है।

### दीपावली पर एक दीप वीरों के नाम जरूर जलाएं: कौशल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** समाजसेवी अरुण कौशल ने जिला ऊना वासियों से अपील की है कि हम सब को अपने घर दीपावली की शाम एक दीप वीरों के नाम जरूर जलाना चाहिए, जिससे देश की रक्षा में अपनी कुर्बानी देने वाले सभी वीर सपूतों की आत्मा को शांति मिले और वर्तमान में देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा में तैनात सभी सैनिकों की लंबी आयु हो। दीपावली खुशियों का त्योहार है, हमारे जवान अपने परिवारों से कई-कई महीनों तक दूर रहते हैं। ऐसे में हमें जिम्मेदार नागरिक होने के नाते उनके परिवारों से मिलना चाहिए।

### टकोली स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न



**हीना पठानिया, बड़ूही।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकोली में 21 से 27 अक्तूबर तक चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन प्रधानाचार्य स्वर्ण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक ओंकार चंद शर्मा और सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्य शिक्षक कमला देवी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम अधिकारी पूजा कुमारी ने शिविर से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। एनएसएस स्वयंसेवी छात्रा पल्लवी ने शिविर की विस्तृत रिपोर्ट पटल पर रखी। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य व स्कूल के सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### महासभा की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल



**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को विश्राम गृह ऊना में किया गया। बैठक में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित वाल्मीकि ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से अधिवक्ता सुनील चोलिया, डॉक्टर केआर आर्य, अधिवक्ता नरेश कुमार सेंसोवल उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव में जाकर महासभा के साथ सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और एक महिला बिंग तैयार किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष अमित वाल्मीकि ने कहा कि महासभा का विस्तार करने के लिए अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा की सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुलझाने और मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दिलवाने वारे और नशे के खिलाफ अभियान राज्य स्तर पर चलाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी चंचल सिंह, बलराम महे, मनीष कुमार, खेम चंद, रामदास संधु, रमेश भटोली, नववेंस, रिंकू सहजल, भाग सिंह, शुभम भट्टी, हर्ष, रमन, दीपक, प्रिंस, रामजी, कुलबरन, अर्जुन,मणि अच्छर सिंह खालसा आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य उपकरणों के लिए विधायक ने स्वीकृत करवाया 31,54,700 रुपए का बजट

## अस्पताल के लिए सुदर्शन बबलू ने दी एक और सौगात

**विवेक शर्मा, अंब**



चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। एक दिन पहले यहां बबलू ने अंब अस्पताल के लिए 17.87 लाख रुपए स्वीकृत करवाए। यह राशि अस्पताल में आक्सीजन की उपलब्धता के लिए खर्च होनी है। इस मद पर पहले भी 10 लाख रुपए अस्पताल प्रबंधन द्वारा खर्च किए जा चुके हैं।

वहीं, अब ताजा कड़ी में सुदर्शन सिंह बबलू के सफल प्रयासों के बाद एक बार फिर इस अस्पताल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 31,54,700 रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह राशि अस्पताल में नेत्र रोग विभाग के शल्य चिकित्सा कक्ष, प्रसूति कक्ष व लेब के लिए जरूरी मशीनरी व उपकरण खरीदे जाएंगे। इससे अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं ढांचा और मजबूत होगा।

यह तब है जब अंब का अस्पताल पहले ही स्वास्थ्य मानकों पर कई बार सही उतरा है और विभिन्न सम्मान अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य सेवाओं की एवज में मिले हैं। ऐसे में अब मरीजों को आक्सीजन हर बिस्तर पर मिलने और तमाम जरूरी उपकरण अस्पताल परिसर के भीतर ही उपलब्ध होने के बाद विशेष रूप से क्षेत्र की आम जनता को व्यापक स्तर पर लाभ मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए पड़ोसी राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

विधायक बबलू ने क्षेत्र में लाचार हो चूकी स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने के लिए क्षेत्र की जनता से वायदा किया था और अब जमीनी स्तर पर बजट उपलब्ध करवाकर अपने वायदे को फलीभूत कर दिया है। उधर, विधायक ने कहा कि वह चिंतपूर्णी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं और क्षेत्र के केंद्र में स्थित अंब अस्पताल में ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उन्होंने लक्ष्य रखा है। आने वाले दिनों में इस संस्थान में कई और स्वास्थ्य सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। जिनका निश्चिततौर पर जनता को लाभ मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# जक्खेवाल अखाड़े में युवा सीख रहे कुश्ती के दांव



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

हरोली क्षेत्र में स्थित गांव जक्खेवाल में महाराज जी के आशीर्वाद से पाला पहलवान द्वारा स्थापित जेबीजे अखाड़ा, जक्खेवाल में युवाओं को पहलवानी के गुर सिखाए जा रहे हैं। इस अखाड़े की शुरुआत पाला पहलवान ने एक साल पहले की थी, जिसमें पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के दर्जनों युवा पहलवानी के दांव-पेच सीख रहे हैं। पाला पहलवान, जिन्होंने पिछले 25 वर्षों में कुश्ती में अपना नाम कमाया, अब सन्यास लेने के बाद इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गाँव जक्खेवाल में अखाड़ा बनाकर पहलवानी के प्रशिक्षण में जुटे हुए हैं।

इस अखाड़े में प्रशिक्षण लेने के बाद, चांदी पहलवान ने हाल ही में आदरामान गांव पंजाब में हुए दंगल में पंजाब के मशहूर पहलवान जस्सा पट्टी को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। यह जीत अखाड़े के अन्य पहलवानों के लिए भी प्रेरणा बनी है। वर्तमान में, अखाड़े में लगभग 40 युवा पहलवानी के गुर सीख रहे हैं।

पाला पहलवान का कहना है कि उनका उद्देश्य युवाओं को पहलवानी सिखाकर उन्हें सही दिशा देना है। वह मानते हैं कि खेलों के माध्यम से युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अखाड़े के संचालन के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा पचास हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई थी, लेकिन अखाड़े को और सुचारु रूप से चलाने के लिए उन्हें सरकारों से और सहायता की उम्मीद है।

अखाड़े में पंजाब और यूपी से गौरव, इंदौर से पालिंद्र, मथुरा से तेजा गुर्जर, यूपी से मनीष और हरौली से दलजीत गुरप्लाह जैसे मेडल विजेता युवा भी शामिल हैं, जो यहां पहलवानी के दांव-पेंच सीख रहे हैं। पाला पहलवान की इस पहल से गांव और क्षेत्र के युवाओं में कुश्ती के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है। पहलवानी के इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने और युवा पीढ़ी को इसके प्रति आकर्षित करने के लिए अखाड़ा जक्खेवाल का प्रयास एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# इशिता धीमान को किया सम्मानित

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा के महाविद्यालय की छात्रा इशिता धीमान को मुछाली पंचायत के उपप्रधान अजय शर्मा ने सम्मानित किया। फाइनल ईयर की परीक्षा में इशिता धीमान द्वारा 9वां स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष पर उनके सम्मान में एक समारोह रखा गया।

इस अवसर पर अजय शर्मा ने इशिता को हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय बंगाणा और इस क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अप्रैल माह में आयोजित परीक्षा में हमारे महाविद्यालय की छात्रा इशिता ने टॉप-10 में 9वां रैंक बनाकर इस क्षेत्र और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह छात्रा की कड़ी मेहनत और अध्यापकों का सही निर्देशन से ही संभव हो पाया है।

इशिता पढ़ाई के अलावा एनएसएस, खेल, कल्चर और रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती थी। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले वर्ष 2021 में हमारे महाविद्यालय की छात्रा रिया शर्मा ने हिमाचल विश्वविद्यालय टॉप-10 में चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह दोनों छात्राएं अब हमारे महाविद्यालय के छात्रों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और उनमें नई ऊर्जा का संचालन होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में इशिता धीमान महाविद्यालय बंगाणा केंद्रीय छात्र संघ की नव अध्यक्ष भी है। इस अवसर पर प्रोफेसर सिकंदर नेगी, इशिता के माता अंजना और पिता साईं दास और महाविद्यालय के पूर्व पीटीए अध्यक्ष ठाकुर राम सिंह आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को लेकर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपायुक्त ऊना के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के तहत जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित बीएलओ/सुपरवाइजरों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर ने की। कार्यशाला में उपस्थित सभी बीएलओ/सुपरवाइजरों को पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों बारे अवगत करवाया गया।

सुमन कपूर ने बताया कि निर्वाचन विभाग का लक्ष्य ऐसे सभी नागरिक जिनकी आयु एक जनवरी, 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होने जा रही है या इससे अधिक हो चुकी है, का फोटो मतदाता सूचियों में पंजीकरण सुनिश्चित बनाने को लेकर बीएलओ/सुपरवाइजरों की त्वरित सक्रियता अति-आवश्यक हैं।

उन्होंने बताया कि जिला के सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर बीएलओ हेल्प डेस्क स्थापित करना सुनिश्चित बनाएं, ताकि पुनरीक्षण अवधि के दौरान इन संस्थानों में पढ़ने वाले 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी पात्र और छूटे हुए व नए मतदाताओं का पंजीकरण मतदाता सूची में किया जा सके। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को उनके मतदान केंद्र के क्षेत्र के 18 वर्ष पूर्ण कर चुके व अर्हता एक जनवरी, 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने जा रहे सभी पात्र नागरिकों की सूची तैयार करके उनका मतदाता सूची-2025 में पंजीकरण करना सुनिश्चित करें व पंजीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची बूथ लेवल अधिकारियों से एकत्र करके जिला निर्वाचन विभाग, ऊना को दैनिक आधार पर भेजना सुनिश्चित करें।

प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित सभी बीएलओ सुपरवाईजरों के अतिरिक्त उपमंडलीय निर्वाचन कार्यालय के डाटा एंट्री ऑपरेटर्स को भी मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के पालन व प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# निबंध लेखन में बंगाणा स्कूल रहा प्रथम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**




समाज सेवा समिति बंगाणा के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में ब्लॉक स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बंगाणा स्कूल के प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने शिरकत की। समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यतिथि सुरजीत सिंह को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। प्रतिभागी छात्रों को संबोधित करते हुए सुरजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर समिति देश के भावी भविष्यों की प्रतिभाओं को निखारने का सराहनीय प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि छात्रों को पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें, जिससे उन्हें अपने लक्ष्य में सफलता मिल सके। हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। हार मिलने पर निराश न हों और जीत मिलने पर ज्यादा खुश न हों। उन्होंने कहा कि समाज सेवा समिति समाज के दुख-सुख का आइना है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि क्षेत्र में समाज सेवा समिति सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था की सारी टीम को बधाई देते हो कहा कि उनकी संस्था द्वारा सामाजिक कार्यों में योगदान दिया जाता है। उन्हें संस्था के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई भी दी। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूली छात्रों ने निबंध लेखन, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। मुख्यातिथि ने उपरोक्त प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नकद राशि पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल लठियाणी प्रथम, पीएआर मॉडल स्कूल डोहगी द्वितीय, आर्य पब्लिक स्कूल बंगाना तृतीय, निबंध लेखन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा की आरुषि धीमान प्रथम, आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की दिया शर्मा और डीएवी स्कूल लठियानी की अंशिका शर्मा द्वितीय, माता सत्यवती स्कूल बंगाना की नंदिनी, स्वामी विवेकानंद स्कूल चौकी मान्यार की अलीशा मोदगिल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक धुंदला की समीक्षा तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में पीएआर डोहगी की रिद्धिमा शर्मा प्रथम, आर्य पब्लिक स्कूल बंगाना की चाहत उपमन्यु और धुंदला स्कूल की तन्वी द्वितीय और आर्य पब्लिक स्कूल बंगाना की अंजलि तृतीय रही।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डीआर शर्मा, सुरेंद्र शर्मा कश्यप, एमआर शर्मा, मदन लाल शर्मा, वेद प्रकाश कश्यप, शिव कुमार कश्यप, राकेश कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंदली के प्रधानाचार्य देवेंद्र चौहान, सेवनिवृत्त प्रधानाचार्य योगराज भारद्वाज, आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के प्रबंधक जोगिंद्रदेव आर्य, सीमा निरंकारी, डिंपल शर्मा, ओंकार शर्मा, राजलाल शर्मा, अशोक कुमार, प्रवक्ता पवना देवी, राम आसरा शर्मा, समेत छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवियों ने रायपुर में स्वच्छता संदेश के साथ निकाली रैली

**लठियाणी।** राष्ट्रीय सेवा योजना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान स्कूल शिविर में स्वयंसेवी विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं। प्रधानाचार्य नरदेव सिंह ने बताया कि 27 लड़कियां और 11 लड़के रात-दिन शिविर में विभिन्न प्रकार की जानकारियां जैसे सामाजिक, शैक्षणिक, स्वच्छता और राष्ट्रीयता से गतिविधियों में अपने व्यक्तित्व का विकास कर रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धांत वाक्य 'मैं नहीं आप' का अनुसरण करते हुए देश के शिक्षण संस्थानों में एनएसएस के स्वयंसेवी समाज के सहयोग से विभिन्न समाजिक कार्यों से अपने व्यक्तित्व का विकास करके अपने समाज और सशक्त देश परिपक्व युवा साबित करते हुए देश की उन्नति में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार, अनुभवी, निपुण एवं सक्षम तथा तेज तर्रार कार्यक्रम अधिकारी हैं। इनके नेतृत्व में सभी स्वयंसेवी लाभान्वित होंगे एवं इनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। शिविर के प्रथम दिन सभी स्वयंसेवियों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ होगा मेरा रायपुर कार्यक्रम में भाग लेते हुए हाथों में स्वच्छता संदेश के साथ रैली निकाली। दोपहर के भोजन के बाद कौशल विकास सत्र के दौरान 80 साल की कौशल्या देवी गांव अंदरोली तथा कौशल्या कुमारी निवासी रायपुर ने बच्चों को खजूर की पत्तियों से चटाई यानि पंद बनाना सिखाया। शिविर में महिला शिक्षकों नें भी भाग लिया। शाम को कार्यक्रम अधिकारी पवन की अध्यक्षता में स्वयंसेवियों ने मार्च पास्ट में भाग लिया और बारिकियों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल दी। सभी स्वयंसेवियों ने समूह गान और एकल गान प्रतियोगिता में सुंदर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।

# 'कवि का पता' का विमोचन समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य भाषा एवं संस्कृति विभाग व दर्पण साहित्योक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदी के प्रतिष्ठित कवि कुलदीप शर्मा के बहुप्रतीक्षित कविता संग्रह 'कवि का पता' का विमोचन समारोह ऊना जिला मुख्यालय में साहित्यिक गरिमा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण साहित्यिक अवसर पर पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कई जाने-माने कवि, साहित्यकार, और साहित्य प्रेमी उपस्थित हुए, और कुलदीप शर्मा की कविताओं पर विस्तृत परिचर्चा की।

विमोचन समारोह में पंजाब के सुप्रसिद्ध शिरोमणि साहित्यकार सुरेश सेठ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कुलदीप शर्मा की कविताएं मनुष्य की अस्मिता पर छाए खतरों को गहरे में रेखांकित करती हैं। ये कविताएं हमें उन भूले-बिसरे रास्तों का भी पता देती हैं जिन पर चल कर मनुष्यता तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक केवल कवि का पता नहीं देती यह हमें उन मौलिक सच्चाइयों तक ले जाती हैं, जिन्हें आज हर कहीं अनेक आवरणों से छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। 'कवि का पता' में उनका दृष्टिकोण न केवल विचारोत्तेजक है, बल्कि यह बार बार हमे झकझोर कर हमारी चेतना को एक-दूसरे सत्र पर ले जाता है।

प्रमुख वक्ताओं में शामिल जाने-माने कवि, आलोचक और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सत्यपाल सहगल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'कवि का पता' संग्रह में कुलदीप शर्मा ने मानवीय अनुभूतियों और सामाजिक यथार्थ को जिस संवेदनशीलता और गहराई से उकेरा है, वह उनकी कविताओं को एक विशिष्ट पहचान देता है। कुलदीप शर्मा का लेखन समकालीन साहित्य में एक आवश्यक संवाद उत्पन्न करता है। कवि व उपन्यासकार डॉ. धर्मपाल साहिल ने अपने शोधपत्र में कहा कि 'कवि का पता' एक ऐसा काव्य संग्रह है, जिसमें निहित भाव, शिल्प, और संवेदनशीलता आम मनुष्य के जीवन की दुश्वारियों, पीडाओं, विद्रूपताओं का मार्मिक चित्रण ही नहीं करते बल्कि उसके पथरीले यथार्थ को रोटी, दुख, प्यास, शहर की सीमा पर किसान, जुलुस से निकला आदमी अपना दुख, अर्जियां जैसी अनेक कविताओं के माध्यम से उजागर भी करते हैं।

इसके अतिरिक्त समारोह में उपस्थित अन्य साहित्यकारों ने भी 'कवि का पता' काव्य संग्रह पर हुई परिचर्चा में भाग लेते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं और विचार प्रस्तुत किए। जाने-माने कवि सतीश धर, गुरमीत बेदी, देवेंद्र धर, गंगा राम राजी आदि ने संग्रह में व्यक्त गहरे संवेदनशील पक्षों और जीवन के यथार्थ को सराहा।

**खुशखबरी** विशेषज्ञों की टीम ने पूरी सतर्कता और कुशलता के साथ स्थिति को संभाला

# बंगाणा में महिला ने एक साथ 3 बच्चों को दिया जन्म

**अनंत ज्ञान, ऊना**



बंगाणा उपमंडल के रायपुर कोलका गांव की 37 वर्षीय महिला संयोगिता ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। उनके कुल चार बच्चे हो गए हैं। इससे पहले उनके घर एक बेटी थी। अब एक बेटे और दो बेटियों को एक साथ जन्म दिया है।

जानकारी के मुताबिक यह प्रसव क्षेत्रीय अस्पताल में शुक्रवार शाम को सफलतापूर्वक हुआ। संयोगिता को शुक्रवार सुबह प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की एक अनुभवी टीम ने सावधानीपूर्वक उनकी देखभाल की। डॉक्टरों के अनुसार संयोगिता का प्रसव थोड़ी जटिलता के साथ शुरू हुआ था, लेकिन विशेषज्ञों की टीम ने पूरी सतर्कता और कुशलता के साथ स्थिति को संभाला। उन्होंने सुनिश्चित किया कि प्रसव के दौरान मां और बच्चों की सुरक्षा के लिए हर संभव एहतियात बरती जाए। शाम होते-होते संयोगिता ने एक स्वस्थ बेटे और दो बेटियों को जन्म दिया। चिकित्सकों ने इसे एक सफल और सुरक्षित प्रसव करार दिया।

अस्पताल प्रबंधन ने पुष्टि की है कि संयोगिता और तीनों नवजात बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक मेडिकल परीक्षण के बाद सभी को स्वस्थ घोषित कर दिया गया है। अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा कि संयोगिता की गर्भावस्था का पूरा ध्यान रखा गया था। डिलीवरी के बाद मां और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष नजर रखी जा रही है।

अस्पताल प्रबंधन ने संयोगिता और उनके परिवार को हर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का वादा किया है। अस्पताल प्रशासन ने विशेष रूप से इस प्रसव के दौरान संयोगिता की देखभाल के लिए एक समर्पित टीम नियुक्त की थी। डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने रात-दिन मेहनत कर यह सुनिश्चित किया कि मां और बच्चों को बेहतरीन देखभाल मिले।

संयोगिता के तीन बच्चों के जन्म ने उनके परिवार में उत्सव का माहौल बना दिया है। रिश्तेदारों, पड़ोसियों और गांव के लोगों ने परिवार को बधाई दी और अस्पताल पहुंचकर नवजात बच्चों को आशीर्वाद दिया। परिवार के सदस्यों ने अस्पताल की सेवा और डॉक्टरों की कड़ी मेहनत की सराहना की है।

यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। ग्रामीणों ने इसे एक सुखद संयोग माना है और इलाके के लोग संयोगिता की अच्छी सेहत और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इस विशेष प्रसव ने अस्पताल में काम कर रहे डॉक्टरों की कुशलता और समर्पण को भी उजागर किया है।

मुख्य चिकित्सक अधिकारी डॉक्टर संजीव वर्मा ने कहा यह हमारे लिए एक बेहद अलग अनुभव और विशेष क्षण रहा। हमने पूरी टीम के साथ मिलकर प्रसव को सफलतापूर्वक कराया। हम संयोगिता और उनके परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करते रहेंगे ताकि उनके बच्चों का स्वास्थ्य उत्कृष्ट बना रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### रैली व जनसंपर्क अभियान से किया जागरूक




**पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नग्गर में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इस मौके पर ढालपुर स्कूल के रसायन विभाग के प्रवक्ता राज पाल ने बतौर मुख्यातिथि, जबकि सेवानिवृत्त प्रवक्ता डॉ. राम कृष्ण शर्मा व एसएमसी प्रधान रूम सिंह विशेषातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस विशेष शिविर में 25 स्वयंसेवियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें 15 छात्राएं व 10 छात्र थे, जो सात दिनों तक दिन -रात विद्यालय परिसर में ठहरे। एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा गोद लिए गांव नग्गर में परियोजना कार्य किए और लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा निषेध व बेटी पढ़ाओ के बारे में रैली व जन संपर्क अभियान के माध्यम से जागरूक किया। एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर के मुख्यातिथि राज पाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र सेवा भावना तथा नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम, सहयोग और ईमानदारी जैसे मूल्यों को अपना कर अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में लग्न से कार्यरत रहने की प्रेरणा दी। इसके बाद शिविर के दौरान किए गए कार्यों में बेहतर भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार बांटे गए। जिसमें जतिन को सर्वश्रेष्ठ छात्र स्वयंसेवी व पलक को सर्वश्रेष्ठ छात्रा स्वयंसेवी का पुरस्कार दिया गया।

### 29 को आनी के कई क्षेत्रों में बिजली बंद

**आनी।** मंगलवार 29 अक्तू बर को आनी और आसपास के क्षेत्रों में जरूरी रख-रखाव के चलते बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए बिजली उपमंडल आनी के सहायक अभियंता एमआर कश्यप ने बताया कि 66 केवी बिजली सबस्टेशन निगान के अंतर्गत आने वाले नगान-आनी फीडर, नगान-शवाड फीडर और नगान खनाग फीडर के उचित रखरखाव और मरम्मत कार्य के चलते आनी, चवाई, खुन, खनाग, जाबन, फ्रानाली, लढागी, बुछैर, कुंगश, कराना, शवाड, अमरबाग, काथला, गाड-डीम, करशैईगाड, कोठी और विशालाधार आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र की जनता से सहयोग की अपील की है।

### छात्र जीवन ही भविष्य की नींव : वरुण मित्रा



**केलांग।** केंद्रीय विद्यालय केलांग में गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय के उपायुक्त वरुण मित्रा का आगमन हुआ। विद्यालय के स्काउट्स और गाइड्स ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मित्रा ने कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों को एक प्रेरणादायक भाषण दिया। अपने भाषण में उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का महत्व समझाया। छात्र जीवन ही भविष्य की नींव है, और अभी जो प्रयास किए जाते हैं, वहीं भविष्य में सफलता दिलाते हैं। उन्होंने छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने छात्रों को चुनौतियों से न घबराने और हर परिस्थिति में आत्मविश्वास बनाए रखने पर जोर दिया। डीसी ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे हमेशा छात्रों को प्राथमिकता दें, चाहे कोई भी परिस्थिति क्यों न हो। उनका मानना था कि एक शिक्षक का सबसे बड़ा दायित्व अपने विद्यार्थियों का सही दिशा में मार्गदर्शन करना होता है। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे न केवल ज्ञान के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक और नैतिक विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। मित्रा ने यह भी कहा कि शिक्षक ही समाज के निर्माण की आधारशिला होते हैं, और उनके समर्पण और मेहनत से ही छात्र उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं।

### आज विद्यार्थी व विभिन्न विभूतियां होंगी सम्मानित



**मनाली।** हिमालयन पर्यावरण एवं वन्य प्राणी संरक्षण समिति व प्रेस क्लब कुल्लू के सौजन्य से होनहार बच्चों व मानवता की सेवा करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के ब्रैंड एंबेस्डर एवं ग्रीन मैन किशन लाल ने बताया कि यह कार्यक्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाली में सोमवार को आयोजित होगा। समिति व प्रेस क्लब कुल्लू पिछले कई वर्षों से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिन बच्चों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किए हैं, उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए यह कार्य किया जाता है। खासकर पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले बच्चों व अन्य लोगों को प्रेस क्लब व समिति द्वारा सम्मानित किया जाता है। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के ब्रैंड एंबेसडर एवं ग्रीन मेन किशन लाल ने बताया कि प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू व हिमालयन पर्यावरण, वन्य प्राणी संरक्षण समिति की ओर से पर्यावरण के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

### सुरेश को किसान संघ की कमान, उमेश महामंत्री



**कुल्लू।** आरएसएस के अग्रणी संगठन भारतीय किसान संघ का प्रांत अधिवेशन संपन्न हो गया है। दो दिवसीय इस अधिवेशन में जहां संगठनात्मक चिंतन हुआ। वहीं नए पदाधिकारियों की ताजपोशी भी हुई है। कुल्लू के बाशिंग में आयोजित सम्मेलन में भारतीय किसान संघ की कमान सुरेश ठाकुर को सौंपी गई है। उन्हें संगठन ने मजमंत्री से पदोन्नत कर अध्यक्ष बनाया है। वहीं, कुल्लू से ताल्लुक रखने वाले उमेश सूद को प्रदेश के महामंत्री का दायित्व सौंपा है। प्रदेश महिला प्रमुख कुल्लू की डिंपल ठाकुर होंगी। युवा प्रमुख का जिम्मा अजीत सकलानी को दिया गया है। उपाध्यक्ष पद पर रोशन चौधरी, डॉ. जय देव कांगड़ा तथा प्रेम दत्त शास्त्री सोलन की ताजपोशी हुई है। ऊना से ताल्लुक रखने वाले दिलवाग संगठन के कोषाध्यक्ष होंगे। सोलन के जयसिंह को प्रदेश का प्रचार प्रमुख बनाया गया है। प्रदेश संगठन मंत्री हरि राम पवार ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी कर लिया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सोम देव शर्मा अब राष्ट्रीय परिषद के सदस्य होंगे।

# ...यहां ड्राई फ्रूट से भी महंगा बिक रहा कश्मीरी लहसुन

## सरस मेले में 1500 रुपए किलो बिक रहा कश्मीरी लहसुन, काजू-बादाम व अन्य ड्राई फ्रूट के साथ कश्मीरी लहसुन खरीदना नहीं भूल रहे लोग

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू में सजे सरस मेले में विभिन्न तरह के हस्तनिर्मित उत्पादों के अलावा ड्राई फ्रूट व स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की ओर से लगाए गए हैं।

वहीं, एक स्टॉल यहां पर ऐसा भी है, जहां पर विभिन्न तरह के ड्राई फ्रूट के अलावा ऐसा उत्पाद बिक्री के लिए रखा है, जो कि एक औषधि के साथ-साथ ड्राई फ्रूट के रूप में भी इस्तेमाल होता है। इस उत्पाद की यह खासियत है कि यह ड्राई फ्रूट से भी महंगा है। जी हां, कुल्लू के सरस मेले में कुल्लू के बगीचा से पहुंचे नवज्योति सेल्फ हेल्फ ग्रुप की ओर से लगाए गए स्टॉल में कुल्लू के लोकल ड्राई फ्रूट, जिनमें अखरोट, सूखे प्लम सहित अन्य विभिन्न उत्पादों के साथ-साथ कश्मीरी लहसुन भी बिक्री के लिए रखा है। कुल्लू में पहली बार मेले में यह कश्मीरी (पहाड़ी) लहसुन बिक्री के लिए लाया गया है, जो कि सभी को खूब भा रहा है और लोग इसकी खरीददारी भी कर रहे हैं। नवज्योति स्वयं सहायता समूह बगीचा (भुंतर) की सदस्य निर्मला देवी के अनुसार इस बार पहली बार उन्होंने सरस मेले में ड्राई फ्रूट का स्टॉल लगाया है।

उनके इस स्टॉल में विभिन्न तरह के स्थानीय ड्राई फ्रूट के अलावा कश्मीरी लहसुन भी बिक्री के लिए रखा है और यह तड़के में इस्तेमाल होने वाले लहसुन से बिलकुल अलग है। आम लहसुन जहां सफेद रंग का होता है और बड़े साइज का होता है। वहीं, उस लहसुन के मुकाबले कश्मीरी लहसुन बहुत छोटा होता है और यह एक औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, ड्राई फ्रूट की तरह भी इसे खाया जाता है।

करीब छह साल पहले वह सोलन से इसका बीज लाए थे और तीन साल में एक बार इसकी फसल होती है। आम लहसुन के मुकाबले यह बहुत महंगा होता है इसलिए इसे मसाले में कम ही इस्तेमाल किया जाता है और ज्यादातर औषधि के रूप में इस्तेमाल होता है। मेले में आने वाले लोग कश्मीरी लहसुन को काफी पसंद कर रहे हैं और अन्य ड्राई फ्रूट के साथ इसे भी खरीदना नहीं भूल रहे। (अनंत ज्ञान)




कुल्लू के रथ मैदान में सजे सरस मेले में नवज्योति स्वयं सहायता समूह बगीचा की ओर से लगाया गया ड्राई फ्रूट का स्टॉल।

### औषधीय गुणों के लिए प्रसिद्ध

**कश्मीरी** लहसुन न सिर्फ अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है, बल्कि यह देखने में भी काफी अनोखा लगता है। इसका छिलके भी अन्य लहसुनों की तुलना में सख्त और मोटे होते हैं। वहीं, विभिन्न तरह के पोषक तत्वों से भरपूर कश्मीरी लहसुन नसों की कमजोरी से लेकर, हाई कोलेस्ट्रॉल, जोड़ों के दर्द, गठिया और यहां तक कि दिल की बीमारियों में भी फायदेमंद है। यह लहसुन खून को पतला करने में भी मदद करता है, जिससे रक्त संचार बेहतर होता है और शरीर की ऊर्जा में बढ़ोतरी होती है। हर सुबह एक या दो दाने खाली पेट लेने से चमत्कारी फायदे मिलते हैं। कई तरह की बीमारियां दूर हो जाती है।

### मसाले में नहीं, जीवन रक्षक दवा के तौर पर होता है यूज

**कश्मीरी** लहसुन को सब्जी में मसाले के रूप में नहीं, बल्कि जीवन रक्षक दवा के तौर पर यूज करते हैं। सरस मेले में इस लहसुन की मांग काजू-बादाम व अन्य ड्राई फ्रूट से भी अधिक है। लोग इसे सब्जी में डालने के लिए नहीं, बल्कि दवाई और ड्राई फ्रूट के रूप में इस्तेमाल करने के लिए ले जा रहे हैं।

### ठंडे प्रदेशों में उगाया जाता है यह लहसुन

**बता** दें कि यह लहसुन कश्मीर और हिमाचल जैसे ठंडे प्रदेशों में उगाया जाता है और इसकी पैदावार बहुत कम होती है। लोग इसे अपनी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद मानते हैं। कश्मीरी लहसुन जिसे पहाड़ी लहसुन भी कहा जाता है। विभिन्न जगहों पर इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। हालांकि यह अन्य लहसुनों की तुलना में काफी छोटा होता है, लेकिन यह काफी फायदेमंद होता है। अधिकतर लोग औषधि के रूप में रोजाना इसका सेवन करते हैं, जबकि कुछ लोग ड्राई फ्रूट की तरह खाते हैं। बता दें कि यह लहसुन कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में खूब पाया जाता है, लेकिन अन्य शहरों में भी यह अब उपलब्ध हो रहा है।

# कुल्लू में दो जगह आगजनी की घटनाएं, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में दो अलग-अलग स्थानों में आग की घटनाएं पेश आई हैं, जिनमें पहले मामले में जिला की लगघाटी के कालंग गांव में आग लगने से अढ़ाई मंजिल मकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। इस घटना में 20 लाख के करीब नुकसान हुआ है।

अग्निशमन विभाग के अधिकारी प्रेम सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्यों में जुटी। आग लगने के चलते प्रभावित चार परिवारों को 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। वहीं, पुलिस की टीम भी आग लगने के कारणों की छानबीन में जुट गई है। मिली





लगघाटी के कालंग गांव में आग की भेंट चढ़ अढ़ाई मंजिला मकान (दाएं) सीपीएस।

जानकारी के अनुसार यह मकान सोहजू राम व उनके तीन बेटे हरि सिंह, कर्म चंद, प्रताप चंद का था। रविवार सुबह के समय अचानक मकान में आग लग गई। उधर, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग लगने के कारणों की छानबीन की। प्रभावित परिवार को राहत राशि व अन्य जरूरी सामान वितरित किया गया है। इसके अलावा नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी, ताकि प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा मिल सके। वहीं, दूसरे मामले में भुंतर के कहूधार में एक घास के शेड में आग लगने के कारण 35 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

### सीपीएस ने प्रभावितों को दी फौरी राहत

कालंग में आग लगने की इस घटना की सूचना मिलते ही सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया। इस मौके पर जहां उन्होंने प्रभावित परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं, फौरी राहत के तौर पर तीनों परिवारों को 25-25 हजार रुपए दिए। साथ ही उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। वहीं, उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि सूखी घास व लकड़ी घरों से दूर रखें, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

# सुक्खू सरकार का रोजगार विरोधी कदम : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार की ओर से प्रदेश में विभिन्न विभागों में खाली पड़े 65000 से अधिक पदों को समाप्त करने की अधिसूचना पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। सरकार का यह निर्णय न केवल युवाओं के साथ अन्याय है, बल्कि प्रदेश के विकास की गति को भी रोकने वाला है। कांग्रेस का मकसद केवल सत्ता प्राप्त करना था।



विधानसभा चुनाव में युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था। पहले वर्ष में एक लाख नौकरियों की गारंटी दी गई थी, लेकिन अब केवल एक साल के भीतर, डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां समाप्त कर दी गई हैं। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि सरकार का मकसद केवल सत्ता प्राप्त करना था, न कि युवाओं की भलाई। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने सरकार से सवाल किया कि सरकार को बने हुए लगभग 2 साल हो रहे हैं। ऐसे में सरकार द्वारा अब तक दी गई नौकरियों का सही आंकड़ा क्यों नहीं बताया जा रहा है, यह अत्यंत आवश्यक है कि सरकार पारदर्शिता से कार्य करें और युवाओं को स्पष्ट जानकारी प्रदान करें। वहीं, गोविंद सिंह ने यह भी कहा कि 6500 से अधिक नौकरियों को समाप्त करने के लिए जारी की गई नोटिफिकेशन में जिन नौकरियों को खत्म किया गया है, उन्हें बजट बुक से भी समाप्त कर दिया है।

# मनाली नप में भाजपा की आपसी खींचतान व अंदरुनी कलह से कांग्रेस के हौसले बुलंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

नगर परिषद मनाली में अध्यक्ष पद का चुनाव दिन-प्रतिदिन रोचक हो रहा है।

एक ओर जहां मनाली में भाजपा की आपसी खींचतान और अंदरुनी कलह चुनाव का कारण रही। वहीं, नप मनाली में भाजपा की इस खींचतान और अंदरुनी कलह कांग्रेस के हौसले बुलंद हो गए हैं। नगर परिषद मनाली में सात में से पांच पार्षद भाजपा होने के बावजूद मतभेद होने के चलते मनाली में भाजपा की नैया डूबती नजर आ रही है। हालांकि भाजपा के तीन पार्षदों ने कांग्रेस पार्षद का समर्थन लेकर भाजपा का दबदबा कायम रखने के प्रयास किए हैं, लेकिन जल्द चुनाव न होने के चलते उनके हाथ से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के पद निकलते दिख रहे हैं। 25 से यह उलट पलट का खेल चल रहा है, लेकिन भाजपा हाइकमान की ओर से कोई गंभीरता अभी देखने को नहीं मिली है। चार साल भाजपा के सभी पांचों पार्षदों ने एकजुटता दिखाते हुए मनाली के विकास में योगदान दिया, लेकिन अब मतभेद हो जाने से भाजपा की पटरी रेल से उतरती दिख रही है। शहरवासी प्रीतम, अरुण, रोशन व रणजीत का कहना है कि भाजपा के इन पार्षदों के मतभेद मनाली वासियों पर भारी पड़े हैं। नगर परिषद में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष न होने से उनके काम प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि भाजपा के पार्षद मनोज कुमार का कहना है कि शनिवार को उनका अध्यक्ष बनना तय था, लेकिन जानबूझ कर चुनाव में रोक लगा दी। मनाली के लोग उन्हें अध्यक्ष के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन उनके साथ राजनीति की जा रही है।

### साजिश के तहत कुर्सी से हटाया गया : चमन

**पूर्व** अध्यक्ष चमन कपूर का कहना है कि उन्हें साजिश के तहत कुर्सी से हटाया गया है। वह भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं और हाइकमान के निर्णय का हमेशा पालन करेंगे। वहीं, मनाली शहरी कांग्रेस अध्यक्ष तारु नेगी ने कहा कि कांग्रेस भाजपा पार्षदों की अंदरूनी कलह का फायदा उठाएगी, अब नप अध्यक्ष कांग्रेस समर्थित ही बनेगा। मनाली शहरी भाजपा अध्यक्ष अजय अबरोल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में विलंब हुआ है। अध्यक्ष पद पर भाजपा का दबदबा कायम रहेगा। लिहाजा, अब देखना यह है कि भाजपा और कांग्रेस में से किसका पलड़ा भारी होता है और किसके सिर पर नगर परिषद अध्यक्ष का ताज सजता है।

### सात में से पांच पार्षद होने के बावजूद मनाली में डूबी रही भाजपा की नैया

# हरिपुर दशहरा के लिए 3 लाख रुपए की घोषणा पर जताई खुशी



**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू दशहरा के समापन अवसर पर हरिपुर दशहरा (बांठड़ा) को धूमधाम के साथ मनाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की घोषणा के बाद हरिपुर की जनता में खुशी का माहौल है।

रविवार को हरिपुर में ठाकुर माधोराय कमेटी एवं ग्रामीणों के बीच हुई मीटिंग के दौरान समस्त जनता ने मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ का भी आभार व्यक्त किया। ठाकुर माधोराय जी के पुजारी दौलत राम आचार्य, कमेटी के अध्यक्ष एवं कारदार सुभाष ठाकुर, कमेटी सदस्य सुंदर शर्मा, गोपाल शर्मा, चंद्र प्रकाश नेगी, चंदे राम नेगी, महेंद्र जोशी ने बताया कि हरिपुर दशहरा के समापन अवसर पर मनाली के विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी समस्याओं को उनके समक्ष रखने का वायदा किया था, जिसके परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री ने सवा लाख की राशि को बढ़ाकर 3 लाख करने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की। सुभाष ने बताया कि हरिपुर दशहरा पांच दिनों तक मनाया जाता है, जिसके लिए गांव के लोग मिलकर धन इकठ्ठा करते हैं, मगर धन की कमी होने के कारण मेला कमेटी को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब सरकार से बजट बढ़ने के बाद दशहरा (बांठड़ा) में मनाई जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित खेल प्रतियोगिताओं व रथ यात्रा को ओर अधिक वैभव पूर्ण तरीके से मनाने में सहायता मिलेगी।

### पुलिस ने नष्ट की भांग की खेती

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के दौडरु कशार में पुलिस ने भांग की अवैध खेती पकड़ी है। पुलिस ने करीब पांच बीघा वन भूमि पर भांग की अवैध खेती पकड़ी। यहां पर भांग के करीब 40,000 पौधे पाए गए। भांग की खेती किसने की, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गत दिन पुलिस की एक टीम गुप्त सूचना के आधार पर दौडरू कशार में दबिश देने पहुंची। बताया जा रहा है कि दशहरे की आड़ में चरस माफिया भांग निकालने में व्यस्त हैं। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि पुलिस नशे को लेकर सख्त है और नशा माफिया व नशे की खेती करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलेभर में जगह-जगह जहां पर भी अवैध रूप से भांग की खेती की गई है। उसे नष्ट किया जा रहा है।

# पिरडी से रिवर राफ्टिंग में 20 प्रशिक्षु हुए उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के पिरडी में रिवर राफ्टिंग गाइड का एडवांस प्रशिक्षण कोर्स पूरा कर जिला के 20 युवा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो गए हैं। पिरड़ी स्थित रिवर राफ्टिंग सेंटर में एडवांस रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण कोर्स संपन्न हो गया है। 14 दिवसीय इस कोर्स में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और नदी में बचाव कार्यों की ट्रेनिंग दी गई, जिसमें 20 राफ्टिंग गाइड प्रशिक्षुओं ने यह कोर्स उत्तीर्ण किया है। एडवांस कोर्स का सफल समापन राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गिमनर सिंह ने सभी राफ्टिंग गाइड को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



उन्होंने बताया कि इस कोर्स में सभी छात्र कुल्लू घाटी से संबंध रखते हैं। इस कोर्स के पश्चात यह साहसिक पर्यटन राफ्टिंग एजेंसियों में स्वरोजगार की दृष्टि से कार्य कर सकते हैं। कुल्लू घाटी में एडवेंचर टूरिज्म में राफ्टिंग गाइड का क्षेत्र बहुत बड़ा रोजगार प्रदान करता है। राफ्टिंग सेंटर पीरडी लोगों को रोजगार प्रदान करने में बहुत बड़ा योगदान रखता है। अब तक 700 युवाओं को ट्रेडिंग देने के बाद सभी युवा को रोजगार प्राप्त हो चुका है। सभी राफ्टिंग गाइड महीने के 25 से 35 हजार मासिक कमा रहे हैं और घाटी के युवा आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि केवल कुल्लू घाटी के युवा ही नहीं इस केंद्र से नेपाल और अन्य देशों और राज्यों से युवा ट्रेनिंग करने आते हैं। वहीं, पर्वतारोहण संस्थान के निर्देशक अविनाश नेगी ने सभी युवा गाइड को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

**आयोजन** मनाली स्कूल में आयोजित हुई दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय 32वें बाल विज्ञान प्रतियोगिता, नग्गर ब्लॉक के 37 स्कूलों ने लिया भाग

# साइंस क्विज प्रतियोगिता में दूसरे साल भी रूमसू स्कूल प्रथम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाली में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय 32वें बाल विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में नग्गर ब्लॉक के लगभग 37 स्कूलों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में सभी निजी तथा सरकारी स्कूलों ने अपनी भागीदारी दी। प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने सीनियर व जूनियर वर्ग में हिस्सा लिया तथा इसमें बच्चों ने अनेक तरह की प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। साइंस क्विज, मैथ ओलंपियाड मॉडल प्रतियोगिता प्रमुख गतिविधियां थीं, जिसमें की सीनियर वर्ग साइंस क्विज की प्रतियोगिता में राजकीय हाई उच्च विद्यालय रूमसू ने लगातार दूसरे वर्ष में इस प्रतियोगिता में सभी सरकारी व निजी विद्यालयों को पछाड़ कर प्रथम स्थान हासिल किया तथा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रूमसू जैसे दुर्गम इलाके की छात्राओं महक और कनिका ने लगातार दूसरी बार सभी स्कूलों को पछाड़ कर इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया है। ये छात्राएं नग्गर ब्लॉक का प्रतिनिधित्व जिला स्तरीय सांइस क्विज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुट्टी में करेंगी।

जूनियर वर्ग में भी इस स्कूल की छात्राएं विनीता और मीनाक्षी फाइनल तक जगह बनाने में कामयाब रहीं। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रमुख सुशील व एसऐमसी प्रमुख चेत राम ने बच्चों के साथ-साथ विद्यालय की विज्ञान अध्यापिका बबीता डोगरा प्रार्थी को भी लगातार दूसरे वर्ष यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जीतने पर बधाई दी। गवर्नमेंट हाई स्कूल रूमसू, जो कि मनाली विधानसभा का एक दुर्गम क्षेत्र है, वहां के बच्चों ने लगातार इस विज्ञान प्रतियोगिता में अच्छे से अच्छे निजी स्कूलों को पीछे छोड़कर अपनी जगह बनाई है, यह बात दर्शाती है कि अगर आप में कुछ करने की लगन है, तो कोई भी चीज मायने नहीं रखती है।



ब्लॉक स्तरीय 32वीं बाल विज्ञान प्रतियोगिता में साइंस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रूमसू स्कूल की छात्रा का स्कूल पहुंचने पर स्वागत करते हुए।



## पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर का वार्षिकोत्सव शानदार प्रस्तुतियों के साथ संपन्न, मुख्यमंत्री सुक्खू ने मुख्यातिथि की शिरकत

# 115 स्टूडेंट्स की भंगड़ा प्रस्तुति ने बांधा समां

आर मोहन चौहान, सोलन





पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर के वार्षिक समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू परेड का निरीक्षण करते हुए। वार्षिक समारोह में पहुंचे सीएम। जिम्नास्टिक का प्रदर्शन करते छात्र।

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 33वें वार्षिक समारोह का तीसरा दिन बड़े हर्षोल्लास और शानदार कार्यक्रमों की शृंखला के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू मुख्यातिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम में पहुंचते ही मुख्यातिथि के मार्च पास्ट और स्कूल बैंड की धुनों से शानदार स्वागत किया गया। वार्षिक समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में जनरल मनोज पांडे, पीवीएसएम एवीएसएम, वीएसएम एडीसी, पूर्व सेनाध्यक्ष (सीओएएस) भारतीय सेना और विनोद सुल्तानपुरी ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर जनरल पांडे के 50 सहपाठी भी सपरिवार उपस्थित रहे, जिनमें कई जनरल, मार्शल और एडमिरल शामिल थे तथा ये सभी पाइनग्रोव के प्रति अपने प्यार, सम्मान तथा एकजुटता की अभिव्यक्ति के रूप में कार्यक्रम का हिस्सा बने। उत्तरी कैरोलाइना में स्थित पाइनग्रोव के सिस्टर स्कूल सैली बी हॉवर्ड के सहायक निदेशक और व्यवसाय और प्रौद्योगिकी अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, पाठ्यक्रम और निर्देश निदेशक प्रतिभा रानी और सैली बी में कला और मानविकी संकाय अध्यक्ष डायना टोरेस व उनकी टीम भी इस वार्षिक समारोह के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से यहां पहुंची। ग्रोवियंस के अथक प्रयासों और मनमोहक प्रदर्शन से यह कार्यक्रम दर्शकों के लिए शानदार और अविस्मरणीय अनुभव था। कला, फोटोग्राफी, रोबोटिक्स और कार्य अनुभव प्रदर्शनियों की ओर से प्रस्तुत विद्यार्थियों की असाधारण प्रतिभा ने दर्शकों को विस्मित तथा अवाक कर दिया। कार्यक्रम आगाज स्कूल परेड के साथ हुआ। मुख्यातिथि के रूप में सीएम और पाइनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद स्कूल ध्वज के साथ औपचारिक मार्च आरंभ हुआ, जो विद्यालय में सद्भाव, एकता और गौरव का प्रतीक है। स्कूल ब्रास बैंड ने स्वागतम, सारे जहां से की धुन पर प्रभावशाली ढंग से मार्च किया। इसके उपरांत युवा ग्रोवियन जिम्नास्टों की ओर से प्रदर्शित मैदानी प्रदर्शन ने छात्रों की निपुणता को साबित करते हुए दर्शकों को बेहद रोमांचित किया।

रिंग ऑफ फायर के माध्यम प्रदर्शित साहस से सबकी आंखें खुली की खुली रह गईं। इसके पश्चात विद्यालय की आठ छात्रों की परिषद् (हेड गर्ल, हेड बॉय, स्पोर्टर्स और हाउस प्रीफेक्ट्स) द्वारा वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में विद्यालय की आश्चर्यजनक उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस भव्य कार्यक्रम का समापन पंजाब के जीवन तथा संस्कृति को उजागर करते धमाकेदार भांगड़ा नृत्य के साथ हुआ, जिसे विद्यालय के 115 छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस भव्य आयोजन का शानदार समापन करने के लिए पूर्णतया उचित था। पाइन ग्रोव स्कूल का वार्षिक समारोह एक शानदार सफलता थी, जिसने प्रबंधन, कर्मचारियों, छात्रों और उनके गौरवान्वित अभिभावकों को संतुष्टि और अपार प्रसन्नता से भर दिया। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाइन ग्रोव स्कूल बोर्डिंग स्कूलों की श्रेणी में देश भर में श्रेष्ठ बनकर उभरा है। हिमाचल की शांत वादियां और जलवायु शैक्षणिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी विषय की कक्षाएं शुरू की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा प्रणाली में किए जा रहे परिवर्तन: मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान, सोलन



मुख्यमंत्री सुक्खू ने सोलन के धर्मपुर स्थित पाइनग्रोव स्कूल में वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की क्षमता का विकास कर उन्हें उत्तरदायी नागरिक बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी स्तरों पर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन कर रही है। प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 में शिक्षा बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा आरंभ की गई है और उनके समग्र विकास के दृष्टिगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग विद्यालय खोले जा रहे हैं। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को सुशिक्षित एवं संवेदनशील बनाने के लिए प्रयासरत है। छात्रों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए डे-बोर्डिंग विद्यालयों में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली और ग्रिड से जुड़े 'रूफ टॉप संयंत्र' स्थापित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब वर्ग के मेधावी छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए 200 करोड़ रुपए की महत्वकांक्षी डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की है। प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि इस योजना के तहत विदेशों के शैक्षणिक संस्थानों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए इच्छुक पात्र छात्रों को योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। प्रदेश में ग्राम स्तर तक छात्रों को बेहतर शिक्षा और गुणात्मक पठन सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पुस्तकालय स्थापित किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 225 से अधिक लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**दाड़लाघाट।** मानव कल्याण समिति अर्की और सामुदायिक स्वास्थ्य समिति कश्यालू व पंचायत ग्याणा के संयुक्त तत्वाधान में और अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के सौजन्य से प्राइमरी स्कूल कश्यालू के प्रांगण में निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं समुदाय के सभी लोगों को प्रदान की। स्वास्थ्य शिविर में मानव कल्याण समिति के संस्थापक डॉ. संतलाल शर्मा, आरके गौतम, जिला परिषद सदस्य हीरा कौशल, सहज राम और चंपा बंसल विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में 225 से अधिक लोगों ने जांच करवाई। मुख्य निर्माण अधिकारी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड मुकेश सक्सेना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच के प्रति सचेत करना और उन्हें जीवन पद्धति में सुधार करने के लिए प्रेरित करना है।

### भाषण प्रतियोगिता में उर्वशी प्रथम, कनिका द्वितीय

**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में छठवीं से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमराज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। क्लस्टर स्तर के इस बाल मेले में बुघार, पारनू व असलू के छठवीं से आठवीं कक्षा की विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया। कार्यक्रम का प्रबंधन प्रवक्ता अंग्रेजी दीपक ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन टीजीटी आर्ट्स सुरेश कुमार द्वारा किया गया। इस बाल मेले में विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता, एकल गान, समूह ज्ञान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी व फन गेंस का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में उर्वशी ने प्रथम व असलू विद्यालय की छात्रा कनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में छात्रा आकांक्षा ने प्रथम व इशिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान में बुघार विद्यालय ने प्रथम व असलू विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### शिक्षा मंत्री और सीपीएस का जताया आभार

**दाड़लाघाट।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति पर दाड़लाघाट अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष ईश्वर दत्त शर्मा ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित रोहित ठाकुर एवं सीपीएस व स्थानीय विधायक अर्की संजय अवस्थी का आभार जताया है। सायरोउत्सव अर्की के दौरान अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल हिमाचल अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष व इकाई अध्यक्ष दाड़लाघाट ईश्वर दत्त शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री एवं सीपीएस संजय अवस्थी से मिला था, उन्होंने लंबे समय से लंबित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया, जिसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने उसी समय उच्च अधिकारियों को इस प्रक्रिया को जल्द स जल्द पूरा करने के आदेश पारित किए।

### एनडीआरएफ ने कर्मियों को दिया परीक्षण

**नाहन।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल 14वीं बटालियन, क्षेत्रीय प्रतिक्रिया टीम-नालागढ़ ने सिरमौर के कालाअंब स्थित विरगो और बुडस्टॉक कंपनियों (एमएएच) में आपदा तैयारी संबंधी फैमिलियराइजेशन अभ्यास किया। महाप्रबंधक उद्योग विभाग के अंतर्गत एसडब्ल्यूसीए कालाअंब से प्रतिनिधि राकेश ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर के सहयोग से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 24 सदस्यीय टीम ने प्रभारी व निरीक्षक नफीस खान, उपनिरीक्षक अवतार सिंह के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन से संबंधित जन-जागरूकता, चर्चा, विचार-विमर्श और फैमेलियराइजेशन अभ्यास आयोजित किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की इस प्रशिक्षित टीम द्वारा लगभग 400 कंपनी के कर्मचारियों व अधिकारियों को आपदा-प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां, फैमिलियराइजेशन अभ्यास एवं तकनीकों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा व प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### दो नवंबर से शुरू होगा ग्रामीण वॉलीबाल कप

**पांवटा साहिब।** सिरमौर के पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र में नवयुवक मंडल एकता की जंग भगानी की ओर से आयोजित हिमाचल लेवल ग्रामीण वॉलीबाल कप फिर से दस्तक दे रहा है। इस खेल का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना और नशे के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष के आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में सिरमौर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विशाल वालिया हिस्सा लेंगे, जबकि समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग मुख्यातिथि होंगे। विजेता टीम को 11,000 नकदी के साथ ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 5,100 नकदी के साथ ट्रॉफी दी जाएगी। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क 600 तय किया गया है।

### वर्षा ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीता

**नाहन।** हाल ही में हमीरपुर कॉलेज ग्राउंड में संपन्न हुई अंडर-14 वर्ग की स्टूडेंट्स की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में वर्षा ने डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि से स्कूल के साथ-साथ सिरमौर का नाम रोशन हुआ है। बता दें कि बनेठी पंचायत के दूरदराज क्षेत्र बागा गांव के रमेश की बेटी वर्षा जमटा स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा है। उनके पिता पेशे से चालक हैं। इससे पहले वर्षा ने पांवटा साहिब में आयोजित जिलास्तरीय खेलकूद में शानदार प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में वर्षा दूसरे स्थान पर रही थी।

### मांझू स्कूल में हुई निबंध वाचन, एकल प्रतियोगिता

**अर्की।** उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांझू में क्लस्टर स्तर पर बाल मेले का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन में पूर्व प्रधानाचार्य ताराचंद शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पवन ने की। राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला के केंद्राध्यक्ष भगत राम भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बाल मेले में क्षेत्र के 11 विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनमें राजकीय माध्यमिक विद्यालय पलोग, राजकीय माध्यमिक विद्यालय जलाना आदि रहे। कार्यक्रम में छात्रों ने निबंध वाचन, एकल और समूह नृत्य, गीत, फेस पेंटिंग, सैक रेस, जलेबी रेस, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसे विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### 98 वर्षीय रामनाथ खिल्लन का हुआ निधन

**नाहन।** नाहन शहर के सबसे वृद्ध पुरुष 98 वर्षीय रामनाथ खिल्लन का रविवार सुबह 7 बजे निधन हो गया। वह 40 साल पूर्व नाहन अस्पताल से सेवानिवृत्त हुए थे। अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोगों शामिल हुए।

## लोकसभा, विधानसभा और ग्रामसभा में एक समान होना चाहिए आरक्षण : प्रताप

अनंत ज्ञान, सोलन



सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि लोकसभा एवं विधानसभा की तर्ज पर ग्रामसभा में भी आरक्षण व्यवस्था होनी चाहि। रावत ने बताया कि जैसे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के पद आरक्षण मुक्त हैं, इसी तर्ज पर नगर निगम अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष, पंचायत समिति अध्यक्ष एवं पंचायत प्रधान जैसे महत्वपूर्ण पद भी आरक्षण के दायरे से बाहर होने चाहिए।

रावत ने बताया कि जैसे लोकसभा एवं विधानसभा में कुछ सिटें आरक्षित हैं, लेकिन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के पद आरक्षित नहीं हैं इसी तर्ज पर पंचायतीराज विभाग में भी आरक्षण केवल मात्र वार्ड स्तर पर होना चाहिए, जैसे नगर निगम, नगर पालिका के कुछ वार्ड आरक्षित कर दिए, लेकिन अध्यक्ष पद आरक्षित नहीं होना चाहिए। इसी तरह जिला परिषद एवं पंचायत समिति के भी केवल मात्र वार्ड आरक्षित होने चाहिए। अध्यक्ष पद नहीं, ग्राम पंचायत में भी कुछ वार्ड ही आरक्षित होने चाहिए, लेकिन पंचायत प्रधान पद नहीं। योग्य व्यक्ति चाहे किसी भी जाति, समाज का हो उसे इन महत्वपूर्ण पदों पर काम करने का मौका मिलना चाहिए। रावत ने आरक्षण का उदाहरण देते हुए बताया कि एक पंचायत में पंचायत प्रधान का पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन उस पंचायत में ओबीसी का केवल मात्र एक ही घर था और उस घर में पंचायत प्रधान बनने के योग्य कोई भी व्यक्ति नहीं था, लेकिन आरक्षण के कारण फिर भी पंचायत प्रधान बनाना पड़ा, लेकिन 5 साल वहां पर कोई भी विकास कार्य नहीं हो पाए।

## न्याय परिसर में मिले दो पर्स दिया संपर्क नंबर

**नाहन।** नाहन न्यायालय परिसर में दो अलग-अलग स्थानों पर दो पैसों व महत्वपूर्ण कागजात के साथ पर्स मिले हैं। न्यायालय सिस्टम असिस्टेंट कर्मचारी रोहित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एक पर्स न्यायालय परिसर में तथा दूसरा पर्स कैंटीन के कर्मचारी को कैंटीन में मिला है।

मिले हुए पर्स को लेकर ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए न्यायालय कर्मी रोहित सिंह ने इसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से प्राप्ति के लिए दी है। पर्स में कितने पैसे हैं, इसकी जानकारी और अपना पहचान पत्र व परिचय देने के बाद ही संबंधित व्यक्ति को पर्स वापस किया जाएगा। पर्स में आईडी कार्ड भी मिला है, लिहाजा जिस व्यक्ति का भी पर्स गुम हुआ है। वह 9418554578 पर कॉल कर डिटेल जानकारी ले सकता है।

## सिरमौर पहुंची हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा समिति

# विभिन्न विभागों में लंबे समय से लंबित चल रही लेखा आपत्तियों को निपटाने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, नाहन



जिला सिरमौर के नाहन में प्रदेश राज्य लेखा समिति बैठक करते हुए।

जिला सिरमौर के नाहन में स्थानीय निधि लेखा समिति की समीक्षा बैठक समिति के सभापति संजय रत्न की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य सतपाल सत्ती, केवल सिंह पठानिया, विवेक शर्मा तथा स्थानीय विधायक अजय सोलंकी भी उपस्थित थे। बैठक में जिला सिरमौर में हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले संस्थानों, बोर्डों, स्वायत व अर्ध स्वायत्त निकायों, विकास प्राधिकरणों के आय-व्यय प्राक्कलनों और कार्य कलापों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला सिरमौर के विभिन्न विभागों में लंबे समय से लंबित चल रही लेखा आपत्तियों को निपटाने और विभिन्न स्तरों पर हो रही अनियमितताओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। समिति ने लंबित मामलों के लिए डीसी को विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर 31 दिसंबर तक मामलों को निपटाने को कहा। समिति के सदस्यों ने कहा कि बैठक का उद्देश्य है सिरमौर के लोगों को सरकार की विकासात्मक योजनाओं का लाभ मिले। समिति अध्यक्ष ने कहा कि विकास को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय विधायक और अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा। सुशासन से ही विकास होता है। बैठक में डीसी सिरमौर सुमित खिमटा, पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा और सभी उपमंडलाधिकारी तथा अन्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

## स्क्रैप कारोबारी पर फायरिंग मामलों की जांच के लिए पांच टीमें गठित

अनंत ज्ञान, बीबीएन



नालागढ़ उपमंडल के खेड़ा गांव में हुए गोलीकांड को पुलिस हर पहलू से तफ्तीश कर रही है। यहां पर हमलावर द्वारा मलपुर निवासी सक्रैप डीलर रामकिशन के वाहन पर गोलियां चलाकर उनकी जान लेने का प्रयास किया गया।

कुछ लोग जहां इस मसले को कानून व्यवस्था से जोड़कर देख रहे थे, लेकिन यह मामला भी सक्रैप के धंधे व लेन-देन से जुड़ा होने के कारण आपसी रंजिश का ज्यादा लग रहा है। वहीं, पुलिस के लिए भी यह मामला पेचीदा हो चुका है क्योंकि जिस स्थान पर यह वारदात हुई, वहां पर किसी भी प्रकार का कोई सीसीटीवी नहीं है और पैदल आकर आरोपी ने रामकिशन चौधरी निवासी मलपुर तहसील बद्दी की गाड़ी पर ताबड़तोड़ 5 राऊंड फायरिंग कर दी थी। उसके बाद पैदल आरोपी फरार हो गया था क्योंकि रामकिशन की गाड़ी बुलेट प्रूफ थी इसलिए उनको कोई आंच नहीं आई। अब पुलिस के लिए यह मामला पेचीदा बनकर रह गया है। कई एंगल से पुलिस इसको खंगाल रही है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि यह हमला कबाड़ के कारोबार व लेन-देन का हो सकता है।

### गोलीकांड असल या कोई साजिश

**रामकिशन** अमूमन अपने साथ एक ड्राइवर व एक निजी सुरक्षा कर्मचारी के साथ चलता था, लेकिन रविवार को वो अकेला था और स्वयं ही गाड़ी चला रहा था, जिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। रामकिशन जब घर से रोपड़ के लिए चला, तो उसके अलावा यह बात किसी को मालूम नहीं थी कि वो किसी रुट से होकर कहां जा रहा था। क्या कोई उसका उनके घर से ही पीछा कर रहा था? इस प्रकार के कई सवाल आज प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक बद्दी से पूछे गए तो उन्होंने हर बार कहा कि जांच जारी है और जल्द ही दूध का दूध और पानी हो जाएगा।

### सच जल्द सामने आएगा : एसपी

**एसपी** बद्दी इल्मा अफरोज ने बीबीएन में कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि यहां पर कानून व्यवस्था बिलकुल दुरुस्त है और यह इस साल का तीसरा गोलीकांड का मसला है, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ, जब उनसे पूछा गया कि क्या रामकिशन ने पहले भी अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी थी, तो उन्होंने कहा कि यह सब जांच का विषय है। इंतजार कीजीए सच जल्द ही सामने आएगा। कुछ लोग इस मामले को कानून व्यवस्था से जोड़ रहे हैं, लेकिन यह मामला किसी और एंगल से जुड़ा हो सकता है जो कि प्रथम दृष्टि में सामने आया है।

## कैप्स स्कूल ने सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन



शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते किप्स के छात्र।

अनंत ज्ञान, सोलन

दिल्ली पब्लिक स्कूल भोपाल में आयोजित सीबीएसई की नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप 2024-25 में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा के अंडर-17 वर्ग के एयर पिस्टल प्रतिभागियों गरिमन औजला, रौनक गुलिया और वीरेन गुलिया ने अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया और द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय लौटने पर प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद और उपप्रधानाचार्य पूनम ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।

## आग लगने के कारणों व अग्निशमन यंत्रों के प्रकारों की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में अदानी अंबुजा सीमेंट के फायर एंड सेफटी विभाग की ओर से एक कार्यशाला आयोजित की गई।

सेफ्टी हैड नरेश ठाकुर व उनकी टीम ने कार्यशाला में आग लगने के कारणों और अग्निशमन यंत्रों के प्रकारों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ड्रिल के माध्यम से विद्यार्थियों और अध्यापकों को प्रत्येक अग्निशमन यंत्र का प्रयोग कर आग पर काबू पाना सिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा, उपप्रधानाचार्य राजेंद्र प्रकाश और वाणिज्य प्रवक्ता विजय चंदेल ने इस कार्यशाला के लिए अदानी अंबुजा सीमेंट फाऊंडेशन का आभार जताया। इस कार्यशाला में विद्यालय के आपदा प्रबंधन विभाग की प्रभारी सीमा शर्मा,सहयोगी तजेंद्र शर्मा और

## विद्यार्थियों को शोध पर विस्तृत जानकारी दी

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल ने संकाय और छात्रों के बीच अनुसंधान, नवाचार और विकास में जागरूकता के लिए व्याख्यान का आयोजन किया। सर्वप्रथम रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की संयोजिका डॉ. मोल्लम डोलमा ने इस इकाई के उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डाला और साथ ही इकाई के सदस्यों के बारे में भी अवगत करवाया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजन कौशल उपस्थित रहे। उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों को शोध पर विस्तृत जानकारी दी।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मिल्लाह प्रथम

अनंत ज्ञान, सोलन



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मिल्लाह में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ पाठशाला के प्रधानाचार्य बल राजभाटिया ने किया। इस बाल मेले में पांच विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

राजकीय उच्च पाठशाला दिगवा, बड़वा, धार और मिल्लाह के विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न गतिविधियों में भाग लिया। पहेली इवेंट्स प्रारंभिक विभाग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम स्थान मिल्लाह के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया और दूसरा स्थान बड़वा के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। दूसरी प्रतियोगिता विज्ञान मॉडल की हुई, जिसमें प्रथम स्थान मिल्लाह के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया और दूसरा स्थान धार के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। तीसरी प्रतियोगिता गणित मॉडल की हुई, जिसमें प्रथम स्थान मिल्लाह के विद्यार्थियों ने और दूसरा स्थान धार के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। चौथी प्रतियोगिता सोलो सांग में प्रथम स्थान विद्यार्थी अभिनव राणा ने प्राप्त किया और दूसरा स्थान मिल्लाह की विद्यार्थी गुलशन राणा ने प्राप्त किया। पांचवीं प्रतियोगिता समूहगान (ग्रूप सांग) में प्रथम स्थान मिल्लाह के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया और दूसरा स्थान धार के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। छठी प्रतियोगिता लघु साहित्यिक कृति में प्रथम स्थान मिल्लाह के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया और दूसरा स्थान दिगवा ने प्राप्त किया। सातवीं प्रतियोगिता चेस में प्रथम स्थान मिल्लाह के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। आज के इस बाल मेले 6ठी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रदर्शनी लगाई गईं, जिसमें 6ठी से दसवीं के विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल ,गणित मॉडल, अंग्रेजी ग्रामर चार्ट, सामाजिक विज्ञान, मानचित्रावली, हिंदी, संस्कृत व्याकरण और कृषि विद्यार्थियों द्वारा मॉडल और कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई।

## आयोजन विधायक अजय सोलंकी बोले- गोरखा भवन के लिए जल्द चयनित किया जाएगा स्थान

# 54 वर्ष की हुई जिला सिरमौर गोरख एसोसिएशन

अनंत ज्ञान, नाहन



जिला सिरमौर गोरखा एसोसिएशन का 54वां अधिवेशन व पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। लोअर कैंट काली मंदिर परिसर में आयोजित समारोह की अध्यक्षता नाहन के विधायक अजय सोलंकी के द्वारा की गई।

गोरखा सभा के द्वारा विधायक व उनके साथ अतिथियों का जोरदार स्वागत भी किया गया। विधायक के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समृद्धि का दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ देश भक्ति से सरोबर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गोरखा एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत राणा की विशेष उपस्थिति में मुख्यातिथि के द्वारा शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले गोरखा समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में 46 से अधिक सीनियर सिटीजन तथा 23 भूतपूर्व सैनिक व कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आगाज किरण थापा, शालू भारती, माधुरी शकुंभरा राणा आदि महिलाओं के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तो वहीं आयुषी क्षेत्रीय व आदित्य थापा के द्वारा गोरखाली सोलो डांस ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। गोरखा समाज की किरण थापा काजल राणा माधुरी संध्या क्षेत्रीय व पूजा के लेडीज ग्रुप डांस ने जमकर तालियां बटोरीं।

हिमाचल प्रदेश की विशेष प्रतिभाओं में शुमार गायक व संगीतज्ञ गणेश के सोलो सांग ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बता दें कि गणेश गुरु आर्मी बैंड में वरिष्ठ पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि हिमाचल पुलिस बैंड में भी रहते हुए उन्होंने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। गोरखा समाज की नन्हीं बच्चियों में शामिल निकिता सुहानी व रिशु के ग्रुप डांस में नेपाल की संस्कृति की अद्भुत झलक भी देखने को मिली।

वहीं, विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि निश्चित ही गोरख समाज के लिए जल्द ही संबंधित भवन के लिए जगह तलाशी जाएगी साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन की जो भी मांगे हैं, उन्हें सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाकर स्थायी समाधान की सिफारिश की जाएगी।

## पुराने संबंधों और स्मृतियों को किया पुनर्जीवित

**सोलन।** भारतीय सेना की सबसे प्रतिष्ठित रेजिमेंट्स में से एक, चौथी गोरखा राइफल्स (4 जीआर) ने हिमाचल प्रदेश के सुबाथू में अपना रेजिमेंटल पुनर्मिलन आयोजित किया। यह अवसर वीरता, बलिदान और सौहार्द से भरे 167 वर्षों की विरासत का जश्न मनाने के उपलक्ष्य में था। भारत और नेपाल से आए वेटरंस और उनके परिवारों ने इस पुनर्मिलन समारोह में भाग लेकर पुराने संबंधों और स्मृतियों को पुनर्जीवित किया। कर्नल मेजर जनरल बलबीर सिंह ने कहा कि चौथी गोरखा राइफल्स का एक समृद्ध इतिहास है।

## न्यूज ब्रीफ

### मेयर ने सेंसरी पार्क का किया उद्घाटन



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने आज सेक्टर 22 में सेंसरी पार्क का उद्घाटन किया। मेयर के साथ एमसी आयुक्त अमित कुमार, दमनप्रीत सिंह, पार्षद व शहर के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे। मेयर कुलदीप कुमार ने कहा कि सेंसरी पार्क लगभग 124.54 लाख रुपए की लागत से 0.65 एकड़ क्षेत्रफल वाले गुरुद्वारा साहिब के सामने, चंडीगढ़ के सेक्टर 22-डी के पास विकसित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सीएम मान ने जेपी नड्डा से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से राज्य को आवंटित डीएपी उर्वरक की 15 नवंबर तक पूरी आपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की और कहा कि राज्य राष्ट्रीय खाद्य भंडार में गेहूं की आपूर्ति में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान देता है। उन्होंने कहा कि गेहूं की खेती के लिए डीएपी सबसे जरूरी तत्व है और इस साल गेहूं की बुआई के लिए राज्य में 4.80 लाख टन डीएपी की जरूरत है। मान ने कहा कि अब तक राज्य को 3.30 लाख मीट्रिक टन डीएपी खाद मिला है जो अपर्याप्त है।

### टाइगर क्लब ने जीती ताइक्वांडो चैंपियनशिप



**चंडीगढ़।** देव समाज कॉलेज सेक्टर 45 बी (चंडीगढ़) में 5वीं ताइक्वांडो-2 स्टेट चैंपियनशिप करवाई गई जिसमें 95 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टाइगर क्लब ने चैंपियनशिप जीती जबकि रॉयल क्लब उपविजेता रहा।

### इंडोनेशिया के माउंट मारापी में ज्वालामुखी विस्फोट

**पडांग (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक में रविवार को विस्फोट होने से कम से कम तीन बार राख के गुबार उठे और आसपास के गांवों में मलबा फैल गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के अगम जिले में स्थित माउंट मारापी में होने वाले विस्फोटों का पूर्वानुमान लगाना कठिन है, क्योंकि ये मैग्मा की गहरी हलचल के कारण नहीं, बल्कि भूगर्भीय झटकों के कारण होते हैं। मारापी निगरानी चौकी पर इंडोनेशिया के ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय खतरा शमन केंद्र के अधिकारी अहमद रिफांदी ने बताया कि इससे निकला गर्म लावा कई मील तक फैल गया। विस्फोट से 2,000 मीटर की ऊंचाई तक राख के गुबार उठे।

### हाईकोर्ट ने स्वीकार की सीबीआई की अपील

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या और दंगे के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार और अन्य को बरी करने के खिलाफ सीबीआई की एक अपील स्वीकार कर ली है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को दिए एक आदेश में जांच एजेंसी को निचली अदालत के 20 सितंबर 2023 के आदेश के खिलाफ 'अपील की अनुमति' दी और मामले पर अगली सुनवाई दिसंबर में करने का फैसला किया। 'अपील की अनुमति' किसी अदालत द्वारा किसी पक्षकार को उच्च अदालत में फैसले को चुनौती देने की औपचारिक अनुमति देना होता है।

### हसीना के खिलाफ मर्डर केस में आज सौंपे रिपोर्ट



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मर्डर केस में शनिवार को ढाका की एक कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सोमवार तक पुलिस से जांच रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है। ये मामला सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान मीरपुर में एक 18 वर्षीय कॉलेज छात्र की मौत का है। इस मामले में हसीना और अन्य 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों की कार्रवाई में छात्र की मौत हो गई थी। हसीना और अन्य 23 आरोपियों के खिलाफ 15 अगस्त 2024 को मृतक के भाई ने हत्या का मामला दर्ज कराया था।

### मणिपुर में पीएलए के दो सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के तेंग्नौपाल जिले में प्रतिबंधित संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स की एक टीम ने सीमा स्तंभ संख्या 87 के पास से शनिवार को दोनों कार्यकर्ताओं को पकड़ा और फिर उन्हें पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि पीआरईपीएके के गिरफ्तार कार्यकर्ता की पहचान रॉबर्ट लालहादम के रूप में हुई है और उसके पास से एक राइफल बरामद की गई है।

### ओडिशा में 35.95 लाख लोग प्रभावित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि चक्रवात 'दाना' और उसके बाद 14 जिलों में आई बाढ़ के कारण ओडिशा में कुल 35.95 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। पुजारी ने बताया कि 8,10,896 लोगों को 6,210 चक्रवात राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों में केंद्रपाड़ा, बालासोर और भद्रक शामिल हैं। चक्रवात के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि निकाले गए लोगों को 1,178 चक्रवात राहत केंद्रों में आश्रय दिया गया तथा उन्हें भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह आए चक्रवात 'दाना' ने 14 जिलों के 108 ब्लॉक के अंतर्गत 1,671 ग्राम पंचायतों के लोगों को प्रभावित किया है।

# प्रदेशवासियों को सीएम धामी ने दी 130 नई बसों की सौगात



**अनंत ज्ञान, देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 130 नई बसों को शामिल कर राज्य के विकास में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रही है। आधुनिक तकनीक से युक्त नई बसें हमारे राज्य के परिवहन तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी।

ये बसें न केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगी, बल्कि प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों में भी नई ऊर्जा का संचार भी करेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों की तुलना में चुनौतीपूर्ण हैं। राज्य के दुर्गम और सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के लिए हमारे परिवहन नेटवर्क पर ही निर्भर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ऐसे में प्रभावी परिवहन तंत्र न केवल यात्रियों की सुविधा के लिए अति-आवश्यक है। राज्य के हर कोने को बेहतर सड़क नेटवर्क और विश्वसनीय परिवहन सेवाओं से जोड़ना हमारा संकल्प है।

### 66 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत, सर्वे चौक, ईसी रोड देहरादून में 66 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने पलटन बाजार के मुख्य द्वार का लोकार्पण भी किया।

राष्ट्रीयता एवं देश प्रेम के भाव के लिए सर्वे चौक देहरादून में यह राष्ट्रीय ध्वज स्मारक स्थापित किया गया है। यह मार्ग देहरादून के मुख्य स्थलों राष्ट्रपति आशियाना, राजभवन, मुख्यमंत्री आवास, उत्तराखंड शासन का सचिवालय एवं अन्य महत्त्वपूर्ण संस्थानों को जो ता है। इस स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज स्मारक की स्थापना से जन सामान्य के हृदय में देश प्रेम एवं राष्ट्रीयता का भाव जाग्रत करने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर विधायक खजानदास, उपाध्यक्ष उत्तराखंड संस्कृति साहित्य एवं कला परिषद मधु भट्ट, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से श्री श्री रवि शंकर सम्मानित

**एजेंसी, बेंगलुरु**

दक्षिण प्रशांत के देश फिजी ने वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर को मानवीय आत्मा के उत्थान और विभिन्न समुदायों को शांति और सद्भाव के द्वारा एकजुट करने के उनके योगदान के लिए अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है।

**'ऑनरेरी ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' की उपाधि से सम्मानित किया**

फिजी गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम रातू विलियामे एम कटोनिवेर ने गुरुदेव को 'ऑनरेरी ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' की उपाधि से सम्मानित किया।

फिजी, ऐसा छठा देश है जिसने आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से गुरुदेव के मानवीय कार्यों को मान्यता दी है, जो पिछले 43 वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, महिला और युवा सशक्तिकरण, तनाव राहत, और ध्यान कार्यक्रमों में सक्रिय हैं। गुरुदेव की यात्रा के दौरान, उन्होंने फिजी के उपप्रधान मंत्री, विलियम गावोका और संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक डर्क वैगनर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत की। नेताओं ने चर्चा की कि आर्ट ऑफ लिविंग किस तरह युवाओं को सशक्त बनाकर और स्थानीय समुदायों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करके फिजी की प्रगति में योगदान कर सकता है।



श्री श्री रवि शंकर को सम्मानित करते फिजी गणराज्य के राष्ट्रपति।

# केंद्र ने पंजाब में धान भंडारण की चिंताओं को किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र ने रविवार को उन खबरों को खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि पंजाब में भंडारण जगह की कमी के कारण धान खरीद प्रभावित हो रही है।

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को भरोसा दिया कि पर्याप्त भंडारण स्थान बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने भंडारण जगह की कमी संबंधी खबरों को खारिज करते हुए इसे निहित स्वार्थों के कारण फैलाई गई गलत सूचना करार दिया।

जोशी ने खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की चेयरमैन वनिता रतन शर्मा के साथ मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, ''कुछ अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जगह बनाना हमारी जिम्मेदारी है। हम इसका ध्यान रखेंगे।''



उन्होंने कहा कि राज्य में इस समय 14 लाख टन भंडारण क्षमता है, जो एक नवंबर तक बढ़कर 16 लाख टन हो जाएगी। निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) योजना के तहत अतिरिक्त 31 लाख टन क्षमता विकसित की जा रही है।

मंत्री ने बताया कि 3,800 मिल वालों ने धान उठाने के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 3,250 को चावल बनाने के लिए भंडार आवंटित किया जा चुका है।

सरकार ने 9,819.88 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, जिसमें से 7,641 करोड़ रुपएकिसानों तक पहुंच चुके हैं।

मंत्रालय ने भंडारण क्षमता और आवाजाही की साप्ताहिक निगरानी के लिए एफसीआई की अगुवाई में एक उच्चस्तरीय समिति बनाई है।

# अनुमेय घंटों से परे काम करने वाले विक्रेताओं पर निगरानी बढ़ाई

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

व्यवस्था बनाए रखने और शहर के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने अनधिकृत वेंडिंग गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपनी सतर्कता और प्रवर्तन प्रयासों को तेज कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों और आगंतुकों को एक सुरक्षित, संगठित वातावरण प्रदान करना है।

विक्रेताओं को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक काम करने की अनुमति है। हालांकि, हाल के प्रवर्तन अभियानों के दौरान, टीम ने देखा कि कुछ विक्रेता इन घंटों के बाद भी काम कर रहे थे। जवाब में, एमसीसी प्रवर्तन टीम और चंडीगढ़ पुलिस द्वारा आज सेक्टर 22 में एक संयुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें अधिकृत समय के बाहर काम करने वाले विक्रेताओं को हटाया गया।



नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि शहर में अतिक्रमण को रोकने के लिए ये संयुक्त अभियान जारी रहेंगे। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक स्थानों की अखंडता बनाए रखने के लिए उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## देश-विदेश

# पश्चिम बंगाल में शांति तभी संभव जब घुसपैठ पर लगेगी रोक : शाह

**एजेंसी, पेट्रापोल (प. बंगाल)**

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ बंद होने पर ही पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित की जा सकती है। शाह ने दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2026 में पश्चिम बंगाल में सत्ता में आई तो पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन रोका जाएगा।



पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल भू पत्तन पर एक नए यात्री टर्मिनल भवन और एक 'मैत्री द्वार' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की और राज्य के लोगों से 2026 में राजनीतिक बदलाव लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू-पत्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब सीमा पार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है। मैं बंगाल के लोगों से आग्रह करता हूं कि 2026 में परिवर्तन लाएं और हम घुसपैठ रोकेंगे तथा शांति स्थापित करेंगे। शाह ने कहा कि घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती हैं। दोनों देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में भूमि बंदरगाह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं।

# इसराइल का उत्तरी गाजा में हमला, 22 की मौत

**एजेंसी, दीर अल-बला**

**इसराइल** ने उत्तरी गाजा पर किए हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात कई मकानों एवं इमारतों पर हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।

15 अन्य लोग घायल हुए हैं और मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इसराइली सेना ने इन हमलों को लेकर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इसराइल पिछले तीन सप्ताह से उत्तरी गाजा में बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी हमले कर रहा है। उसका कहना है कि हमास के चरमपंथी वहां फिर से संगठित हो गए हैं। सालभर से जारी युद्ध के दौरान विस्थापन की ताजा लहर में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और हजारों फिलीस्तीनी 'गाजा सिटी' छोड़कर चले गए हैं। इसराइल गाजा में रोजाना हमले कर रहा है।



### अमेरिका ने इसराइली हमले को ठहराया जायज

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने खुलकर ईरान पर इसराइली हमले को जायज ठहाराया है। जहां यूएस प्रेसिडेंट जो बाइडेन ने कहा कि यहूदी राष्ट्र ने सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। वहीं, पेंटागन चीफ लॉयड ऑस्टिन ने तेहरान को हमले का जवाब न देने की चेतावनी दी। साथ ही वह लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्ध लड़ रहा है।

# दिल्ली में फिर हवा जहरीली : 359 पहुंचा एक्यूआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी में दो दिन के अंतराल के बाद रविवार को फिर से वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की गई, क्योंकि प्रदूषण के स्तर में सुधार लाने वाली हवा की रफ्तार धीमी हो गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 359 दर्ज किया गया, जबकि शनिवार को यह 255 था।



सीपीसीबी ने 40 निगरानी केंद्र में से 36 का आंकड़ा साझा किया, जिसमें से आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई जबकि शेष 28 में एक्यूआई 'बेहद खराब' श्रेणी में रहा। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बेहद खराब' तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में हवा की रफ्तार शून्य किमी प्रति घंटा थी।

# मध्य मेक्सिको में बस और ट्रैक्टर-ट्रैलर की टक्कर; 24 की लोगों मौत, 5 घायल

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**

**मध्य** मैक्सिकन राज्य जाकाटेकास में यात्री बस और ट्रैक्टर-ट्रेलर की टक्कर में 24 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेशनल गार्ड के समन्वयक जुआन मैनरिकेज ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब ट्रेलर मकई परिवहन कर रहे ट्रक से अलग हो गया, जिससे बस दाहिनी ओर झुक गई। जाकाटेकास सरकार के महासचिव रोड्रिगो रेयेस ने कहा कि बस पश्चिमी राज्य नायरिट के टेपिक से उत्तरी राज्य चिहुआहुआ के स्यूदाद जुआरेज तक यात्रा कर रही थी। उन्होंने यात्रियों को उस राजमार्ग से बचने की सलाह दी जो दुर्घटना के बाद बंद है।

# फिलीपींस में बाढ़ व भू-स्खलन ने 126 लोगों की गई जान

**एजेंसी, तालिसे (फिलीपीन)**

**फिलीपींस** में भीषण बाढ़ और भू-स्खलन ने बड़ी तबाही मचाई है। फिलीपींस में उष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी' के कारण 126 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग लापता हैं।

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण लोग वहां फंस गए हैं। राहत और बचाव एजेंसियां उन तक पहुंचने का पूरा प्रयास कर रही हैं। सरकार की आपदा-प्रतिक्रिया एजेंसी ने पहले बताया था कि शुक्रवार को फिलीपींन के उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से आए 'ट्रामी' तूफान के कारण कम से कम 85 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 अन्य लोग लापता हुए हैं। यह दक्षिण-पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में इस साल का अब तक का सबसे घातक और विनाशकारी तूफान है। तूफान के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 126 हो गई है और कई अन्य लोग लापता हैं।




### 50 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

फिलीपींस के प्रभावित इलाकों में पुलिस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन कर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने तूफान 'ट्रामी' के कारण मनीला के दक्षिण-पूर्व में 50 लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

# ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताने वाले लोग ही खतरा : मस्क

**लैंकेस्टर (अमेरिका)।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करते हुए कहा कि जो लोग पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं, वे स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मस्क ने अमेरिका के संसदीय परिसर 'यूएस कैपिटल' में छह जनवरी, 2021 को हुए दंगों के संदर्भ में कहा कि इस घटना को एक प्रकार का हिंसक विद्रोह कहा गया, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है।



# गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन 2026 में होगा लांच : सोमनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के मिशन गगन पर देश के साथ ही दुनिया की नजर है। लोग बेसब्री से इसरो के मिशन गगनयान की लांचिंग का इंतजार कर रहे हैं। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने देश के अहम मिशन को लेकर कई जानकारी सामने रखी।



सोमनाथ ने शनिवार को इसरो के कुछ महत्वपूर्ण आगामी मिशनों की नई तारीखों का भी खुलासा किया। उन्होंने मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान को लेकर कहा कि यह संभवत: 2026 में लांच होगा। मिशन चंद्रयान-4 2028 तक लांच होने की उम्मीद है। इसके अलावा निर्धारित समय से काफी देरी से चल रहा भारत-अमेरिका संयुक्त निसार मिशन आखिरकार अगले साल लांच हो सकता है। स्पेस टेक्नोलॉजी के अधिक स्वदेशीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए सोमनाथ ने कहा कि भारत अगले एक दशक में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपना योगदान मौजूदा 2 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 10 प्रतिशत करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

### चंद्रयान-5 साल 2028 में होगा लॉन्च

इसरो के अध्यक्ष ने खुलासा किया कि जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जेएएक्सए के साथ संयुक्त चंद्रमा-लैंडिंग मिशन, जिसे मूल रूप से एलयूपीईएक्स या लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन नाम दिया गया था, चंद्रयान-5 मिशन होगा। उन्होंने लांच के लिए अपेक्षित समय सीमा का उल्लेख नहीं किया। एलयूपीईएक्स मिशन को पहले 2025 समय सीमा के भीतर लांच किया जाना था, लेकिन अब जब इसे चंद्रयान-5 के रूप में वर्णित किया गया है। ऐसे में इसकी उम्मीद 2028 के बाद ही की जा सकती है जब चंद्रयान-4 निर्धारित है।

## आरजी कर मामला

# जूनियर डॉक्टर अब गांव-गांव जाकर करेंगे प्रदर्शन

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अपनी सहकर्मी के साथ हुए बलात्कार और हत्या के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। जूनियर डॉक्टरों का संगठन पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) राज्य के शहरी इलाकों से आगे बढ़कर बंगाल के गावों में अपना आधार बढ़ाने की योजना बना रहा है। इस आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक देबाशीष हलदर ने कहा, जब तक बलात्कार और हत्या के मामले की जांच तार्किक निष्कर्ष पर नहीं पहुंच जाती और मामले में हमारी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

# हार पर कार्तिक, मांजरेकर ने किया कोच गंभीर का बचाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार की जिम्मेदारी सीनियर भारतीय खिलाड़ियों पर है जबकि पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि कोच गौतम गंभीर पर दोष मढ़ना अनुचित होगा।

भारत ने शनिवार को पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 113 रन से गंवा दिया, जिससे मेहमान टीम ने तीन मैच की सीरीज में 2–0 की विजयी बढ़त बना ली। इसके साथ ही भारत का 2012–13 में इंग्लैंड से हारने के बाद से घरेलू मैदान पर लगातार 18 टेस्ट सीरीज जीतने का सिलसिला भी खत्म हो गया।

दोनों मुकाबलों के दौरान सीनियर खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली बल्ले से संघर्ष करते रहे जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी भी कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई। कार्तिक ने कहा, ''हां। इसका (सीरीज में हार का) दोष





सीनियर खिलाड़ियों पर क्यों नहीं होना चाहिए? वे खुद को देखेंगे और कहेंगे, 'हम और क्या बेहतर कर सकते थे?' मुझे नहीं लगता कि वे इससे भाग रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप जीत का जश्न मना सकते हैं और प्रशंसक यह महसूस करते हैं कि वे कितने महत्वपूर्ण हैं तो जब हार होती है और आप पर हमला किया जाता है तो मुझे लगता है कि उनमें इसका सामना करने की हिम्मत होनी चाहिए।''

कार्तिक ने कहा कि सीनियर खिलाड़ी हार की जिम्मेदारी खुद लेंगे और स्वीकार करेंगे कि यह उनकी सर्वश्रेष्ठ सीरीज नहीं थी।

उन्होंने कहा, ''अगर आप उनमें से हर एक से व्यक्तिगत रूप से पूछें कि वे सीरीज के बारे में क्या सोचते हैं तो मुझे नहीं लगता कि वे पूरी टीम के प्रदर्शन के बारे में कुछ खास कह पाएंगे और उनसे यह पूछना उचित होगा कि भारत में टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है।''

कार्तिक ने कहा, ''मैं उनमें से प्रत्येक को व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। वे कहेंगे कि उनके लिए यह सर्वश्रेष्ठ सीरीज नहीं थी। फिर सवाल यह उठता है कि उन्हें बेहतर होने के लिए क्या करने की जरूरत है और यह एक मौजूदा सवाल है।''

भारत के दो टेस्ट मैच में रणनीति में चूक करने और बार–बार बल्लेबाजी के ढहने के बाद नए मुख्य कोच गौतम गंभीर भी आलोचनाओं के घेरे में आ गए है, लेकिन मांजरेकर ने इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज का समर्थन किया।

मांजरेकर ने कहा, ''मैं अब भी यही कहूंगा कि कोच का टीम पर सबसे कम प्रभाव होता है, आपके 11वें सबसे कमजोर खिलाड़ी से भी कम। वह मैदान पर पैर नहीं रखता, कप्तान वहां प्रभारी होता है, लेकिन आपको वॉशिंगटन सुंदर के चयन के लिए उनकी सराहना करनी होगी जो तुरंत हिट हो गया।'' मांजरेकर ने फॉर्म में चल रहे सरफराज खान से पहले ऑलराउंडर सुंदर को बल्लेबाजी के लिए भेजने के रोहित के 'अजीब' फैसले पर सवाल उठाया।

# न्यूजीलैंड ने भारतीय महिला टीम को दिया 260 रनों का लक्ष्य



भारतीय खिलाड़ी का विकेट लेने के बाद खुशी मनाती न्यूजीलैंड की खिलाड़ी।

**एजेंसी, अहमदाबाद**

कप्तान सोफी डिवाइन की अर्धशतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में रविवार को यहां भारत के खिलाफ नौ विकेट पर 259 रन बनाए।

डिवाइन ने 86 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने को मैडी ग्रीन (41 गेंदों पर 42) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाजों सुजी बेट्स (70 गेंदों पर 58 रन) और जॉर्जिया प्लिमर (50 गेंदों पर 41 रन) ने 16 ओवर के अंदर 87 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 165 रन बना लिए थे। क्रिज पर राधा यादव (40 रन) और साइमा ठाकोर (19 रन) खेल रही थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऊना का साहिल करेगा राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायसरी के 12वीं के छात्र साहिल ने राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया है। उसका चयन अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है। साहिल का स्कूल पहुंचने पर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। साहिल की यह सफलता स्कूल और जिला ऊना तथा हिमाचल के लिए गौरवान्वित करने वाली घटना है। प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह और स्टाफ ने साहिल को बधाई दी।

### क्वार्टर फाइनल में हारी मनिका बत्तरा

**नई दिल्ली।** स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्तरा क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ फ्रांस के मोंटपेलियर में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को मुकाबले में सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।



### फिल्स को हराकर शेल्टन स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में

**बासेल (स्विट्जरलैंड)।** बेन शेल्टन ने सेमीफाइनल में अपने युगल जोड़ीदार फ्रांस के आर्थर फिल्स को हराकर स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई, जहां उनकी भिड़ंत एक अन्य फ्रांसीसी खिलाड़ी जियोवानी एमपेतशी पेरिकार्ड से होगी। छठे वरीय शेल्टन ने 7वें वरीय फिल्स को सेमीफाइनल में 6-3, 7-6 से हराया। शेल्टन टाईब्रेक में 3-6 से पिछड़ रहे थे, लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहे। पिछले महीने शेल्टन को फिल्स ने टोक्यो में क्वार्टर फाइनल में हराया था, लेकिन यहां अमेरिकी खिलाड़ी ने जीत के साथ सोमवार को जारी होने वाली विश्व रैंकिंग में शीर्ष-20 में वापसी सुनिश्चित की। अभी उनकी विश्व रैंकिंग-23 है। पेरिकार्ड ने भी सेमीफाइनल में चौथे वरीय होल्गर रूने को 7-6, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

### सीबी बेन्सन और रीना मनोहर ने कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन जीती

**कोच्चि।** केरल के सीबी बेन्सन और रीना मनोहर ने कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन 2024 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। बेन्सन ने 42.2 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे 42 सेकेंड में तय की।महिलाओं में रीना ने 04:50:06 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। मैरी जोशी (04:53:59) और निलीना बाबू (04:54:32) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

### टेनिस : केरेन खचानोव ने डि मिनोर को हराकर किया उलटफेर



**विएना।** केरेन खचानोव ने उलटफेर करते हुए दूसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर को सीधे सेट में हराकर एर्स्टे बैंक टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते अल्माटी में खिताब जीतने वाले खचानोव ने डि मिनोर को सेमीफाइनल में 6-2, 6-4 से हराया। खचानोव की नजरें अब करियर के 8वें और साल के तीसरे एटीपी खिताब पर टिकी हैं। खचानोव रविवार को होने वाले फाइनल में 7वें वरीय ब्रिटेन के जैक ड्रैपर से भिड़ेंगे, जिन्होंने अंतिम-4 के मुकाबले में इटली के लोरेंजो मुसेटी को सीधे सेट में 6-2, 6-4 से शिकस्त दी।

# सेंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी उजागर की : साइमन

**एजेंसी, पुणे**

न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने टेस्ट सीरीज में भारत की हार के लिए उसके बल्लेबाजों की स्पिन गेंदबाजी को खेलने की कमजोरी को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन उन्होंने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चुका हुआ मानने से इनकार कर दिया।

बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के 13 विकेट की मदद से कीवी टीम ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 113 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त हासिल की।

डूल ने कहा,''यह गलत धारणा है कि भारतीय बल्लेबाज स्पिन के बेहतर खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि उनके पास बेहतर स्पिनर हैं और वे विपक्षी बल्लेबाजों की कमजोरी को उजागर करने में सक्षम हैं, लेकिन इस टेस्ट (पुणे) में



मिशेल सेंटनर ने शानदार प्रदर्शन करके उनके बल्लेबाजों को थोड़ा बेनकाब कर दिया।'' डूल ने कहा कि न्यूजीलैंड का स्पिन आक्रमण विश्व स्तरीय नहीं है और उनके सामने भारतीय बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा,''मुझे लगता है कि आपको इस तरह के अच्छे विकेटों पर खेलने की आदत हो जाएगी, लेकिन जब पिच टर्न लेना शुरू करती है तो आपकी कमजोरी उजागर हो जाती है। भारत लंबे समय तक टर्निंग विकेट पर खेलता रहा है। उसके पास अब भी रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं।''

डूल ने कहा,''उनके गेंदबाज अन्य टीमों को कम स्कोर पर आउट करने में सक्षम हैं, लेकिन इस टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया जबकि हमारी टीम के पास विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण नहीं है। इसलिए यह भारत के लिए किसी हद तक चिंता का विषय होगा।''

वर्तमान सीरीज में कोहली का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा यह अनुभवी बल्लेबाज अभी तक चार पारियों में तीन बार स्पिन गेंदबाजों का शिकार बना। डूल ने हालांकि पूर्व भारतीय कप्तान की फॉर्म को ज्यादा तवज्जो नहीं दिया।

# मोदी ने लाइव शतरंज रेटिंग में एरिगेसी के 2800 अंक पार करने की सराहना की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को 'अभूतपूर्व उपलब्धि' बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा।



पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 14 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई! यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है।''

उन्होंने कहा, ''एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।''

# शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका : एंड्रयू मैकडोनाल्ड

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी।



शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई, जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।

मैकडोनाल्ड ने कहा,''मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है, जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खेलगी।''

भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे।''

मैकडोनाल्ड ने कहा,''लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है।''

## किनवेन झेंग ने टोक्यो में खिताब जीता



**टोक्यो।** चीन की शीर्ष वरीय किनवेन झेंग ने अमेरिका की वाइल्डकार्डधारी सोफिया केनिन को 7–6 (5), 6–3 से हराकर टोरे पैन पैसिफिक ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में जगह बनाई।

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पर एक घंटे 52 मिनट में मिली जीत के दौरान 16 ऐस लगाए और सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया।

इस साल यह 22 वर्षीय झेंग का तीसरा खिताब है और पिछले साल हांग्झोउ में जीतने के बाद हार्डकोर्ट पर यह उनका पहला खिताब है। डब्ल्यूटीए फाइनल दो नवंबर को सऊदी अरब के रियाद में शुरू होगा।

# भारत को जापान पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में 24 पदक

**एजेंसी, टोक्यो**

शिवराजन सोलईमलई और सुकांत कदम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को जापान पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 24 पदक जीते। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक जीते। शिवराजन को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल में सुदर्शन श्रवणकुमार मुथुसामी के साथ मिलकर खिताब जीता।

सुकांत ने पुरुष एकल (एसएल4) में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल (एसएल3–एसएल4) में दिनेश राजैया के साथ मिलकर रजत पदक जीता। उन्होंने एकल फाइनल में साथी भारतीय खिलाड़ी तरुण को 21–12, 21–10 से हराया। नवीन शिवकुमार और सूर्यकांत यादव को कांस्य पदक मिले।

पुरुष युगल फाइनल में सुकांत और दिनेश को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन जोड़ी के खिलाफ 5–21, 22–20, 16–21 की हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

अन्य स्पर्धाओं में मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश ने एसएल3 फाइनल में जापान के डाइसुके फुजिहारा के खिलाफ करीबी मुकाबले में 16–21, 21–18, 19–21 की हार से रजत पदक जीता।



सुकांत कदम

महिलाओं के एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास ने जापान की मामिको टोयोडा को 21–12, 21–18 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जबकि नीरज को महिलाओं के एसएल3 वर्ग में कोरालिन बर्गेरॉन से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एसएल3–एसयू5 वर्ग की मिश्रित युगल स्पर्धा में सूर्यकांत यादव के साथ नीरज दूसरे स्थान पर रहीं।

पुरुष युगल एसयू5 वर्ग में हार्दिक मक्कड़ और आर रघुपति ने स्वर्ण पदक जीता जबकि देव राठी और इंडोनेशिया के बार्तलोमेज मरोज ने रजत पदक हासिल किया। हार्दिक और रघुपति ने पुरुष एकल एसयू5 वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

पुरुष युगल डब्ल्यूएच1–डब्ल्यूएच2 वर्ग में अबु हुबेदा और प्रेम कुमार ने कांस्य पदक जीता जबकि अल्फिया जेम्स ने महिला एकल डब्ल्यूएच2 वर्ग में रजत पदक हासिल किया।

## फुटबॉल

### ला लीगा में विलारीयाल ने वेलाडेलिड को 2–1 से दी मात

# बार्सीलोना ने रीयाल मैड्रिड को 4–0 से हराया

**एजेंसी, बार्सीलोना**

रॉबर्ट लेवानदोवस्की के दो गोल की मदद से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल मैड्रिड पर 4–0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लीगा में 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। टीम 2017–18 में बनाए बार्सीलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई।

कार्लो एंकेलोटी की टीम की पिछले साल 23 सितंबर से ला लीगा में यह पहली हार है। पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद लेवांदोवस्की (54वें और 56वें मिनट) ने तीन मिनट में दो गोल दागकर बार्सीलोना को 2–0 की बढ़त दिलाई।

लेमिन यमाल (77वें मिनट) और राफिन्हा (84वें मिनट) ने भी इसके बाद गोल दागकर बार्सीलोना की आसान जीत सुनिश्चित की। अन्य मुकाबलों में विलारीयाल ने वेलाडेलिड को 2–1 से हराया जबकि रेयो वालेकानो और लास पालमास ने एल्वेस और गिरोना को 1–0 के समान अंतर से शिकस्त दी।



रीयाल मैड्रिड के खिलाफ मैच जीतने के बाद खुशी मनाते बार्सीलोना के खिलाड़ी।

## ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को तीन सेकंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड

**साओ पाउलो।** ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रूजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी, जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रूजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रूजेइरो को इस मैच में 0–3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# लुईस के शतक से वेस्टइंडीज ने अंतिम वनडे में श्रीलंका को हराया

**एजेंसी, पाल्लेकल**

एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ–लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया।



एविन लुईस

श्रीलंका ने 2–1 से वनडे सीरीज जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना 5वां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा।

श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे, लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की।

श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनों सलामी बल्लेबाजों पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर में 81 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई।